धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

वनडे और टी20 टीम के कोच पद से दिया इस्तीफा, गैरी कर्स्टन ने छोड़ा पाकिस्तान का साथ -11

महाराष्ट्र की माहिम सीट पर तीन सेनाओं के बीच भिड़ंत, कितनी चुनौती दें पायेंगे...

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, उत्तर फाल्गुनी, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 29 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 318 • पृष्ठ 12

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
	
₹ 79,800	₹98,000

आज का इतिहास

- **1985 : मुक्केबाजी में भारत को पहला ओलंपिक पदक दिलाने वाले बॉक्सर विजेंद्र सिंह का जन्म हुआ।**
- **1999 : भारत के पूर्वी तट पर 250 किमी की रफ्तार से आये महातूफान से करीब 150 लोगों की जान गई और पांच लाख लोग प्रभावित हुए।**

न्यूज बाइट्स

जम्मू-कश्मीर के अखनूर में तीन आतंकी ढेर

जम्मू कश्मीर (ए.)। जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सोमवार को सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया। सुबह 7:26 बजे लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास भट्टल इलाके में इन आतंकियों ने आर्मी एंबुलेंस पर फायरिंग की थी। हालांकि इसमें जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। आतंकी फायरिंग के बाद जंगल की ओर भाग गए थे। सेना ने इलाके को घेर कर सर्च ऑपरेशन चलाया। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया गया। इससे पहले 24 अक्टूबर को बारामूला में सेना की गाड़ी पर आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें 3 जवान और 2 पोर्टर की जान गई थी।

बीजेपी ने 25 उम्मीदवारों की तीसरी सूची की जारी

नई दिल्ली (ए.)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए जारी ताजा सूची में बीजेपी ने मुर्तिजापुर से हरीश मारोतिअप्पा पिंपले को मैदान में उतारा है। जबकि कारंजा से सई प्रकाश डहाके को टिकट दिया है। तेओसा से राजेश श्रीराम वानखेड़े चुनाव लड़ेंगे। मोर्शी से उमेश चंदू आत्मारामजी यावलकर को पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है।

25 नवंबर से बिहार विधानसभा का शीतकालीन सत्र

नई दिल्ली (ए.)। पटना। बिहार विधानसभा का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होगा। जो 29 नवंबर तक चलेगा। कुल पांच बैठकें होंगी। विधानमंडल की ज्वाइंट सेशन सुबह 11:30 बजे शुरू होगी। पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण से इसकी शुरुआत होगी।सप्लीमेंट्री बजट सदन के पटल पर रखा जाएगा। संसदीय कार्य विभाग ने सोमवार की शाम इसकी अधिसूचना जारी की है। शीतकालीन सत्र के दूसरे और तीसरे दिन यानी 26 और 27 नवंबर को नए विधायक पेश किए जाएंगे। चर्चा के बाद इसे पारित किया जाएगा। जबकि, 28 नवंबर को वित्तीय वर्ष 2024-25 के सेकंड सप्लीमेंट्री बजट पर चर्चा होगी। चर्चा के बाद इसे ध्वनि मत से पारित कराया जाएगा। अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प पर चर्चा होगी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मानसून सत्र से नदारद थे।

आयुर्वेद दिवस पर कई नई स्वास्थ्य पहलों की शुरुआत, डिजिटल टीकाकरण और ड्रोन सेवाओं का होगा उद्घाटन

आज पीएम धन्वंतरि जयंती पर 12850 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ और उद्घाटन

एजेंसी | नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में धन्वंतरि जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े 12,850 करोड़ रुपये से अधिक की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी विशेष रूप से आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार की घोषणा करेंगे। इसके साथ ही, वे देश के पहले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के चरण-द्वितीय का उद्घाटन करेंगे, जिसमें एक अत्याधुनिक पंचकर्म अस्पताल, आयुर्वेदिक फार्मेसी, खेल चिकित्सा इकाई, केंद्रीय पुस्तकालय और 500 सीटों वाला ऑडिटोरियम शामिल है।

स्वास्थ्य सेवाओं में प्रौद्योगिकी का समावेश बढ़ाते हुए, प्रधानमंत्री 11 तृतीयक स्वास्थ्य संस्थानों में ड्रोन सेवाओं की शुरुआत करेंगे। यह ड्रोन तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं की वितरण क्षमता को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

स्वास्थ्य सेवा को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से, प्रधानमंत्री कई डिजिटल पहलों की शुरुआत करेंगे। इनमें से एक 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' होगा, जो नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित होगा। इसके अंतर्गत, प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के लिए जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर राज्य-विशिष्ट कार्य योजनाएं भी लागू की जाएंगी।

प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के मंदसौर, नीमच और सिवनी में तीन नए मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन करेंगे, जबकि अन्य राज्यों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसमें हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, असम और नयी दिल्ली के विभिन्न एम्स शामिल हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक सरकारी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे, और ओडिशा के बरगढ़ में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का भी शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री के इन प्रयासों से लगभग 55 लाख ईएसआई लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी।

स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री ओडिशा के भुवनेश्वर में केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन करेंगे, और छत्तीसगढ़ तथा ओडिशा में योग और प्राकृतिक चिकित्सा के केंद्रीय अनुसंधान संस्थानों की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री मेक इन इंडिया पहल के तहत भी कई नई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे, जिनमें चिकित्सा उपकरणों और दवाओं के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन योजनाएं शामिल हैं। ये परियोजनाएं न केवल स्वास्थ्य सेवा में सुधार करेंगी, बल्कि देश में आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देंगी।

प्रधानमंत्री के इन कदमों से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ करने और नागरिकों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए एक नई दिशा मिलेगी।

यू-विन पोर्टल का करेंगे शुभारंभ

इसके अलावा, प्रधानमंत्री यू-विन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे, जो गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए टीकाकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाएगा, जिससे उन्हें समय पर जीवन रक्षक टीकों का लाभ मिल सकेगा।

आज नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 51,000 से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे और रोजगार मेले को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को यहां बताया कि श्री मोदी ये नियुक्ति पत्र वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वितरित करेंगे। रोजगार मेला रोजगार सृजन को प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए सार्थक अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाएगा। देश भर में 40 स्थानों पर रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नए कर्मचारी केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों, जैसे राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय आदि शामिल होंगे। नये कर्मचारियों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल 'कर्मयोगी प्रारम्भ' के माध्यम से आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर 1400 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं जो नई भर्तियों को अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में काम करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करेंगे।

छठ की वजह से फ्लाइट्स 4 गुना तक महंगी

दिवाली पर दिल्ली से पटना का किराया 24 हजार

निज संवाददाता | पटना

दीवाली और छठ पर बिहार आने वाले लोगों के लिए परेशानी बढ़ सकती है। एक तरफ बिहार आने वाली सभी ट्रेनों में सीटें फुल हैं, तो वहीं एयरलाइंस कंपनियों ने फ्लाइट का किराया पांच गुना तक बढ़ा दिया है। 31 अक्टूबर को दिल्ली से पटना का किराया 23,877 रुपए तक पहुंच गया है, यह सामान्य दिनों से चार गुना है। जबकि, उस दिन दुबई से पटना का किराया 18,111 रुपए है।

वहीं, छठ से ठीक एक दिन पहले 6 नवंबर को दुबई से पटना के फ्लाइट का किराया 15,906 रुपए, जबकि दिल्ली से पटना का 17,191 रुपए तक है। मुंबई से पटना का किराया 28 हजार तक पहुंच गया है। बेंगलुरु, हैदराबाद और दूसरे शहरों से भी पटना का किराया दोगुना से अधिक है।

हालांकि, भारतीय रेलवे ने फेस्टिव सीजन में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए 100 स्पेशल ट्रेनों के चलाने का फैसला किया है। दिल्ली से 65 स्पेशल ट्रेन प्रतिदिन चलेगी। इसके लिए पटना जंक्शन, दानापुर स्टेशन और राजेंद्र नगर टर्मिनल पर अतिरिक्त बुकिंग काउंटर खोले जाएंगे। अभी पटना जंक्शन पर 4, दानापुर में 3 और राजेंद्र नगर टर्मिनल पर 2 काउंटर खोलने का निर्णय लिया गया है। जरूरत पड़ने पर काउंटर को बढ़ाया जा सकता है। पटना एयरपोर्ट पर 26 अक्टूबर तक यहां से 33 जोड़ी विमानों का ऑपरेशन हो रहा था, लेकिन अब यहां से 49 जोड़ी फ्लाइट्स का विंटर शेड्यूल जारी किया गया है। 12 नवंबर से विस्तारा की दो फ्लाइट एयर इंडिया में मर्ज हो जाएंगी। 11 नवंबर से विस्तारा बंद हो जाएगी। इस बीच इंडिगो ने 6 और स्पाइसजेट ने 10 नई जोड़ी फ्लाइटें शुरू की हैं। स्पाइसजेट की 9 जोड़ी फ्लाइटें 15 नवंबर तक ही ऑपरेट होंगी। पटना एयरपोर्ट का नया टर्मिनल नए साल तक तैयार हो जाएगा।

अधिक किराया वसूलने को लेकर फ्लाइट बढ़ाई

दीपावली और छठ में पटना आने वाले और यहां से जाने वाले यात्रियों से अधिक किराया वसूलने के लिए ही इंडिगो और स्पाइसजेट ने 27 अक्टूबर से 16 जोड़ी और विमानों का ऑपरेशन शुरू कर दिया। पहले पटना एयरपोर्ट से 33 जोड़ी विमानों का ऑपरेशन होता था, लेकिन रविवार से 49 जोड़ी हो गया। यात्रियों को लगा था कि विमानों की तादाद बढ़ने से किराए में कमी होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

मंथन कला परिषद द्वारा दीपावली में पटाखा नहीं छोड़ने के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित कर किया गया जागरूक

निज संवाददाता | खगौल (पटना)

पटाखे के विस्फोट से उत्पन्न तीव्र आवाज और धुआं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है पटाखे से सल्फर, कार्बन लौह तत्व और आर्सेनिक निकलते हैं जो लोगों को बीमार बना रहे हैं आदि विषय पर रविवार को बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के सौजन्य से मंथन कला परिषद के कलाकारों द्वारा सारण जिला के छपरा सदर प्रखंड के सलेमपुर चौक, पत्थर बाजार मोना चौक, गांधी चौक, स्लम बस्ती बिचली तेलपा जगहों पर नुक्कड़ नाटक का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। नाटक में सारण में बढ़ते प्रदूषण से लोगों खासकर स्लम बस्ती के बीच नाटक प्रस्तुत कर उन्हे जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक 'पटाखे को कहें न' की प्रस्तुति किया गया। बड़ी तन्मयता से नाटक देखा और अंत में यह प्रतिज्ञा किया कि इस वर्ष दीपावली एवं अन्य त्योहार पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाएंगे। किसी भी प्रकार के पटाखों का प्रयोग नहीं करेंगे और दूसरों को भी प्रयोग नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे, नाटक के माध्यम से लोगों को आगाह किया गया कि दीपावली के दौरान छपरा में प्रदूषण का स्तर आम तौर पर हर साल खतरनाक तरीके से बढ़ जाता है, इस बार ऐसा न हो, क्योंकि अभी हम कोविड से पूरी तरह मुक्त नहीं हुए हैं थोड़ी सी असावधानी भयंकर रूप धारण कर सकता है।

बिहार संगीत नाटक अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष, मंथन कला परिषद के महासचिव वरिष्ठ रंगकर्मी प्रमोद कुमार त्रिपाठी द्वारा लिखित एवं निर्देशित इस नाटक में नीरज कुमार, शशि अमन कुमार, सोनू कुमार, दीनानाथ गोस्वामी, काजल कुमारी, श्यामाकांत अभिनय किया।

पीएम मुद्रा योजना के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी

पासबुक, एटीएम के साथ चार गिरफ्तार; 1.57 लाख कैश, लैपटॉप सहित मिले कई सामान

निज संवाददाता | नालंदा

नालंदा की कतरीसराय थाना की पुलिस ने एक बड़े साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्य प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और कुसुम योजना के नाम पर लोगों से लाखों रुपए की ठगी कर रहे थे। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर की गई कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर के नेतृत्व में कतरीसराय थाना की टीम ने ग्राम एहियाचक से देवजीत कुमार उर्फ देवा, चिराग पासवान, विक्की साव और मनोज कुमार को गिरफ्तार किया। एक नाबालिग भी पकड़ाया है, जबकि तीन आरोपी फरार हो गए। छापेमारी में पुलिस ने साइबर ठगी में प्रयुक्त छह लैपटॉप, नौ एंड्रॉयड मोबाइल, 14 कीपैड मोबाइल, एक प्रिंटर मशीन, तीन एटीएम कार्ड, 1.57 लाख रुपए कैश, दो पासबुक, एक चेक बुक और ग्राहकों के मोबाइल नंबरों वाली 9 कॉपियां बरामद की है। जांच में पता चला है कि गिरोह के सदस्य सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन जारी कर लोगों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत आसान लोन और कुसुम योजना के अंतर्गत सस्ते सोलर पंप उपलब्ध कराने का झांसा देते थे।

जेईई मेंस के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

नई दिल्ली(ए.)। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स 2025 सत्र 1 और सत्र 2 के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। आधिकारिक नोटिफिकेशन jeemain.nta.nic.in और nta.ac.in पर देखा जा सकती है। शेड्यूल के मुताबिक रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी आज 28 अक्टूबर से शुरू कर दी गई है। इच्छुक व योग्य उम्मीदवार जेईई मेंस 2025 सत्र 1 के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन लिंक 22 नवंबर रात 11 बजकर 50 मिनट तक एक्टिव रहेगा। जेईई मेंस परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 28 अक्टूबर से 22 नवंबर तक चलेगी। परीक्षा 22 जनवरी से 31 जनवरी 2025 के बीच आयोजित की जाएगी। इसके लिए अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड परीक्षा से तीन दिन पहले उपलब्ध कराए जाएंगे।

एनडीए की महामीटिंग में मुख्यमंत्री ने दिया चुनावी मंत्र

सीएम ने आरजेडी के शासनकाल की अंधकार की दिलाई याद, 220 सीटों का लक्ष्य रखा

निज संवाददाता | पटना

बिहार में 4 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव से पहले सोमवार को एनडीए की महाबैठक हुई। इस मीटिंग में राज्य में एनडीए के सभी विधायक, एमएलसी शामिल रहे। इसके अलावा सांसद, केंद्रीय मंत्री आदि भी मौजूद रहे। जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने मीटिंग के बाद कहा कि नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ ही रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने भाजपा के साथ ही बने रहने की बात कही है। झा ने कहा कि नीतीश कुमार के मुताबिक भाजपा हम आजमा चुके हैं। वह हमारी पुरानी साथी है। इसलिए उसके ही साथ रहना है। इस दौरान उन्होंने विधानसभा चुनाव में 220 से ज्यादा सीटें हासिल करने का भी टारगेट रखा। इसके साथ ही नीतीश कुमार ने एनडीए के सभी नेताओं से अपील की है कि वे जनता के बीच जाकर बताएं कि आरजेडी के शासनकाल में बिहार में कैसा अंधकार युग था। उन्होंने कहा कि आप जनता को बताएं कि 2005 में नीतीश कुमार के आने के बाद से राज्य में कैसे विकास को गति मिली है। संजय झा ने कहा कि सीएम ने एनडीए के सभी नेताओं से मिलकर काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि आप लोग हर स्तर पर जाएं और एक आवाज में बिहार की ग्रोथ की बात करें। पहली पीढ़ी के वोटर्स को बताएं कि राज्य में कैसे विकास हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आप लोग मुस्लिम समुदाय के लोगों को बताएं कि आरजेडी के राज में कैसे अशांति होती थी और सांप्रदायिक सद्भाव नहीं था। नीतीश कुमार ने कहा कि हमने समाज के सभी वर्गों के लिए काम किया है। मुस्लिमों को भी सरकार की अलग-अलग स्कीमों का लाभ मिला है। नीतीश कुमार ने कहा कि हमने हजारों कब्रिस्तानों की चारदीवारी कराई। 60 साल पुराने मंदिरों का निर्माण कराया। समृद्धि वहीं होती है, जहां शांति रहती है। हमने राज्य में कानून का शासन स्थापित करने का प्रयास किया है। नए मतदाताओं को पता होना चाहिए कि एनडीए के राज में कैसे तेजी से प्रगति हुई है।

शारदा सिन्हा के स्वास्थ्य की सीएम ने ली जानकारी

पटना(नि.सं.)। दिल्ली एम्स में भर्ती पद्मभूषण शारदा सिन्हा की हालत फिलहाल स्थिर है। बीते दिनों अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली एम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। बिहार सरकार शारदा सिन्हा के स्वास्थ्य को लेकर काफी चिंतित है। खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लोक गायिका के हेल्थ की पल-पल की अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली में बिहार के रेसिडेंट कमिश्नर से बात कर उन्हें निर्देश दिया है कि शारदा सिन्हा के इलाज में किसी तरह की कोई कोताही नहीं होनी चाहिए।

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

916 /916

अलंकार ज्वेलर्स

ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद (बिहार)

हॉलसेल डीलर 750/916 हॉलमार्क ज्वेलरी एंड डायमंड ज्वेलरी के निर्माता एवं विक्रेता

प्रो. संजय कुमार

Mob:. 9431270556, 9031516987

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

माँ दुर्गा पेन्ट एण्ड हार्डवेयर

एम.जी. रोड, औरंगाबाद

asianpaints

एशियन पेन्ट, वाल पुट्टी एवं पेन्ट संबंधी अन्य सामग्री के विक्रेता

नोट : हमारे यहां मशीन से पेन्ट का कलर तैयार किया जाता है।

प्रो. विजेन्द्र कुमार सिंह

मो . 8873847463

पूजा में बिहार आ रहे प्रवासियों को बीमा योजना से जोड़ने की तैयारी

छठ घाटों पर कैंप लगाकर बनेगा आयुष्मान कार्ड

निज संवाददाता | पटना

बिहार में छठ पूजा के दौरान घर लौट रहे प्रवासियों और अब तक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से नहीं जुड़ सके लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए छठ पर्व के प्रमुख घाटों पर कैंप लगाया जाएगा। राज्य सरकार ने 26 अक्टूबर से ही पटना, राजेंद्र नगर, पाटलिपुत्र और दानापुर रेलवे स्टेशन समेत बस स्टैंड पर आयुष्मान कार्ड बनाने का कैंप चालू कर दिया है जो 8 नवंबर तक काम करेगा। अब राज्य सरकार ने 4 नवंबर से 8 नवंबर तक

प्रमुख छठ घाटों पर भी इस तरह का कैंप लगाने का फैसला किया है। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि इन कैंप से हर रोज 500 कार्ड बनाया जा सके। सरकारी सूत्रों के अनुसार प्रमुख छठ घाट पर पांच कैंप लगेंगे जबकि हर ग्राम पंचायत में एक कैंप लगेगा। इस कैंप के जरिए आयुष्मान भारत योजना के बारे में जनजागरण के साथ-साथ ऑन स्पॉट कार्ड बनाने की सुविधा दी जाएगी। इस कार्ड से कवर होने वाले परिवारों को पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिलता है। अस्पतालों के इतने रुपये तक के बिल का भुगतान सरकार करती है। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के द्वारा संचालित इन कैंपों का शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने उद्घाटन किया था। समिति ने एक बयान में कहा है कि विभाग की सोच है कि दिवाली और छठ पर अपने घर लौट रहे उन प्रवासी मजदूरों को आयुष्मान योजना का लाभ लेने के लिए कार्ड दिया जाए, जिन्होंने अब तक इसे नहीं बनवाया है। समिति ने बताया कि योजना के प्रचार-प्रसार के लिए हर पंचायत में माइक से घोषणा करवाई जा रही है।

बिहार ने लगभग 1.50 करोड़ परिवार के 3.57 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड जारी किया है। बिहार में 1.79 करोड़ परिवारों के लगभग 8 करोड़ से ज्यादा लोग इस योजना का लाभ लेने के योग्य हैं। इस साल अभी तक 2.70 करोड़ कार्ड बनाया जा चुका है। बिहार के 586 सरकारी और 435 प्राइवेट अस्पताल इस योजना के तहत निर्धारित राशि तक मरीजों का मुफ्त इलाज करते हैं।

संक्षिप्त समाचार

सौरव राज को जिलाध्यक्ष बनाने का निर्णय

बोधगया। बोधगया स्थित अंतरराष्ट्रीय साधना केंद्र में रविवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला कमिटी का समीक्षा बैठक किया गया। इसमें सर्वसम्मति से सौरव राज को भीम आर्मी गया जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष अमर ज्योति के द्वारा घोषित किया गया। सौरव राज भीम आर्मी के वही नेता हैं जिनके नेतृत्व में 10 जनवरी को गया जिला पुलिस प्रशासन के खिलाफ आंदोलन हुआ था। जिसमें सौरव राज के साथ 19 अन्य लोगो को जेल भेजा गया था। सौरव राज ने कहा कि भीम आर्मी को जिला के सभी गांवों तक पहुंचाएंगे।

जगजीवन कॉलेज में नशा मुक्ति पर क्षमता निर्माण पर कार्यशाला

मानपुर। जगजीवन कॉलेज के बीबीए सभागार में नेहरू युवा केंद्र द्वारा नशामुक्ति पर क्षमता निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुए। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उप प्राचार्य डॉ दीनानाथ,सुरेंद्र कुमार तिवारी, पशुपतिनाथ एवं प्रदीप कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उप प्राचार्य ने कहा कि भारत युवाओं का देश माना जाता है। विभिन्न आंकड़ों से जानकारी मिलता है कि देश में दस करोड़ से ज्यादा युवा नशे के गिरफ्त में है। जो चिंतनीय है।प्रति वर्ष लगभग तीन हजार युवाओं की मौत नशे के कारण हो रहा है। वही युवा केंद्र के श्री तिवारी ने कहा कि नशे से बचने के लिए युवाओं को सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोड़ना होगा। स्कूल, कॉलेजों,नेहरू युवा केन्द्र, विश्वविद्यालयों में एनसीसी स्काउट्स, एनएसएस तथा रेडक्रॉस की गतिविधियों से जोड़ कर समाज को जागृत करना पड़ेगा।

अलग-अलग मामले में दो अभियुक्त हुए गिरफ्तार

डुमरिया। डुमरिया थाने की पुलिस ने अलग-अलग मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के मटहा निवासी सीतल मिस्त्री एवं बोधि बिगहा थाना क्षेत्र के महुड़ी निवासी अरबिंद पासवान को गिरफ्तार किया है। वहीं इस संबंध में खबर की पुष्टि करते हुए डुमरिया थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि अलग-अलग मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं शराब धंधेबाजों की धड़पकड़ को लेकर कार्रवाई की जा रही है।

बदमाश ने पुलिस पर की फायरिंग,3 घंटे हथियार लहराता रहा, नालंदा में पिता-बेटा गिरफ्तार

नालंदा। नालंदा के रहुई थाना क्षेत्र के रहुई बाजार में रविवार को एक युवक ने न सिर्फ पुलिस पर फायरिंग की बल्कि 3 घंटे तक छत पर चढ़कर हथियार लहराता रहा। पुलिस सरेंडर करने की बात कहती रही, लेकिन उनकी अपील का युवक पर कोई असर नहीं पड़ा। बदमाश बीरबल साव का पुत्र शंकर कुमार है। वहीं, पुलिस ने चार घंटे बाद घर से आरोपी शंकर को पकड़ लिया है। साथ ही एक कट्टा और 4 कारतूस बरामद किया है। बताया गया कि रविवार को बीरबल अपने भाई बिहारी साव से पुराने विवाद को लेकर झगड़ा कर रहा था। बिहारी साव की पत्नी का झगड़े में सिर फट गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। करीब डेढ़ महीना पहले लुधियाना में बीरबल के बेटे राजा का संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। परिवार का आरोप है कि उसकी हत्या हुई थी, जिसमें उसके चचेरे भाई का हाथ है। इसी बात को लेकर पिछले कुछ समय से बिहारी साव के साथ झगड़ा चल रहा था। हालांकि लुधियाना से जो पुलिस रिपोर्ट आई थी। उसमें नशे के कारण मौत की बात सामने आई थी। रविवार को झगड़े की सूचना पर रहुई थाना की पुलिस बदमाश के घर के पास पहुंची। तभी उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिससे मौके पर भगदड़ मच गया। घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई। आधा दर्जन थाना की पुलिस को मौके पर बुलाया गया। करीब तीन घंटे तक पुलिस ने बदमाश को पकड़ने की कोशिश की। फिर चार घंटे के बाद उसे घर से पकड़ लिया है। वहीं, उसके पिता बीरबल साव को पुलिस ने पकड़ लिया था। सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में यह पूरा ऑपरेशन चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब तीन से चार राउंड फायरिंग हुई है। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई है। वहीं, मौके पर एसपी भारत सोनी पहुंचे थे।

टूरिस्ट होते हैं ब्रांड एंबेसडर, स्वच्छता से हम उन्हें आकर्षित कर सकते हैं

बोधगया। टूरिस्ट ही ब्रांड एंबेस्डर होते हैं। जब कोई विदेशी पर्यटक हमारे देश में आते हैं, तो यहां की स्वच्छता के स्तर को देखकर वह अपने दिमाग में इस क्षेत्र के विषय में अपनी छवि तैयार करते हैं। इसी छवि द्वारा ही विभिन्न देशों से आने वाले पर्यटकों की संख्या घट या बढ़ भी सकती है। स्वच्छता या तो वह निजी हो या स्थानीय हो यह हमेशा हर किसी के दिमाग में सर्वोपरि होना चाहिए। कोई भी पर्यटक इन्हीं स्वच्छता के मापदंडों के हिसाब से ही अपने अनुभवों का संपादन अपने दिल और दिमाग में करता है। इसे ध्यान में रखते हुए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के देशव्यापी कार्यक्रम, 'स्वच्छता एक्शन प्लान' के अंतर्गत बिहार के प्राचीन शहर गया में 60 टूरिज्म स्टेकहोल्डरों के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी के संचालन

हेतु होटल मैनेजमेंट संस्थान, हाजीपुर को नामित किया गया था। संस्थान के दो व्याख्याता संदीपन सांकृत्यायन एवं नीरज कुमार ने बोधगया स्थित एक होटल के सभागार में 60 लोगों को इस संदर्भ में जानकारी दी। स्वच्छता पर गंभीरता की है जरूरत : संदीपन एवं नीरज कुमार ने अपने कई अनुभवों को इस मंच पर साझा किया और बताया कि किस प्रकार हमारे ही देश में तिरुपति या सिक्किम स्वच्छता के क्षेत्र में नए मापदंड स्थापित कर चुके है और हम क्यों आज भी उनके पीछे है। जरूरत है तो इस विषय को गंभीरता से लेने की ताकि बिहार भी उन अग्रणी पर्यटन स्थलों के नजदीक पहुंच सके। यह कार्यक्रम होटल मैनेजमेंट संस्थान हाजीपुर के प्राचार्य पुलक मंडल के दिशा निर्देश पर गया में आयोजित किया गया था। प्राचार्य पुलक मंडल ने अपने संदेश में कहा कि इस गोष्ठी का दूरगामी प्रभाव आने वाले समय में गया एवं बोधगया के क्षेत्र में देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में होटल आनंद इंटरनेशनल के निदेशक राम नरेश प्रसाद, महाप्रबंधक प्रसाद कुमार और आनंद कुमार एवं जनरल मैनेजर मृत्युंजय कुमार राय सहित अन्य नामचीन होटल के भी कई कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में यह कहा कि ऐसे कार्यक्रम को बढ़ावा देना चाहिए।

जिले में महुआ के फूल से बनेंगे लड्डू

गया। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ व मध्यप्रदेश की तर्ज पर अब गया में भी महुआ के फूल से लड्डू का निर्माण होगा। जंगल में रहने वाली महिलाएं इसका निर्माण करेंगी। इसके लिए एक मशीन जंगल में इंस्टॉल होगा। वन विभाग की इस पहल से खासकर अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को आजीविका का एक बेहतर साधन मिलेगा। इस संदर्भ में वन प्रमंडल पदाधिकारी

शशिकांत कुमार ने बताया कि सूबे में महुआ प्रतिबंधित है, पर गया के जंगल में महुआ के पेड़ों की संख्या काफी अधिक है। महुआ के पेड़ जंगल में रहने वाले लोगों के आजीविका का एक बड़ा साधन है। इस वजह से वन विभाग अब महुआ के फूल से लड्डू का निर्माण करेगा। छतीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में महुआ के फूल से बने लड्डू की डिमांड काफी है। इस वजह से गया में भी पहली बार महुआ के फूल से लड्डू निर्माण की पहल जल्द ही शुरू होने वाली है। आरोग्य महुआ लड्डू को जंगली महुआ फूल, देशी घी, गुड़, गोंद और अश्वगंधा से तैयार किया जाता है।

अशोक चौधरी के बयान पर भूमिहार समाज का आक्रोश, बेलागंज में JDU के बहिष्कार की चेतावनी दी

बोले-माफी मांगे नहीं तो चुनावों में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे

निज संवाददाता। गया

गया के नूतन नगर में भूमिहार समाज ने अशोक चौधरी के विवादित बयान के खिलाफ जमकर विरोध किया। समाज का कहना है कि बीते माह जहानाबाद में अशोक चौधरी ने एक बयान दिया था। उससे भूमिहार समाज के सम्मान पर चोट आई है। इसे समाज की ओर से बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरअसल, अशोक चौधरी ने जहानाबाद में सितंबर महीने में JDU के क्षेत्रीय कार्यालय के उद्घाटन के दौरान भूमिहार जाति पर तीखा बयान दिया था। उन्होंने कहा था मैं भूमिहार जाति को अच्छे से जानता हूं, जब लोकसभा चुनाव हुआ तो इस जाति के लोग नीतीश कुमार का साथ छोड़कर भाग गए। अशोक चौधरी ने आगे कहा था कि अगर किसी उम्मीदवार ने किसी के दरवाजे पर दो-तीन बार दस्तक दी तो भी वह खराब माना जाता है, जबकि अगर वही उम्मीदवार भूमिहार जाति का हो और उसने यह काम कभी न किया हो तो उसे अच्छा माना जाता है। अशोक चौधरी ने लोकसभा चुनाव में JDU के उम्मीदवार चंदेश्वर चंद्रवंशी को भूमिहार समुदाय का समर्थन न मिलने के संदर्भ में बात किए थे।

भूमिहार समाज से JDU वोट की उम्मीद न करें: इस विरोध में बेलागंज विधानसभा क्षेत्र के भूमिहार समाज ने जनता दल यूनाइटेड और अशोक चौधरी का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान आचार्य सत्येंद्र शर्मा, कुमार ओमकार, शक्ति सौरभ सिंह, पुष्कर शर्मा, आर्यन शर्मा, ज्ञानेश्वर शर्मा, दीपक भारद्वाज, वीर सिंह, धीरज शर्मा, ऋषभ शर्मा, ललन शर्मा और बबलू शर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर चेतावनी दी कि बेलागंज विधानसभा में JDU और अशोक चौधरी को अब भूमिहार समाज के वोट की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

समाज की अस्मिता पर हमला: समाज के नेताओं ने कहा कि अशोक चौधरी के दिए गए बयान समाज की अस्मिता पर हमला है। इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। समाज किसी से कोई मदद की आस नहीं रखता है। ऐसे में इस समाज को कोई छेड़ने की कोशिश नहीं करे।

माफी मांगने की बात कही: प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि यह विरोध अभी शुरुआती चरण में है। लेकिन अगर बयान पर माफी नहीं मांगी गई या रुख में बदलाव नहीं हुआ तो JDU को आगामी विधानसभा चुनावों में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इस विरोध के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि अब भूमिहार समाज अपने सम्मान के लिए किसी भी प्रकार का अपमान सहन नहीं करेगा।

क्रौंच द्वितीय ब्राह्मण सेवा समिति का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार शरीफ के मघड़ा गुफपर में सोमवार को एक ऐतिहासिक आयोजन ने समाज की एकजुटता का संदेश दिया। क्रौंच द्वितीय ब्राह्मण सेवा समिति का छठवां वार्षिकोत्सव और नालंदा जिला समिति का द्वितीय वार्षिक समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नालंदा, नवादा, गया, जहानाबाद और पटना से पधारे सैकड़ों क्रौंच द्वितीय ब्राह्मण परिवारों ने भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में समाज की एकता और प्रगति का मंथन किया गया। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष शांति सेन ने अपने संबोधन में कहा कि "2018 से निरंतर चल रही हमारी यात्रा समाज के उत्थान के लिए समर्पित है। हमारा प्रमुख लक्ष्य युवा पीढ़ी को शिक्षा और संस्कारों से समृद्ध करना है। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर दिव्यांगों, विधवाओं और प्रताड़ित परिवारों की सहायता के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुन्नालाल पांडे ने समिति की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। केंद्रीय कमेटी के सचिव दिलीप कुमार पांडे ने बताया कि समिति अब कई जिलों में सफलतापूर्वक कार्यरत है। कोषाध्यक्ष सुजीत पांडे ने समिति को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस वार्षिकोत्सव में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सामंजस्य स्थापित करने और सामुहिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कार्यक्रम में सचिन गौतम पांडे, राजकरण पांडे, बिपिन बिहारी पांडे, मिथिलेश पांडे, जयराम पांडे, रामकुमार पांडे सहित कई प्रमुख समाजसेवी उपस्थित थे।

दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

CUSB के गार्गी सदन गर्ल्स हॉस्टल में 'अद्वयम' आयोजित, छात्राओं ने बिखेरा कला का जलवा

निज संवाददाता। गया

गया में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के गार्गी सदन गर्ल्स हॉस्टल में सांस्कृतिक संध्या 'अद्वयम' का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्राओं ने अपने नृत्य और गीतों के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.कामेश्वर नाथ सिंह ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति लड़कियों की सफलता के बिना संभव नहीं है। हमें गर्व है कि विश्वविद्यालय की छात्राएं शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। कुलपति ने छात्राओं के सांस्कृतिक प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन हमेशा से छात्राओं के लिए बेहतर सुविधाओं की दिशा में प्रयासरत है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसका नेतृत्व गार्गी सदन गर्ल्स हॉस्टल की चीफ वार्डन रेणु ने किया। उन्होंने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत छठ पूजा के पारंपरिक गीत से हुई। जिसने पूरे माहौल को सजीव कर दिया। इसके बाद ओडिशा, बंगाल और अन्य प्रदेशों के लोकगीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हॉस्टल की मेस कमेटी, कल्चरल कमेटी और अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। धन्यवाद ज्ञापन वार्डन डॉ. नेहा शुक्ला और डॉ. प्रतिष्ठा सोनकर ने किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो.शांति गोपाल पाइन, डीएसडब्ल्यू प्रो.पवन कुमार मिश्रा, प्रॉक्टर प्रो. प्रणव कुमार, अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. विपिन कुमार और अन्य कई वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षक मौजूद थे। छात्राओं की प्रतिभा को देखकर सभी ने उनकी खूब प्रशंसा की और ऐसे आयोजनों को आगे भी बढ़ावा देने पर जोर दिया।

संदिग्ध परिस्थितियों में मिली हत्यारोपी की लाश

नालंदा। नालंदा में एक हत्या के आरोपी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला है। रविवार को इस्लामपुर थाना क्षेत्र के चंदनपुरा गांव के ईश्वरी खंधा में स्थानीय लोगों ने शव को पेड़ से लटका हुआ देखा। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान जुआफरडीह गांव निवासी श्रवण कुमार (50) के रूप में की गई है। इस्लामपुर थाना के थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि श्रवण कुमार पर नालंदा थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज थी। वह पुलिस से फरार चल रहा था। 22 अक्टूबर को जुआफरडीह गांव में हुई एक घटना में चंदन कुमार नामक एक युवक को कुछ लोगों ने पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया था, जहां बुधवार की रात उसकी मौत हो गई। मृतक श्रवण के परिजनों का कहना है कि उनके बेटे का चंदन कुमार की हत्या में कोई हाथ नहीं था। उनका आरोप है कि कुछ लोग पहले भी श्रवण की हत्या का प्रयास कर चुके थे और उस पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया था।

श्री चित्रगुप्त पार्क में दिखेगी वृंदावन की झलक, पूजा की तैयारी जोर-शोर से

गया : वृंदावन में स्थापित हो रही विश्व की सबसे बड़ी भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा की प्रतिकृति गया में भी दिखेगी। एसएसपी कोठी के सामने अवस्थित श्री चित्रगुप्त पार्क में श्री चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर श्री चित्रगुप्त की वैसी ही प्रतिमा छोटे रूप में बिठायी जायेगी, जिसकी जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। श्री चित्रगुप्त परिवार समिति, गेवाल बिगहा द्वारा वर्ष 1991 से श्री चित्रगुप्त पार्क में पूजनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार, पूजा का मुख्य आकर्षण भगवान चित्रगुप्त जी की प्रतिमा होगी। समिति के सचिव सह स्टेशन मास्टर जुगेश कुमार सिन्हा ने बताया है कि तीन नवम्बर को भगवान चित्रगुप्त की पूजन-अर्चना की जायेगी। उन्होंने बताया कि कायस्थ विभूतियों यथा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री, स्वामी विवेकानंद, सुभाष चन्द्र बोस की बड़ी तस्वीर पार्क में रहेगी, जो एक अच्छा 'सेल्फी पॉइंट' साबित होगा। श्री सिन्हा ने बताया कि दूसरे दिन यानी 04 नवम्बर को सामूहिक बिरादरी भोज का आयोजन किया गया है। तदुपरांत, सामूहिक विसर्जन में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य हिस्सा लेंगे। पूजनोत्सव को सफल बनाने में अध्यक्ष योगेश कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार, सह कोषाध्यक्ष गोपाल प्रसाद, शिवशंकर प्रसाद, मनोज श्रीवास्तव, विक्की कुमार आदि जुटे हैं।

1991 से बिठायी जा रही है प्रतिमा

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

नालंदा। नालंदा में रविवार की शाम करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मामला बेन थाना क्षेत्र अंतर्गत मरसुआ गांव का है। मृतक की पहचान मरसुआ गांव निवासी सुरेंद्र वर्मा के बेटे गोलू कुमार(30) के रूप में की गई है। देर शाम पड़ोसी युवक को इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में पड़ोसी ने बताया कि करंट की चपेट में आने से गोलू कुमार गंभीर रूप से झुलस गया था। आसपास के लोगों ने प्राथमिक इलाज देना शुरू किया। इसके बाद सभी लोगों की मदद से युवक को इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हालांकि, युवक करंट के संपर्क में कैसे आया इस बात का पता नहीं चल सका है। वहीं, मौत की पुष्टि के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन (नीलामी संचालन अधिकारी), मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघरः झलझलिया, जिला मालदा, पिनः732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा मालदा मंडल के तहत एटीएम के परिचालन के लिए ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है जिसके लिए www.ireps.gov.in पर ई-ऑक्शन कैटलॉग प्रकाशित किया गया है। **ऑक्शन कैटलॉग नं. : एटीएम-मालदा-2024**

मालदा मंडल के तहत एटीएम के लिए ई-नीलामी

क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी और स्टेशन निम्नानुसार हैंः **एए/1,** एटीएम-एमएलडीटी-बीयूपी-जेन-35-24-1 और बरियारपुर। **एए/2,** एटीएम-एमएलडीटी-एसबीजी-जेन-44-24-2 और साहिबगंज। **एए/3,** एटीएम-एमएलडीटी-जीजीए-जेन-28-24-1 और घोघा। **एए/4,** एटीएम-एमएलडीटी-एमजेडसी-जेन-39-24-1 और मिर्जाचौकी। **एए/5,** एटीएम-एमएलडीटी-बीएकेए-जेन-25-24-1 और बाका। **एए/6,** एटीएम-एमएलडीटी-आरजेएल-जेन-31-24-1 और राजमहल। **एए/7,** एटीएम-एमएलडीटी-एसबीओ-जेन-40-24-1 और सबौर। **एए/8,** एटीएम-एमएलडीटी-टीपीएच-जेन-42-24-1 और तिनपहाड़। **एए/9,** एटीएम-एमएलडीटी-पीपीटी-जेन-43-24-2 और पीरपैंती। **एए/10,** एटीएम-एमएलडीटी-एमएलडीटी-जेन-30-24-1 और मालदा टाउन। **एए/11,** एटीएम-एमएलडीटी-जेआरएलई-जेन-38-24-1 और जंगीपुर रोड। **एए/12,** एटीएम-एमएलडीटी-डीजीएलई-जेन-27-24-1 और धुलियान गंगा। **एए/13,** एटीएम-एमएलडीटी-एएचए-जेन-33-24-1 और अभयपुर। **एए/14,** एटीएम-एमएलडीटी-जीओडीए-जेन-36-24-1 और गोड्डा। **एए/15,** एटीएम-एमएलडीटी-एमजीआर-जेन-29-24-1 और मुंगेर। **नीलामी शुरूः** दिनांक 04.11.2024 को 11.45 बजे (प्रत्येक हेतु)। प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि विस्तृत जानकारी के लिए आईआरईपीएस ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखें।

MLD-122/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

खुली निविदा सूचना सं. : 43-एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25, दिनांक 25.10.2024, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल में विभिन्न स्टेशनों पर पीए सिस्टम का प्रतिस्थापन/संवर्धन। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 66,23,357.35, **बयाना राशिः** रु. 1,32,500/-, **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 19.11.2024 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः http://www.ireps. gov.in/** इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।

ASN-205/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

खुली निविदा सूचना सं.: 42-एसडीएसटीई-एएसएन-2024-25, दिनांक 25.10.2024, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** आसनसोल मंडल-बराकर और मुगमा में एमएसडीएसी द्वारा ड्यूएल डिटेक्शन का प्रावधान। **विज्ञापित निविदा मूल्यः** रु. 5,67,47,772.06, **बयाना राशिः** रु. 4,33,700/-, **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 270 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 19.11.2024 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः http://www.ireps.gov.in/** इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।

ASN-204/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-322, दिनांक 25.10.2024, वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम** :(i) "विभिन्न आईटी परियोजनाओं जैसे सीओए, आरटीआईएस, एफओआईएस, आईसीएमएस की कुशल निगरानी के लिए आधुनिकीकरण कार्य के साथ मालदा कंट्रोल ऑफिस की अग्नि सुरक्षा के कार्य" के सिलसिले में विद्युत कार्य। (ii) "मालदा टाउन में 6 यूनिट टाइप-V क्वार्टरों के निर्माण" के सिलसिले में विद्युत कार्य। (iii) "मालदा टाउन में लक्ष्मण सेन आउटडोर स्टेडियम के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन " के सिलसिले में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 50,09,778.83, **बयाना राशिः** रु. 1,00,200/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समयः** दिनांक 01.11.2024 से 15.11.2024 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट** : वेबसाइट www.ireps.gov.in सूचना पटः वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट www.ireps.gov.in में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-124/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-एजेड-पीआरडीजी-टीएके-आरई2, दिनांकः 22.10.2024, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-एजेड-पीआरडीजी-टीएके-आरई2** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** अनुसूची क-हावड़ा मंडल की कटवा-आजिमगंज शाखा में आजिमगंज और पोड़ाडांगा के बीच किमी. 178/2-4 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 29/बी/टी के स्थान में लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण । अनुसूची ख-हावड़ा मंडल के तारकेश्वर स्टेशन पर कॉमन लूप के रूप में लाइन नं. 4 (प्लेटफॉर्म नं. 3) का रूपांतरण। **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्यः** रु. 1,39,17,272.95, **बयाना राशिः** रु. 2,19,600/-**निविदा कागजात का मूल्यः** रु. 0.00, **समापन अवधिः** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समयः** दिनांक 24.10.2024 को 17.29 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथिः** दिनांक 07.11.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 21.11.2024 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

HWH-373/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-निविदा सं. 221_2024-25, 222_2024-25, 223_2024-25, 224_2024-25, 225_2024-25 और 226_2024-25, दिनांक 24.10.2024, मंडल इंजीनियर (IV), मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **डीईएन/4/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 221_2024-25, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत सांइथिया गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,49,20,197.38, **बयाना राशि :** रु. 3,24,600/- **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 222_2024-25, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत राजग्राम गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 6,22,49,311.41, **बयाना राशि :** रु. 4,61,300/-, **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं. 223_2024-25, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत पाकुड़ गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 8,54,86,429.68, **बयाना राशि :** रु. 5,77,400/-, **क्रम सं. 4, ई-निविदा सं. 224_2024-25, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत कुलापहाड़ी (तिलभीटा) गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 4,24,48,152.98, **बयाना राशि :** रु. 3,62,300/- **क्रम सं. 5, ई-निविदा सं. 225_2024-25, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत पिनरगड़िया गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 6,03,88,828.08, **बयाना राशि :** रु. 4,52,000/-, **क्रम सं. 6, ई-निविदा सं. 226_2024-25, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत चतरा गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 6,97,02,347.35, **बयाना राशि :** रु. 4,98,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. शून्य। **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह प्रत्येक हेतु। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 14.11.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-372/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

न्यूज बाइट्स

विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज

बिक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)। विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत नगर पंचायत कोआथ अंतर्गत विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कनीय विद्युत अभियंता दावथ अर्जुन कुमार के द्वारा बताया गया की नाजमा खातुन, पति- स्व० रेयाजुल खान, ग्राम-कोआथ पठान टोली के घरेलू परिसर का निरीक्षण किया गया, जिसमे पाया गया की उक्त उपभोक्ता का पूर्व से विद्युत संबंध है जिसका उपभोक्ता आई0डी0- 22360044297 है। इनका विद्युत सम्बंध बकाया रहने के कारण विच्छेद कर दिया गया था परन्तु उपभोक्ता द्वारा अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। जिससे की साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को 49263 रुपये राजस्व की क्षति हुई है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत चालू माह मे 38 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है जिसमे कुल जुर्माने की राशि 22.66 लाख है।

आवंटित भूमि को लेकर आक्रोशित लोगों ने जमकर काटा बवाल

दिनारा (रोहतास) (रोहतास)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सोमवार को भूमिहीन लोगों ने जमकर नारे करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया। शामिल लोगों ने बताया कि आवंटित भूमि को 44 वर्ष बीतने के बाद भी अंचल क्षेत्र के भूमिहीन लोगों को सरकार द्वारा उनके जमीन अधिग्रहण कर दखल कब्जा नहीं दिलाया गया। इसको लेकर बेलवैयां, जिगीना, परानपुर, रन्नी, पचौली, करंज इत्यादि गांवों के आक्रोशित महिला तथा पुरूषों ने अंचलाधिकारी के विरुद्ध में जमकर नारेबाजी की। निकम्मा सीओ को बर्खास्त करो, अफसर शाही नहीं चलेगी आदि नारे लगा रहे थे। बेलवैंया निवासी सुभाष पासवान ने बताया कि 1975-76 में सरकार द्वारा हमारे परिजनों को जमीन का कागज दिया गया था। उक्त जमीनी कागज के माध्यम से दर्शाया गया कि जमीन वितरण हो चुका है लेकिन, हकीकत कुछ और ही है। सिलिंग एक्ट की आवंटित भूमि जमीन का लगभग 44 वर्ष होने को है लाल कार्ड भी वितरण कर दिया गया है लेकिन जमीन मुहैया नहीं कराया गया है। सैकड़ों की संख्या में मौजूद भूमिहीन दलित परिवार के लोग लगातार सीओ कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। आगे लोगों ने कहा कि सीओ द्वारा मिलने के लिए बार-बार आश्वासन दिया जाता है। और जब हमलोग मिलने अंचल कार्यालय आते हैं तो सीओ साहब गायब रहते हैं। यही नहीं बल्कि फोन पर संपर्क करने पर अंचलाधिकारी द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। आक्रोशित लोगों ने कहा कि अधिकारी हमारे बात को नहीं सुनेंगे तो हमलोग बड़े आंदोलन करने को भी तैयार हैं। मौके पर सुभाष पासवान, सोनू कुमार राम, राजेंद्र कुमार, संतोष पासवान, शशि कुमार राम, उमाशंकर राम, राजाराम, चंदन खरवार, अयोध्या राम, हरिवंश राम, रामविलास पासवान, रमेश राम, धनराज राम, बलेश्वर राम सहित सैकड़ों के संख्या में लोग शामिल थे।

दीपावली और छठ महापर्व को लेकर शांति समिति का बैठक हुई अयोजित

रोहतास (रोहतास) (नि.सं.)। थाना के प्रांगण में सोमवार को आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता रोहतास अंचलाधिकारी सुशी, बीडीओ बबलू कुमार, थानाध्यक्ष निकुंज भूषण प्रसाद ने किया। बैठक में प्रशासन ने मौजूद जनप्रतिनिधियों से आगामी पूजा दीपावली की जानकारी के साथ साथ छठ महापर्व की छठ घाटों की जायजा लिया गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि हमारा प्रखंड का लगभग प्राय गांव सोन नदी के तट पर है और सभी त्योहारों में एवं कृषि के लिए भी लोग सोन नदी में आना-जाना लगा रहता है वैसे में इस क्षेत्र में एक एसडीआरएफ की टीम होना अति आवश्यक है।

ट्रक-ट्रैलर में भिड़ंत, चालक की मौत

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

जिले के काराकाट में सोमवार की सुबह टेलर और ट्रक में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक चालक की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि सहचालक गंभीर रूप से घायल हैं। घटना नगर पंचायत के गोडारी से 500 मीटर दूर जमुआ पेट्रोल पंप के पास की है। बता दें कि 12 चक्का ट्रक और 18 चक्का टेलर में आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई। इससे टेलर का अगला भाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमें टेलर चालक की मौत हो गई, जबकि सहचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला के देशही, पुरैनी गांव निवासी 40 वर्षीय छोटू चौहान के रूप में की गई है। वहीं सहचालक भलुवानी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी अवधेश चौहान बताया जा रहा हैं। घटना के कारण कुछ देर तक सड़क भी जाम रहा, जिससे वाहनों की कतार लग गई। काराकाट थानाध्यक्ष के अनुसार चालक का शव टेलर के अगले भाग में फंस गया था। शव निकालने के लिए जेसीबी बुलाई गई। बहुत मशक्कत के बाद शव निकाला गया। बताया कि घायल सह चालक का इलाज बिक्रमगंज में चल रहा है। दोनों के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है। ट्रक का चालक घटना के बाद वाहन छोड़ फरार हो गया है।

किसानों को सरसों के बीज और तकनीकी सहायता प्रदान

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

शाहाबाद और मगध क्षेत्र के किसानों की आय बढ़ाने और नई तकनीक से उन्नत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नारायण कृषि विज्ञान संस्थान हमेशा कार्य कर रहा है। परंपरागत कृषि से हटकर वाणिज्य कृषि की ओर अग्रसर होने के लिए कृषकों को प्रशिक्षित करने तथा उन्हें विभिन्न प्रकार के सुविधा मुहैया करने के दिशा में हमेशा कार्य किया जा रहा है। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह ने आज सरसों के बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान यहां उपस्थित सैकड़ों किसानों को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने किसानों को आस्वस्त किया कि नारायण कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा निशुल्क सेवा हमेशा किसानों के लिए जारी रहेगी। साथ ही कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उन्हें प्रतिदिन शाम को चार से पांच बजे अवकाश के दिन को छोड़कर तकनीकी जानकारी दूरभाष द्वारा उपलब्ध कराइ जाएगी। इसके लिए दूरभाष नंबर 8544425063 भी जारी कर दिया गया है। इस अवसर पर संस्थान के कुलपति डॉ महेंद्र कुमार सिंह एवं प्रतिकुलपति डॉक्टर जगदीश सिंह ने भी किसानों को संबोधित किया।

पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा वृक्षारोपण

हाजीपुर (वैशाली) (नि. सं.)। पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के मार्गदर्शन में, संगठन की सदस्याओं ने 28 अक्टूबर 2024 को पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा, पटना में वृक्षारोपण किया। अध्यक्षा सुनीता सिंह ने हरियाली के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हमें समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण करना चाहिए, ताकि हमारे आसपास हरियाली बनी रहे और पर्यावरण सुरक्षित रहे। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना कुमारी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह और अन्य सदस्याएं भी वृक्षारोपण में शामिल हुईं।

अमूल दूध लिखे मिनी कंटेनर में रहे 57 कार्टून शराब जब्त, धंधेबाज गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी ने अमूल दूध लिखे मिनी कंटेनर में बने तहखाने से 57 कार्टून विदेशी शराब को जब्त किया। साथ ही एक शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया। झारखण्ड की ओर से आने वाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है।

क्षतिग्रस्त पथों को शीघ्र करे मरम्मत : डीएम

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

जिला पदाधिकारी उदिता सिंह अध्यक्षता मे आयोजित जिला स्तरीय तकनीकी बैठक का आयोजन जिला पदाधिकारी वेश्म कक्ष में किया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी, उप-विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी एवं सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे। जिसमे ग्रामीण कार्य विभाग चारों प्रमण्डलों के कार्यपालक अभियंताओं से क्षतिग्रस्त पथों की सूची के विवरण का समीक्षा किया गया एवं सभी क्षतिग्रस्त पथों को अनुरक्षण (मेंटेन) निर्धारित समय में कराने का निर्देश दिया गया। क्षतिग्रस्त पथों का निरीक्षण एवं अनुरक्षण के उपरांत जिला पदाधिकारी को सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। वोट बहिस्कार करने वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

दीपावली में मिट्टी के दीयों का महत्व

सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)। दीपावली में मिट्टी से निर्मित दिये का बहुत बड़ा महत्व होता है।बुधवार को छोटी दीप तो गुरुवार को बड़ी दीप ज्योति का त्यौहार मनाया जायेगा। त्यौहार के सबंध में लोगो का मानना है कि मिट्टी के दिये में कपड़े या रुई से निर्मित बाती और सरसों तेल से जलने वाली दीपावली के दिये को देख किडे मकोडे लुप्त हो जाते हैं और फिर बरसाती मौसम का इन्तजार करना शुरू कर देते हैं। वैसे तो दीपावली का त्यौहार च्वन ऋषि के प्रथम अवतार मतलब धन्वंतरि अवतार धनतेरस के दिन से प्रारम्भ हो जाता है। धन्वंतरि की उत्पत्ति जीवन में धन वैभव सुख शांति निरोगी जीवन से जुड़ी लम्बी कहावत है। धनतेरस से शुरू होकर अमावस्या को लक्ष्मी जी को प्रसन्न करने के लिए घरों में खुशनुमा माहौल बनाने के लिए दीप जलाकर देवी स्वरूपा धन लक्ष्मी जी का आगमन कराया जाता है। इसके साथ ही यम को दरिद्रता का प्रतीक मान ईश्वर पैथे दरिद्र भागे का उच्चारण करते हुए कहीं दीपावली के पहले तो कहीं दीपावली बाद परम्परा निभाई जाती है। आधुनिक युग में मिट्टी से निर्मित दिये का प्रयोग कम होने लगा है। सरकार मिट्टी के दीये दीपावली में जलाने पर जोर दे रही है।पर महंगाई को देख आम जन मोमबत्तियां या चाइनीज लाईट जला दीपावली मनाना ही अपना फायदे मंद समझते हैं। आदि काल से दीपावली त्यौहार में मिट्टी से निर्मित दिये का विशेष महत्व है। जब मर्यादा पुरुषोत्तम राम महा ज्ञानी रावण का वध कर अयोध्या वापस हुए तो माता ने पुछा हे राम महापराक्रमी महाज्ञानि ब्राम्हण रावण को आपने मार डाला, ब्राम्हण हत्या का आपके ऊपर पाप लगा है। भगवान् राम ने भावुक हो कर कहा रावण को मैने नहीं मारा रावण के अहंकार ने रावण को मार गिराया। हिन्दू धर्म में आस्था और विश्वास के साथ दिपावली का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अधर्म पर धर्म का विजय पटाखा फहरा दशानन के अन्त कर अपने जन्म भूमि अयोध्या लक्ष्मी स्वरूपा सीताजी और शेषनाग अवतार छोटे भ्राता लक्ष्मण के साथ आये उस समय अयोध्या में मिट्टी से बनी दीपक पूरे अयोध्या में प्रज्वलित कर स्वागत किया गया। राम नवमी के दशमी दशहरा के दिन दशानन के अन्त और अमावस्या को खुशी से उछल कूद कर दीप जला पटाखे फोड़ दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। दीये का दीपावली में महज अब दिखावा स्वरुप प्रयोग किया जाता है। मिट्टी से निर्मित दीये का भाव बढ़ता जा रहा है और चीन में निर्मित सजावटी सामान आम जन को सस्ता महसूस होता जा रहा है। जिसमें खर्च और मेहनत कम है। वैसे इस पर्व को मनाने के लिए भारत में अमीरों के पास वक्त नहीं और गरीबों के पास धन नहीं। जिस कारण त्यौहार फीका पड़ता जा रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

नियमों की अनदेखी,एक मोटरसाइकिल पर पांच लोग कर रहे सवारी

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। राष्ट्रीय राजमार्ग 20 पर रविवार की रात्रि लगभग 8 बजे रजौली थाना क्षेत्र के चौथा गांव के समीप हाइवे पर नियमों को ताक पर रखते हुए मोटसाइकिल चालक फर्राटा भरते दिखे। एक मोटरसाइकिल पर पांच लोग बैठकर, चालक बिना हेलमेट लगाए बैठे दिखाई पड़े। मोटरसाइकिल तेज गति से सड़क पर दौड़ रही थी। उन्हें न तो यातायात नियमों का डर था,न सड़क दुर्घटना का कोई डर। बस उन्हें अपनी मंजिल तक पहुंचने की जल्दी दिख रही थी। इनको रोकने-टोकने वाला भी कोई नहीं था। जरा सी चूक कभी भी ऐसे लोगों पर भारी पड़ती है। फिर उनके पास पछतावे के अलावा कुछ भी बाकी नहीं बचता है। ट्रैफिक नियमों के अनुसार मोटरसाइकिल पर केवल दो लोगों के बैठने की अनुमति है,इसके बाद भी पांच लोग सवार थे।मोटरसाइकिल पर दो से ज्यादा लोगों का सफर करना अपराध की श्रेणी में आता है। इसे ट्रिपल राइडिंग कहा जाता है। इस तरह के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। बाजार क्षेत्रों में ट्रिपल सवारी करते हुए लहेरिया कट स्टाइल में मोटरसाइकिल चलाना नवयुवकों द्वारा आम बात हो गई है। हालांकि पुलिस पदाधिकारियों द्वारा समय-समय पर वाहन जांच कर यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध जुर्माना राशि भी वसूली जाती है एवं कड़ी फटकार भी लगाई जाती है। किंतु एक मोटरसाइकिल पर दो लोगों के जगह पर तीन, चार अथवा पांच लोगों का सवार होकर चलना कभी भी बड़े हादसे को निमंत्रणदे सकती है।

वांछित छः वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के परमचक,गिरगी एवं बेलाडीह गांव से थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने छः वांछित वारंटी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि कोर्ट द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में रविवार को गुप्त सूचना के आलोक में छापेमारी कर कुल छः वांछित लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में परमचक गांव से स्व रामचन्द्र साव के पुत्र मुरारी साव व रोहित साव, गिरगी गांव निवासी परमेश्वर भुइयां के पुत्र नरेश भुइयां, सोहर भुइयां के पुत्र फागु भुइयां व शनिचर यादव के पुत्र मुझु यादव एवं बेलाडीह गांव निवासी दशरथ यादव के पुत्र बसंत यादव शामिल हैं। साथ ही थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार लोगों को सोमवार को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

चार फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नरहट (नवादा) (नि.सं.)। स्थानीय थाना पुलिस ने अलग अलग गांवों में छापेमारी कर फरार चल रहे चार वारंटी को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि अनिल प्रसाद यादव एवं सुनील प्रसाद यादव को हाजिढाब से और सुनील राजवंशी एवं अनुगिया राजवंशी को मोहननगर नरहट से गिरफ्तार कर न्यायियक हिरासत में भेज दिया गया है।

अबैध बालू लदा ट्रॉली को पुलिस ने किया जप्त

नरहट (नवादा) (नि.सं.)। नरहट थाना क्षेत्र के गंगा रामपुर के समीप धनार्जय नदी से स्थानीय पुलिस ने एक ट्रैक्टर का ट्रॉली में बालू लदा बरामद किया है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने। बताया कि गंगा रामपुर के पास धनार्जय नदी से एक ट्रैक्टर का ट्राली में बालू लदा बरामद किया गया है। ट्रैक्टर ड्राईवर पुलिस को देख पुलिस को पहुचने के पहले ट्रॉली को खोलकर ट्रैक्टर इंजन को लेकर फरार हो गया। बालू लदा ट्रॉली को जप्त किया गया है। अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

धनतेरस पर्व को लेकर बाजारों में सजी लक्ष्मी गणेश की मूर्ति

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। मंगलवार को धनतेरस पर्व है। इस पर्व को लेकर सोमवार को नारदीगंज बाजार में बर्तन दुकान, सर्राफा दुकानों को खासतौर पर सजाया गया है, वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स व ऑटोमोबाइल की दुकानों में विशेष सजावट की गई है। दुकानों में समान खरीदने पर आफर भी दिया जा रहा है। सजावट को लेकर बाजार की रौनक बढ़ी हुई है। बाजार के विभिन्न चौक -चौराहों पर बर्तन की अस्थायी दुकानें भी सज गई हैं। इस पर्व को लेकर मां लक्ष्मी व विघ्न विनायक की प्रतिमा समेत अन्य पूजा सामग्री की बिक्री के लिए कई जगहों पर अस्थायी दुकान सजी हुई है। वही मिट्टी के दीया, घरकुले, मिट्टी के बर्तन, स्तभूंजा, मिठाई की दुकानें की सजावट देखते बन रही है। दुकानदार सत्येन्द्र कुमार कहते हैं कि मां लक्ष्मी भगवान गणेश की प्रतिमा 20 रुपये से दो सौ रुपये तक कीमत पर बिक्री के लिए रखा गया है।

पत्रकार को मातृशोक, समाजसेवियों एवं पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

नवादा) (नि.सं.)। पत्रकार डॉ. पंकज कुमार सिन्हा की मां 80 वर्षीय मनोरमा देवी की रविवार की देर रात निधन हो हो गया। समाजसेवियों एवं पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गया। सभी लोग पत्रकार के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट किया। स्व. मनोरमा देवी सेवानिवृत शिक्षिका थी, जिन्होंने समाजसेवा के साथ अपने परिवार और बच्चों को एक सूत्र में बांधकर रखा। वे अपने भरापूरा परिवार छोड़कर चली गयी। सोमवार को उनका दाह -संस्कार नवादा के मिर्जापुर स्थित बिहरघाटी घाट पर किया गया। इस दौरान काफी संख्या में नवादा के पत्रकार, साहित्यकार समाजसेवी और परिवारजन शामिल हुए। इस मौके पर समाजसेवी राजीव सिन्हा, मनीष सिन्हा, मंजूर आलम, मुरारी कुमार, जितेंद्र कुमार, जितेंद्र प्रताप जीतू, कैलाश विश्वकर्मा समेत पत्रकार सुनील कुमार, यशवंत सिन्हा, अनिल विशाल, सूरज कुमार, आलोक वर्मा, उदय सिन्हा, अमन सिन्हा इलू, बनारसी लाल समेत सैकड़ों की संख्या में लोगों ने घाट पर शामिल होकर उन्हें अंतिम विदायी देकर आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

अवैध खनन कर अभ्रक लेकर जा रहा कमांडर जीप जब्त, 8 बोरा अभ्रक बरामद

» रेंजर मनोज कुमार ने बताया कि रविवार की संध्या लगभग 6:30 बजे अभ्रक का अवैध खनन कर बाजार ले जाकर बेचने को लेकर गुप्त सूचना मिली।

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ में वन विभाग द्वारा अभ्रक के अवैध खनन माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में 8 बोरी में रहे अभ्रक लदे कमांडर जीप को जब्त किया गया। रेंजर मनोज कुमार ने बताया कि रविवार की संध्या लगभग 6:30 बजे अभ्रक का अवैध खनन कर बाजार ले जाकर बेचने को लेकर गुप्त सूचना मिली। गुप्त सूचना के आलोक में फोरेस्टर राजू शर्मा के साथ वनरक्षी राहुल कुमार, नीरज कुमार एवं वशिष्ट कुमार को छापेमारी हेतु भेजा गया। छापेमारी के दौरान 8 बोरी अभ्रक लदे कमांडर जीप को जब्त किया गया। हालांकि अभ्रक खनन माफिया वनकर्मियों को दूर से आता देख जंगली रास्तों ले सहारे भागने में सफल रहा।रेंजर ने बताया कि जब्त अभ्रक लदे कमांडर जीप को रजौली वन परिसर कार्यालय में लगाया गया है। वहीं अवैध अभ्रक खनन करने वाले चटकरी के सिमरातरी गांव निवासी रहमत अली के पुत्र शौकत अली एवं सिरसियाटांड़ गांव निवासी महरून मियां के पुत्र सद्दाम मियां के विरुद्ध वन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि वनकर्मी अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

छठ पर्व की तैयारी में अंचलाधिकारी और थानाध्यक्ष का निरीक्षण

करगहर (रोहतास) | **(नि. सं.)** स्थानीय थाना क्षेत्र के शिव मंदिर के पोखरा में आगामी आस्था का महापर्व छठ पर्व को लेकर सोमवार को अंचलाधिकारी अजीत कुमार एवं थानाध्यक्ष विजय कुमार ने शतचंडी घाट का निरीक्षण किया। वहीं इस दौरान उन्होंने पोखरा के चारों तरफ घूम कर जायजा लिया। इस दौरान अंचलाधिकारी अजीत कुमार ने पोखरें के चारों तरफ गहरे पानी के लिए वेयरकेटिंग, रास्ता एवं अन्य सुविधाओं को लेकर निरीक्षण किया। ताकि आस्था का महापर्व छठ पर्व में व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा महसूस न हो। वहीं अंचलाधिकारी अजीत कुमार ने बताया की छठ पर्व में एसडीआरएफ टीम की मांग की गई है। वैसे जगहों पर जहां काफ़ी भीड़ वाली जगहों पर हो रहे छठ व्रत के लिए मुहैया कराई जायेगी।

ईसाई धर्म को अपनाने वाले परिवारों ने की घर वापसी, सैकड़ों लोगों ने अपनाया सनातन धर्म

निज संवाददाता | नवादा

जिले के रोह प्रखंड क्षेत्र में 25 परिवारों के करीब सैकड़ों लोगों ने ईसाई धर्म छोड़कर हिंदू धर्म में वापसी की है। दो दर्जन से अधिक ईसाई परिवारों के सैकड़ों लोगों ने सनातन धर्म में घर वापसी कर ली है। इन्होंने कुछ ही महीने पहले ईसाई मिशनरियों के प्रभाव और प्रलोभन में आकर धर्मांतरण कर लिया था। इन सभी को ईसाई मिशनरियों ने बरगलाकर ईसाई बना दिया था। सनातन समाज की ओर से आयोजित अनुष्ठान में 'ऊं' स्वरोच्चारण के बीच वापस हिंदू धर्म में लौटे लोगों का स्वागत किया गया। मामला जिले के उग्रवाद प्रभावित रोह प्रखंड के समहरीगढ़ गांव की बताई जा रही है, जहां 25 ईसाई परिवारों के सैकड़ों लोगों ने सनातन धर्म में फिर से घर वापसी की है। इनमें ज्यादातर परिवार दलित तबके के हैं और इनमें महिलाओं की संख्या सबसे ज्यादा है। विधि-विधान के साथ इनके सनातन धर्म में वापसी का अनुष्ठान संपन्न कराया गया। सभी लोगों ने सामूहिक आचमन और यज्ञोपवित ग्रहण किया। घर वापसी करने वाले परिवारों ने बताया कि पहले वे सभी वंचित समुदाय से आते थे लेकिन कुछ वर्ष पहले कुछ ईसाई मिशनरी उनके गांव में घूमने के बहाने से आए और हमें तंत्र-मंत्र से ठीक करने और अन्य सुविधाओं का लालच देकर ईसाई बना दिया। घर वापसी कर चुके लोगों का कहना था कि उन्हें बाद में इस बात का आभास हुआ कि उनके साथ धोखा किया गया है इसलिए हम सभी ने सनातन धर्म में घर वापसी का फैसला किया। घर वापसी में इन परिवारों की मदद हिन्दू संगठनों ने की। लोगों ने ये भी कहा कि हम सभी पहले भी सनातनी थे, अब फिर से हो गए हैं और आगे भी सनातनी ही रहेंगे। विश्व हिंदू परिषद और हिंदूवादी संस्थाओं का कहना है कि ईसाई मिशनरियां कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण करा रही है। समहरीगढ़ पंचायत में ईसाई धर्म अपनाने वाले लोगों और ग्रामीणों के बीच कई दौर की बैठकों के बाद कई परिवारों के लोगों ने घर वापसी की इच्छा जताई थी। बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक जितेंद्र प्रताप जीतू ने कहा कि सनातन धर्म में छल, प्रपंच और कुरीतियों का कोई स्थान नहीं है। विश्व हिंदू परिषद के कैलाश विश्वकर्मा ने कहा कि हिंदुओं को मतांतरित करने में लिप्त संस्थाओं और व्यक्तियों को चिह्नित कर प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। प्रलोभन और छलपूर्वक मतांतरण कराना कानूनन अपराध है।

दीपावली में स्वनिर्मित दीया जलाएंगी उच्च विद्यालय ओहारी की छात्राएं

निज संवाददाता | नवादा

चाईनीज दीयों का बोलबाला हो गया है। ऐसे में जिले के रोह प्रखंड स्थित इंटर विद्यालय ओहारी की छात्राओं ने चाइनीज लाईट और दीया न खरीदकर खुद मिट्टी का दीया बनाने का संकल्प लिया। और दीपावली में खुद से निर्मित मिट्टी के दीया से ही घर को रोशन करने का संकल्प भी लिया। विद्यालय के सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका डॉ विनीता प्रिया के नेतृत्व में स्कूली बच्चियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन कर सैकड़ों मिट्टी का दीया जलाया। इस मौके पर शिक्षिका डॉ विनीता प्रिया ने कहा कि इससे हमारी बेटियां न सिर्फ हुनरमंद होंगी। बल्कि आत्मनिर्भर और स्वावलंबी भी बनेगी। इसके अलावा पर्यावरण प्रदूषित होने से भी बचेगा। इस दौरान विद्यालय के छात्राओं ने खुद से मिट्टी गूंथ कर सैकड़ों मनमोहक और मनमोहक दीया का निर्माण अपनी हाथों से किया। जिसे विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने खूब सराहना किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ नगेंद्र उपाध्याय ने डा. विनीता प्रिया के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ये हमेशा विद्यालय एक्स्ट्रा एक्टिविटी के द्वारा विद्यालय के छात्र छात्राओं को सकारात्मक संदेश देते रहती है।

मवेशी चोरों ने मचाया आतंक, बीते दो महीनों में दर्जनों गायों की हुई चोरी

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के इंटर विद्यालय के पीछे अवस्थित घर के बगल बने गौशाला से मवेशी चोरों ने एक दुधारू गाय की चोरी कर ली। गाय की चोरी को लेकर गोपालनगर निवासी अमरेंद्र सिंह के पुत्र कुंदन कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करने हेतु थाना को लिखित आवेदन दिया है। गौ मालिक कुंदन कुमार ने बताया कि वे गाय को बीते चार माह पूर्व 50000 रुपये में खरीदकर लाये थे। बीते रविवार की रात्रि लगभग 10 बजे गाय को घर के बगल में बने गौशाला में बांधकर परिवार समेत सोने चले गए। जब सोमवार की सुबह जागे तो देखा कि गाय गौशाला में नहीं बंधा हुआ था। आसपास काफी खोजबीन भी किया गया किन्तु गाय के बारे में किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं मिल पाई। उन्होंने बताया कि चोरी हुए गाय का रंग भूरा है और अभी वो गर्भवती है, जो आगामी 10 से 15 दिनों में बच्चे को जन्म देने वाली थी। गौ मालिक ने यह भी बताया कि गाय गर्भवती होने से पूर्व सुबह-शाम मिलाकर 15 से 20 लीटर दूध दिया करती थी। वहीं गाय के चोरी होने के कारण पूरा परिवार परेशान है। गौ सेवा एवं परिवार को शुद्ध दूध पीने को मिलने के उद्देश्य से लोग गाय को बड़े लाड़-प्यार से पालते हैं। वहीं एक गाय को खरीदने में औसतन 40000 से 60000 रुपये की लागत लगती है।

अंबेडकर पुस्तकालय में हुई लेट्स इंस्पायर के जिला समन्वयकों की बैठक

निज संवाददाता | नवादा

लेट्स इंस्पायर बिहार के जिला समन्वयकों की बैठक अंबेडकर पुस्तकालय में सम्पन्न हुई। एलआईबी के मुख्य समन्वयक विश्वजीत कुमार की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ रवि शंकर प्रसाद ने की। बैठक में मुख्य रूप से निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई बैठक को संबोधित करते हुए डॉ रविशंकर प्रसाद ने बताया कि आईजी विकास वैभव के द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम का उद्देश्य बिहार के बदलाव के लिए युवाओं को प्रेरित करना है। बैठक में एलआईबी के संस्थापक विकास वैभव सर के नवादा में तीन सफल कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए अगले कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में एलआईबी के मुख्य जिला समन्वयक विश्वजीत कुमार, मुख्य शिक्षा समन्वयक डॉ रविशंकर प्रसाद, शिक्षा समन्वयक रंजीत कुमार, सोशल मीडिया समन्वयक विक्रम विपुल, अधिवक्ता समन्वयक कुंदन कृष्ण, मीडिया समन्वयक शुभम वत्स, पूर्व महासचिव अधिवक्ता संघ संत शरण शर्मा, शिक्षक संघ अध्यक्ष संजय कुमार भारती, उमेश कुमार, नवीन कुमार, चंदन कुमार, बंटी कुमार, कमलेश कुमार, सुरेश कुमार, मनोज कुमार झा, ईश्वर चंद्र चौधरी, सुबोध कुमार सहित एलआईबी के अन्य सदस्य शमिल रहे।

दिवाली पर मिट्टी का घरौंदा बनाने की पुरानी परंपरा, अविवाहित लड़कियां करती हैं निर्माण

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड क्षेत्र में दिवाली को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं त्योहोरों को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ी हुई हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में आज भी दिवाली को पुरानी परंपरा के साथ मनाया जा रहा है। प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में उन्हीं परंपरा का नजारा आज भी देखने को मिल रहा है, जहां घरों में मिट्टी का घरौंदा बनाकर दिवाली का त्योहार मनाया जाता है। बदलते युग में मिट्टी के घरौंदे के जगह पर थर्मोकोल, लकड़ी एवं लोहे ने ले लिया है। बाजार में विभिन्न रंग-बिरंगे घरौंदे बिक्री के लिए सजाए गए हैं। समाजसेवी पूनम अग्रवाल ने बताई कि हमलोग पहले से मिट्टी का घरौंदा बनाते आ रहे हैं। यह सदियों से चलता आ रहा है। घर की लड़किया घरौंदा बनाती है, जिसमें दीए जलाकर, पटाखे फोड़कर खुशियां मनाते हैं। इससे घर में लक्ष्मी के साथ-साथ सुख-समृद्धि और संपदा आती है। मिट्टी का धरौंदा बनाने के पीछे कई पौराणिक मान्यताएं है, जिनमें एक मान्यता यह भी है कि भगवान श्री राम जब 14 वर्षों का वनवास करके अयोध्या लौटे थें। तब पूरे अयोध्यावासी उनके स्वागत के लिए घरों का रंगारोहन और उसे दीपों से सजा कर उनका आवभगत किया था। इसी दौरान छोटी छोटी बच्चियां अपने घर में मिट्टी का घर बनाती थीं, जिसे घरौंदा कहते हैं। भारतीय संस्कृति में हर त्योहार बड़े ही धूम-धाम से मनाया जाता है। वहीं इन त्योहारों का विशेष महत्व भी होता है। बात रौशनी के पर्व दीपावली की हो तो यह और भी खास हो जाता है। दीपावली पर घरौंदा बनाए जाने की परंपरा सदियों पुरानी है। कार्तिक महीने में घर की साफ सफाई में लोग जुट जाते हैं और दीपावली आगमन पर घरों में घरौंदा का निर्माण करते हैं। घरौंदा घर शब्द से बना है और सामान्य तौर पर दीपावली के अवसर पर अविवाहित लड़कियां घरौंदा का निर्माण करती है, ताकि उनका घर भरा रहे।

बालिका दिवस पखवाड़े के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निज संवाददाता | नवादा

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा उड़ान परियोजन(एक्शन ऐड एसोसिएशन) के संयुक्त तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पखवाड़ा लगातार मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज चौथे दिन पकरीबरावां प्रखण्ड अंतर्गत इंटर स्कूल पकरीबरावां के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन उड़ान परियोजना के प्रखण्ड समन्वयक नरेश पासवान ने किया। कार्यक्रम के शुरुआत में कक्षा 9वीं की छात्राएं अराधना,करीना तथा लक्ष्मी ने जागरूकता गीत 'काहे पढ़इया से कइला बाबूजी' से किया। इसके बाद लैंगिक विशेषज्ञ मयंक प्रियदर्शी ने किशोरियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अब सब उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज मे अपना तथा परिवार मान बढ़ाइए इससे दहेज प्रथा तथा घरेलू हिंसा को खत्म किया जा सकेगा। एक्शनएड उड़ान परियोजना की जिला समन्वयक ने किशोरियों को उड़ान परियोजना के बारे में बताया तथा उन्होंने कहा की लडक़ी होने के नाते ये तय नही किया जान चाहिए कि आप क्या कर सकती हैं।

नेहरू युवा केंद्र और कैट के संयुक्त प्रयास से दिवाली पर स्वच्छता अभियान का आयोजन

निज संवाददाता | नवादा

नेहरू युवा केंद्र नवादा व कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, नवादा के संयुक्त तत्वाधान में दिवाली विथ माय भारत कार्यक्रम के तहत सोमवार को नवादा में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माई भारत के वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया। इस स्वच्छता अभियान की शुरुआत नवादा सदर अस्पताल से शुरू हुआ जो इंदिरा चौक पर समाप्त हुआ। इस मौके पर स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं ने हाथ में झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान चलाया। तथा लोगों को जागरूक करने का भी काम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएआईटी प्रदेश उपाध्यक्ष रवि गुप्ता एवं नेहरू युवा केंद्र नवादा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ मन में स्वास्थ्य शरीर का निर्माण होता है। इसलिए खुद स्वच्छ रहें और आस पास और पास पड़ोस को स्वच्छ रखने का प्रयास करें। तथा इसके लिए लोगों को प्रेरित भी करें। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र कर्मी मनीष कुमार गिरि एवं कैट सदस्य सुनील कुमार साहू, अविनाश कुशवाहा, शशि भूषण सिंह, महेश कुमार, सुशील कुमार सोनी, शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार वर्मा एवं युवा मंडल के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिती रहे।

पूमरे में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

निज संवाददाता | वैशाली (हाजीपुर)

पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, छत्रसाल सिंह, ने मुख्यालय हाजीपुर में अधिकारियों और कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए दृढ़ संकल्प और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा का पालन करने की प्रतिज्ञा दिलाई। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, शैलेश वर्मा, सहित पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष और अन्य अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। इस वर्ष, पूरे देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक किया जा रहा है। इस वर्ष के सप्ताह का थीम ''सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि'' (Culture of Integrity for Nation's Prosperity) है। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में मुख्यालय स्थित सम्मेलन कक्ष में सतर्कता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। महाप्रबंधक ने सत्यनिष्ठा की संस्कृति के फायदों पर चर्चा करते हुए कहा कि इससे किसी भी संगठन की कार्यकुशलता, उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार होता है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता चं द्र गु प्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना के निदेशक राणा सिंह और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ अंतरा झा ने अपने विचार प्रस्तुत किए। राणा सिंह ने भ्रष्टाचार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की, जबकि अंतरा झा ने डिजिटल दुनिया में जालसाजी से बचने के उपाय साझा किए। विस्तृत चर्चा के बाद एक प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जो अत्यंत उपयोगी रहा। कार्यशाला की शुरुआत में, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और मुख्य सतर्कता अधिकारी शैलेश वर्मा ने अपने स्वागत संबोधन में जीवनशैली में सत्यनिष्ठा पर जोर दिया और सार्वजनिक जीवन में इसे अपनाने की प्रवृत्ति बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक और वरिष्ठ उप महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों के बीच सतर्कता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रकाशित सतर्कता बुलेटिन ''सतर्कता संदेश'' के 26वें अंक और ''कर्मचारी उपयोगी पुस्तिका'' का विमोचन किया। इसके अतिरिक्त, नागरिकों में जागरूकता फैलाने के लिए पटना जंक्शन और राजेन्द्रनगर टर्मिनल स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया।

» उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, शैलेश वर्मा, सहित पूर्व मध्य रेल मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष और अन्य अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक किया जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

इलाज के क्रम में घायल बुजुर्ग की मौत

आरा। सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की शनिवार की रात इलाज के क्रम में सदर अस्पताल में मौत हो गई। मृतक 68 वर्षीय केशव मुसहर था। वह पवना थाना क्षेत्र के धोबहा गांव वार्ड नंबर-2 निवासी स्वः सुखदेव राम का पुत्र था। केशव मुसहर के साढू सुरेंद्र राम ने बताया कि केशव मुसहर सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव अपने रिश्तेदारी में जाने के लिए घर से निकले थे। उसी क्रम में खरईचा मुसहर टोली के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दीया। ठोकर लगने के बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों ने घटना की सूचना परिवार के लोगों को दिया। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोगों ने घायल को इलाज के लिए उन्हें अगिआंव पीएचसी ले गए थे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था।

निगम का बनेगा नया तीन मंजिला भवन

आरा। नगर निगम को 95 वर्ष बाद नया भवन बनेगा। भवन बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगर निगम में नया प्रशासनिक भवन करीब 7 करोड़ रुपए से बनेगा। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसके लिए ब्लू प्रिंट तैयार हो गया है। नक्शा भी बना दिया गया है। विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डेवलपमेंट प्रोजेक्ट रिपोर्ट) बनाने की अंतिम प्रक्रिया भी चल रही है। यह प्रशासनिक भवन जी- प्लस थ्री डिजाइन होगा। भवन का निर्माण लगभग 5600 स्क्वायर फीट में कराया जाएगा। जी-प्लस थ्री बनाने के लिए निर्माण कार्य कुल 18060 स्क्वायर फीट में होगा। इस नए भवन में पब्लिक के लिए भी लिफ्ट की सुविधा रहेगी। यह नया भवन बनने के बाद पुराने भवन में चल रहे सभी विभाग, मेयर चैंबर, डिप्टी मेयर चैंबर व नगर आयुक्त का कार्यालय समेत निगम के सभी अधिकारियों के कार्यालय को भी इसी जी-प्लस थ्री भवन में शिफ्ट कर दिया जाएगा। अभी जिस पुराने भवन में आरा नगर निगम के विभाग और कार्यालय संचालित हैं, यथावत रहेंगे। निगम कार्यालय के परिसर में ही नया भवन बनने के बाद सभी नए भवन में होंगे। निगम के पुराने भवन का निर्माण 1929 में किया गया था। 95 वर्ष पुराने इस भवन में निचले तल्ले पर महापौर, अधिकारियों के कार्यालय समेत निगम के अंतर्गत आने वाले सभी विभाग कार्य करते हैं। विभाग का मानना है कि सभी कार्यालय संकीर्ण हालात में चल रहे थे। अब नया भवन बन जाने से जगह की कमी नहीं रहेगी। सभी विभाग व्यवस्थित ढंग से कार्य करने लगेंगे। प्रस्तावित भवन के निचले तल्ले पर गाड़ी पार्किंग, आरटीपीएस काउंटर, सीसीटीवी रूम, सुरक्षा प्रहरी का कमरा बनेगा। पहला तल्ला पर प्रशासनिक विभाग नगर आयुक्त का कार्यालय, एडिशनल कमिश्नर का कार्यालय, कंप्यूटर प्रशाखा, डिप्टी कमिश्नर का कार्यालय, सम्मेलन कक्ष, लेखा कार्यालय, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यालय, नगर प्रबंधक, रजिस्ट्रेशन काउंटर, इंक्वायरी सह कॉल सेंटर रहेगा।

दाना तूफान का असर बरकरार, पूरे दिन छाए रहे बादल

बक्सर। जिले में दाना तूफान का असर बरकरार है। रविवार को जिले में हल्की व मध्यम बारिश होने से वातावरण में ठंडक घुल गई। इसके साथ हीं अधिकतम तापमान में भी कमी आई है। आईएमडी पटना के अनुसार जिले में हुई बूंदाबांदी से अधिकतम तापमान में 4.7 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है रविवार को अधिकतम तापमान 26. 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। वहीं न्यूनतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया बता दे की सुबह से ही बूंदाबांदी के साथ दिन की शुरुआत हुई। जिले के अलग-अलग इलाकों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम गति की बारिश हुई। इस बारिश के होने से वातावरण में ठंडक रहा। वहीं रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। दूसरी ओर आसमान में बादलों के आवागमन तथा बूंदाबांदी से किसान काफी सहमें हुए हैं। किसानों का कहना है कि धान की फसल में बलियां निकल आई है यदि बारिश होता है तो धान के फसल खेत में गिर सकते हैं। जिससे उत्पादन पर असर पड़ सकता है। हालांकि अच्छी बात रही की तेज हवा नहीं चली। नहीं तो धान के फसल को काफी नुकसान होता। वहीं मौसम विभाग के अनुसार अगले 1-2 दिन तक ऐसे ही मौसम रहने की संभावना जताई गई है। आसमान में बादलों का आवागमन होता रहेगा तथा अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना जताई गई है। हालांकि न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है जिससे रात के समय में थोड़ी गर्मी महसूस होगी। वही बादलों के छाए रहने से कुहासा कम पड़ने की संभावना जताई गई है।

बिजली कम्पनी की कार्यप्रणाली पर सवाल, उपभोक्ता परेशान

बक्सर। जिले डुमरांव के स्थानीय उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल में अनियमितता का मामला सामने आया है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी का सर्वर 23 अक्टूबर 2024 से फेल है, जिसके कारण मीटर रीडिंग की सही जानकारी उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच रही है। ठठेरी बाजार रोड के एक जागरूक उपभोक्ता ने जब इस विषय में अवर प्रमंडल कार्यालय डुमरांव शहरी से संपर्क किया, तो उन्हें बताया गया कि सर्वर में तकनीकी खामी के चलते रीडिंग सही तरीके से नहीं मिल रही है। मीटर हर घर के बाहर स्थित होने के कारण उपभोक्ता यह देख नहीं पा रहे हैं कि मीटर रीडर किस तरह की रीडिंग कर रहे हैं। इस मामले को लेकर जिला समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) बक्सर के सदस्य प्रदीप कुमार शरण ने एक सादा बिल साझा किया और कंपनी से इस मामले पर कार्रवाई के लिए जानकारी मांगी है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को सर्वर फेल होने की जानकारी नहीं है लेकिन उभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे में उन्होंने बिजली कंपनी की तरफ से उचित कार्रवाई की उम्मीद जताई है, ताकि उनके अधिकारों की रक्षा की जा सके और विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार किया जा सके। मामले में विद्युत कंपनी के कार्यपालक से उनके मोबाइल संख्या 7763814281 पर सम्पर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उनके फोन नहीं उठाने के कारण उनका पक्ष ज्ञात नहीं हो सका।

अंतरराष्ट्रीय वुशु चैंपियन दीक्षा का बक्सर स्टेशन पर भव्य स्वागत

बक्सर। बक्सर जिलें की बेटी दीक्षा सिंह अंतर्राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के बाद पहली बार अपनी जन्मभूमि बक्सर पहुंची। जहां हजारों की संख्या में मौजूद लोगो द्वारा फूल माला, बुके और अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। गाजे बाजे के साथ पूरे शहर में जुलूस निकाला गया। जहां शहर के लोगों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। दिशा कुमारी पूरे शहर में कार ऊपर बैठ इस स्वागत से गदगद दिखी और हाथ हिला कर सभी का अभिनंदन किया। जुलूस बक्सर स्टेशन से शुरू हुआ जो ज्योति चौक गोलंबर , यमुना चौक,विरकुवर सिंह चौक के रास्ते दीक्षा के गांव महदह पहुंची। जहां आज रात कार्यक्रम का आयोजन है। बक्सर जिले की एक छोटे से गांव महदह की रहने वाली बेटी दीक्षा कुमारी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया है। उसने अंतरराष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत बक्सर ही नही पूरे देश को गौरवान्वित कर दिया। जॉर्जिया के बटुमि में आयोजित ओपन इंटरनेशनल वुशु टूर्नामेंट में 48 किलो भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही थीं। उसने अपने शानदार प्रदर्शन से अपने प्रतिद्वन्दी इंडोनेशिया के खिलाड़ी को मात दी व गोल्ड मेडल से सम्मानित हुई।जिसपर पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बता दें कि बक्सर पहुंचने पर सदर विधायक संजय तिवारी, पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला,जिले प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ एक सिंह, दीक्षा की बड़ी बहन वूशु खिलाड़ी निधि सिंह, पिता बलवंत सिंह, कांग्रेस के नेता सतेंद्र ओझा,समेत हजारों लोगों ने फूल माला लेकर स्टेशन पर उतरने के साथ ही स्वागत किया गया।

बक्सर में बड़े साइबर फ्रॉड की थी तैयारी, 6 गिरफ्तार

निज संवाददाता। बक्सर

♦ एक्सिस बैंक में पीएम योजना के नाम से पैसे आने पर खुलवा रहे था खाता, पुलिस ने पकड़ा

बक्सर की इटाढी थाना की पुलिस ने साइबर ठगी के संदेह के आधार पर छह लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से काफी संख्या में एक्सिस बैंक के खाता और विभिन्न कंपनियों के काफी संख्या सिम कार्ड भी बरामद किया गया है। पुलिस ने दो बक्सर और तीन झारखंड, एक अरवल के युवक को गिरफ्तार किया है। उनके द्वारा इटाढी के एक लॉज के कमरे में अपना कार्यालय खोला गया था जो ग्रामीणों को प्रधानमंत्री योजना के तहत खाते में 10,000 रुपए आने की बात कहकर खाता के साथ नया सिम भी खरीदवा रहे थे। किसी को सिम खाता दे नहीं रहे थे। इसकी जानकारी बक्सर सदर डीएसपी धीरज कुमार द्वारा प्रेस वार्ता कर दी गई। बताया गया कि इनसे पूछताछ में यह निकल कर सामने आया कि यह एक तरह का संगठित गिरोह है, जो साइबर क्राइम करवाने के लिए लोगो का बैंक अकाउंट खुलवाता है। पे फोन एटीएम की व्यवस्था रखते हैं। साइबर क्राइम से जो पैसा उनके अकाउंट में आएगा, उससे ये लेनदेन करेंगे। डीएसपी ने बताया कि 26 अक्टूबर को इटाढी थाना को सूचना मिली कि पाल मैरिज हॉल में कुछ चार पांच लोगों द्वारा 10 हजार देने की बात कह कर बैंक अकाउंट खुलवाया जा रहा है। जिसके साथ ही बायोमेट्रिक लेकर नया सिम भी चालू कर रहे हैं। कार्रवाई करते हुए बक्सर एसपी के द्वारा डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। पाल मैरिज हॉल में छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में पाया गया कि चार व्यक्ति एक्सिस बैंक का इंस्टा किट के साथ एयरटेल, जिओ एवं अन्य कंपनियों के सिम के साथ बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन, कर लोगों का बैंक अकाउंट यह कह कर खोल रहा था कि एक्सिस बैंक अकाउंट खुलवा लो इस अकाउंट में प्रधानमंत्री योजना के तहत 10000 मिलेगा। जिसमें से हम लोग 2000 ले लेंगे । खाता खोलने वाले चारों व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उनके पास इस संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। जिससे उनकी कार्यप्रणाली संदेहास्पद प्रतीत हुआ। इसके बाद व्यक्तियों को गिरफ्तार कर इटाढी थाना लाया गया। थाना पर पूछताछ में लोगों ने कोई ठोस एवं संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जिससे यह लगता है कि इन लोगों द्वारा साइबर फ्रॉड करने के लिए लोगों का खाता खुलवा रहे थे। इस घटना संलिप्त दो सहयोगी को भी दूसरे जगह से गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में इटाढ़ी थाना में एफआईआर दर्ज कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि जो खाता बरामद हुआ है, वह एक्सिस बैंक का असली है। बताया गया कि इस दौरान मुरार थाना के शिवपुर गांव के निवासी पिंटू कुमार जायसवाल, कोपवा के निवासी सुग्रीव पासवान, बी -56 हरिना कालोनी धनबाद निवासी दीपक कुमार,धनबाद के भूली निवासी अजीत कुमार,अरवल के हैबन पुर निवासी लक्की सिंह,एवं बोकारो स्टील सिटी से मुकेश रंजन को गिरफ्तार किया गया है।इसमें अजीत कुमार द्वारा अपने आप को धनबाद ऐक्सिस बैंक का मैनेजर बताया। इस दौरान एक्सिस बैंक का इंस्टा किट 38 पीस, एयरटेल 5G का 20 सिम, जिओ डिजिटल लाइफ का खुला सिम 5 पीस, एक्सिस बैंक का अकाउंट ओपनिंग सिग्नेचर कार्ड फॉर्म 5 पीस, वोडाफोन सिम दो पीस, एक्सिस बैंक का एटीएम कवर 12 पीस, एचडीएफसी बैंक का एटीएम एक ,एसबीआई बैंक का एटीएम एक, एक्सिस बैंक का क्रेडिट कार्ड एक, एक्सिस बैंक का डेबिट कार्ड 6, ड्राइविंग लाइसेंस दो ,रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दो, बायोमेट्रिक मशीन एक और चार मोबाइल बरामद किए गए हैं।

भोजपुर में युवक को मारी गोली, हाथ में लगी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव में सोमवार की सुबह हथियारबंद बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली बाएं साइड कंधे में लगी है। हालांकि, जख्मी गोली मारने वाले बदमाशों को नहीं देख पाया है। गोली लगने के बाद जख्मी ने फोन कर इस घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। इसके बाद आनन–फानन में उसे इलाज के लिए आरा शहर के शांति मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जख्मी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव वार्ड नंबर 12 निवासी भुनेश्वर यादव के बेटे सूबेदार यादव(38) है। वह पेशे से कबाड़ी का काम करता है। इधर, घटना की जानकारी देते हुए जख्मी युवक ने बताया कि वह अपने घर से किराना समान लेने के लिए गए थे। समान लेकर जब वापस घर लौट रहे थे, इसी दौरान घर से 200 मीटर की दूरी पर बगीचे के पास अचानक मुझे गोली लग गई। गोली की आवाज सुनाई दी, लेकिन किसने मारा यह देख नहीं पाए। मेरी दुश्मनी किसी से नहीं है। गोली लगने के बाद इस घटना की जानकारी हमने परिजनों को दी। वहीं, इलाज कर रहे सर्जन डॉक्टर विकास ने बताया कि जमीरा गांव के रहने वाले एक युवक को गोली लगी। इसके कारण काफी खून बह गया है। हमलोग खून का व्यवस्था कर ऑपरेशन कर रहे हैं। उससे पहले मरीज को स्टेबल कर दिया गया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव सिन्हा अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच में जुट गए हैं।

CISF जवान की मां समेत 2 की गई जान इलाहाबाद से दवा लेकर पटना जा रही थी महिला

निज संवाददाता। आरा

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर अलग-अलग हादसों में CISF जवान की मां समेत 2 लोगों की मौत हो गई। इसकी पहचान दूसरे दिन हो पाई है। पहली घटना कोईलवर स्टेशन के पास घटी है।कोईलवर पुल पर स्थित डाउन लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक पटना जिला के जानीपुर थाना क्षेत्र के कोररा गांव निवासी स्व.सीताराम मोची के बेटे बिगन दास(60) है। वह पेशे से मजदूर थे।

फुफेरी बहन के घर जाने के लिए निकला थाः इधर, मृतक के बेटे सुधीर कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह उसके पिता बिगन दास घर से यह बोलकर निकला था कि मैं अपनी फुफेरी बहन के घर पटना जिला के बिहटा के राघवपुर गांव जा रहा हूं। 10 दिनों तक वहीं पर रहूंगा। इसके बाद वह घर से निकल गए। इसी बीच यह घटना घट गई। इसके बाद रेल थाना पुलिस ने फोन कर उन्हें सूचना दी गई कि ट्रेन हादसे में उनकी मौत हो गई है। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई और एक बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी सुमित्रा देवी और 3 बेटी मुन्नी देवी, रीना देवी, रुणा देवी और 1 बेटा सुधीर कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में मातम छा गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी सुमित्रा देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

CISF जवान की मां की मौतः आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर पश्चिमी साइड स्थित लास्ट शेड के पास गाड़ी संख्या (12791) दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर यूपी निवासी CISF जवान की मां की मौत हो गई। मृतका उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिला के अवर कोल थाना क्षेत्र के सम्बडेहरा गांव निवासी स्व. अभय नारायण राय की पत्नी भाग्य मोनिया(65) है। इधर, मृतिका के रिश्ते में लग रहे भाई संतोष राय ने बताया कि उनका बेटा CISF जवान है। वर्तमान में पटना में एयरपोर्ट पर तैनात है। वह अपने बेटे और बहू के साथ ही पटना में रहती थी। वह 2 दिन पहले अपने रिश्तेदार के साथ दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन से अपना दवा लाने के लिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज (इलाहाबाद) गई थी। जब वह उसी ट्रेन से वापस पटना लौट रही थी, उसी बीच आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर यह घटना घट गई। इसके बाद उनके साथ गए रिश्तेदार ने फोन कर इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन आरा रेल थाना पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत घर से पटना जाने के लिए निकला था

निज संवाददाता। आरा

बिहिया रेलवे स्टेशन पर हुआ हादसा

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बिहिया स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो स्थित हादसा हो गया। रविवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के फिंगही गांव वार्ड नंबर 13 निवासी स्व.शिव चरण सिंह के बेटे जीउत सिंह(55) है। वह पेशे से पलंबर मिस्त्री थे।

पटना जाने के लिए पकड़ने वाले थे ट्रेनः इधर, मृतक के छोटे भाई रितेश कुमार ने बताया कि रविवार को वह बिहिया स्टेशन पर पटना जाने के लिए ट्रेन पकड़ने गए थे। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद वहां मौजूद ग्रामीणों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी। सूचना पाकर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच भाई और 2 बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी शिवरातो देवी, तीन पुत्री मुन्नी कुमारी, गीता कुमारी, सीता कुमारी और 2 बेटे दीपक कुमार और राकेश कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद मृतक की पत्नी शिवरातो देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

भोजपुर में सड़क हादसे में जख्मी महिला की मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में हुए सड़क हादसे में जख्मी महिला की रविवार रात मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में रविवार को उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतका पीरो थाना क्षेत्र के लहराबाद गांव निवासी संजय कुमार सिंह की पत्नी भगवानो देवी(40) है। इधर, मृतिका के पति संजय कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह वह गांव से बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर ओझवलिया मोड स्थित बाजार जा रही थी। तभी ओझवलिया मोड़ स्थित यात्री शेड के पास ही विपरीत दिशा से आ रहे स्कूटी सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी थी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया था। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस अधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची। शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक को 2 बेटी और 2 बार जोड़वा लड़का पैदा हुआ। लेकिन एक भी बच्चा बच नहीं जी सका। इसके कारण उसके पति संजय कुमार सिंह ने दूसरी शादी प्रमिला देवी से की। जिससे उसे 3 बेटा अमृत कुमार, विवेक कुमार और कार्तिक कुमार है। घटना के बाद मृतिका के घर में कोहराम मच गया है।

भोजपुर में एक हिस्ट्रीशीटर अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार

जमानत पर छुटकर षडयंत्र रच रहा था, एक देसी पिस्टल और 12 गोली बरामद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के उदवंतनगर थाना पुलिस ने जेल से जमानत पर छूटने के बाद अपराध का षड्यंत्र रचते एक हिस्ट्रीशीटर को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी उदवंतनगर थाना के बेलाउर गांव से हो सकी। इसकी जानकारी रविवार को सदर एएसपी परिचय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया ऋषि चौधरी उर्फ सन्नी बेलाउर गांव का ही निवासी है। एक देसी पिस्टल व 12 कारतूस बरामद किया गयाहै। पूर्व से लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। इसे लेकर प्राथमिकी की गई है। पूर्व में पंचायत समिति सदस्य दीपक गुप्ता एवं मिथुन हत्याकांड आदि कांडों में उसका नाम आया था। पंचायत समिति सदस्य हत्याकांड में जेल भी गया था। विगत नौ अक्टूबर 2024 को जेल से जमानत पर बाहर आया था। अभी तक उसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक कांड में मिले हैं। दर एएसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बेलाउर गांव में कुछ बदमाश अवैध हथियार लहरा रहे हैं, जो किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इसके बाद थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर उसे धर दबोचा। तलाशी में एक देसी पिस्तौल व बारह कारतूस बरामद किया गया है। उसके खिलाफ साल 2020 से 2023 के बीच पांच केस मिले हैं। इसमें दो हत्या, एक लूट व दो हत्या के प्रयास से जुड़े मामले हैं। बता दें कि 28 अप्रैल 2023 की देर शाम बेलाउर गांव में बीडीसी सदस्य दीपक साह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस कांड में बुटन चौधरी, उपेन्द्र चौधरी एवं ऋषि चौधरी समेत आधा दर्जन के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई थी। बाद में पुलिस दबिश के बाद वांछित ऋषि चौधरी ने कोर्ट में सरेंडर किया था ।

स्कॉर्पियो पोल से टकराई, ट्रांसफार्मर में हुआ ब्लास्ट, वाहन में बैठे लोग निकले बाहर

पूर्व डिप्टी मेयर पुष्पा सिंह के घर के पास हादसा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के नवादा मोहल्ला में पूर्व डिप्टी मेयर के घर के पास स्कॉर्पियो सवार ने पोल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पोल पर लगे ट्रांसफार्मर में जोरदार ब्लास्ट हो गया। हालांकि किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इस घटना की जानकारी नवादा थाना की पुलिस को दी। वहीं, इस घटना की सीसीटीवी भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि स्कॉर्पियो सवार निजी मॉल के गली से होकर पूर्व डिप्टी मेयर पुष्पा सिंह कुशवाहा के घर होते हुए जा रहा था। तभी वाहन चालक ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रांसफार्मर में जोरदार धमाका हुआ। स्कॉर्पियो सवार करीब चार लोग सुरक्षित बाहर निकले। घटना में पोल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। आटा मिल संचालक वेद प्रकाश ने बताया कि मैं अपने मिल में काम कर रहा था, तभी स्पीड में आ रहे स्कॉर्पियो सवार ने पोल में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद हम लोगों ने नवादा थाना पुलिस को सूचना दी। इस घटना में मेरा काफी नुकसान हुआ है। लाइन सप्लाई नहीं होने से मेरा मिल ठप पड़ा हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और नुकसान हुए ट्रांसफार्मर और पोल का निरीक्षण करके आगे की जांच के आदेश दिए हैं।

अस्पताल में परिजनों का हंगामा महिला की मौत पर तोड़फोड़

निज संवाददाता। भागलपुर

डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का लगाया आरोप

भागलपुर में सोमवार को इलाज के दौरान एक महिला की निजी क्लिनिक में मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। इससे गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में घुसकर तोड़फोड़ भी की। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन लगाया है। इसके कारण महिला की मौत हुई है। इसको लेकर परिजन हंगामा कर रहे हैं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची मधुसुदनपुर पुलिस परिजन को समझाने बुझाने की कोशिश कर रही है। मामला मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के नूरपुर हरिजन टोला स्थित डॉक्टर सहदेव प्रसाद नामक क्लिनिक की है। सोमवार को बुखार से पीड़ित महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने क्लिनिक में तोड़फोड़ कर खूब हंगामा मचाया। डॉक्टर पर गलत सुई देने का आरोप परिजन लगा रहे हैं। हंगामे की जानकारी मिलने के बाद मधुसुदनपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर डॉक्टर को हिरासत में लेकर मामले की जांच में जुट गई है। मृतक महिला की पहचान, मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के सरोख निवासी मिथुन कुमार सिंह की पत्नी अनीता देवी(40) के रूप में की गई है। मृतक महिला के पति ने बताया कि पत्नी बुखार से पीड़ित थी। सुबह 8 बजे के करीब नूरपुर हरिजन टोला स्थित सहदेव प्रसाद क्लिनिक में लाया गया, जहां डॉक्टर आशीष कुमार ने गलत सुई लगा दी। आधे घंटे के दौरान महिला की मौत हो गई। 3 छोटे-छोटे बच्चे हैं। अब उनका भरण पोषण कैसे होगा। वहीं, आरोपी डॉक्टर आशीष ने बताया कि मरीज सुबह क्लिनिक पर बुखार से पीड़ित महिला आई थी। महिला पहले से ही कुछ दवा खाकर आई थी। बुखार से ज्यादा पीड़ित रहने के कारण इंजेक्शन दिया था। लेकिन दवा रिएक्शन कर जाने के कारण कुछ देर में उसकी की मौत हो गई।

एचएम पर छेड़खानी का आरोप, पुलिस ने बयान लेकर नहीं किया केस

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर तारापुर प्रखंड के मध्य विद्यालय बिहमा की एक नाबालिग छात्रा ने अपने प्रधानाध्यापक घनश्याम रजक पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। इस घटना से संबंधित एक वीडियो भी सामने आया है। घटना गुरुवार 24 अक्टूबर की बताई जाती है। इस वीडियो में यह देखा जा रहा है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक कक्ष में प्रधानाध्यापक के अलावा एक पुलिस पदाधिकारी, पीड़िता की मां व कई अन्य स्थानीय लोग खड़े हैं। पीड़िता प्रधानाध्यापक पर अपने शरीर के विभिन्न अंगों को गलत इरादे से छूने का आरोप लगा रही है। वह कह रही है कि प्रधानाध्यापक घनश्याम रजक पीड़िता की सहेलियों को कमरे से भगाकर उसका हाथ पकड़ लेते हैं तथा बाद में शरीर के विभिन्न अंगों को छूते हैं। इतना ही नहीं एक दिन वह पीड़िता के घर भी पहुंच गए थे। उस समय पीड़िता घर पर अकेली थी, तब प्रधानाध्यापक उसके अकेले होने का फायदा उठाते हुए वहां भी उसके साथ गलत हरकत करने लगे तथा उसे टॉफी आदि देने का झांसा देने लगे। इस पूरे बयान को तारापुर थाने के पुलिस पदाधिकारी ने अपने मोबाइल में रिकार्ड तक किया, लेकिन केस दर्ज नहीं किया है। हालांकि भास्कर इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। अब लोग आरोप लगा रहे हैं कि रुपये लेनदेन कर केस माइनेज कर कर लिया गया है। तारापुर के थानाध्यक्ष राजकुमार की दलील है कि अब तक पीड़िता की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। इसलिए केस दर्ज नहीं हुआ है।

बताया जाता है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगों ने मिलकर पीड़िता के मां-बाप व स्वयं पीड़िता का ही मुंह बंद करा दिया है। कुछ शिक्षकों ने प्रधानाध्यापक की करतूतों पर पर्दा डालने तथा प्रशासनिक कार्रवाई से बचाने के लिए पीड़िता के परिजनों को मोटी रकम डील कर मुंह बंद करा दिया है। बताया जाता है कि गुरुवार को पीड़िता व उसके स्वजन विद्यालय पहुंच इस मामले को लेकर हंगामा मचाने लगे। इस क्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर तारापुर थाना के एक पुलिस पदाधिकारी भी वहां पहुंचे थे। प्रश्न यह भी है कि जब पुलिस को यह जानकारी मिली कि किसी छात्रा के साथ गलत व्यवहार हुआ है तो घटना स्थल पर किसी महिला अधिकारी या महिला कांस्टेबल को क्यों नहीं भेजा गया।

विश्वविद्यालय को उर्दू विषय में मिले सात असिस्टेंट प्रोफेसर

भागलपुर। टीएमबीयू में रविवार को उर्दू विषय में सात असिस्टेंट प्रोफेसर आवंटित किया गया है। कुलपति प्रो. जवाहर लाल के निर्देश के अनुसार प्रभारी कुलसचिव डॉ. संजय कुमार झा ने अधिसूचना जारी कर कहा कि 15 दिनों के अंदर सभी असिस्टेंट प्रोफेसर को योगदान देना होगा। साइबा खातून एवं नाहिद फातमा को एसएम कॉलेज, शहाबुद्दीन को सबौर कॉलेज, वासिकुल अख्तर को बीएन कॉलेज और शहाबुद्दीन-2 को मारवाड़ी कॉलेज अख्तर अली को टीएनबी कॉलेज, तसलीम आरिफ को एसएसवी कॉलेज में भेजा गया है।

कल से पैट परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी

भागलपुर। टीएमबीयू में पैट परीक्षा 2023 को लेकर आवेदन प्रक्रिया 29 अक्टूबर से 20 नवंबर तक होगी। पैट परीक्षा के लिए अभ्यर्थी टीएमबीयू के वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। नेट जेआरएफ क्वीलीफाईड छात्रों के लिए कुल सीटों का 50 प्रतिशत सीटें सुरक्षित रखी गई है। कुलपति प्रो. जवाहर लाल ने कहा कि पैट परीक्षा को लेकर सत्र 2022-24 पीजी सेमेस्टर चार के भी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रियां में प्रवेश पत्र लगाना होगा। कमेटी के अध्यक्ष बीएन कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. अशोक कुमार ठाकुर के अलावा सदस्य के रूप में डीएसडब्ल्यू डॉ. बिजेंद्र कुमार, पूर्व कुलसचिव डॉ. निरंजन प्रसाद यादव, पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ. आनंद कुमार झा होंगे।

फसल चराने के विवाद में मारपीट, चार लोग जख्मी

असरगंज। थाना क्षेत्र के दुलहर गांव में बकरी से फसल चराने की विवाद को लेकर दो पक्षों में रविवार को जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्षों के चार लोग जख्मी हो गए। सूचना पर एसआई राहुल कुमार सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली एवं जख्मी को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज लाया। जहां ड्यूटी पर डॉक्टर परवेज अख्तर ने प्राथमिक चिकित्सा कर दो गंभीर रूप से जख्मी 25 वर्षीय सनोज एवं अनुपम कुमारी को बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भागलपुर भेज दिया।

स्नातक पार्ट वन बैकलॉग सब्सिडियरी परीक्षा 13 से

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय में 14 से 21 सितंबर तक आयोजित स्नातक पार्ट-1 बैकलॉग सब्सिडियरी की परीक्षा बाढ़ के कारण स्थगित की गई थी। यह परीक्षा अब 13 नवंबर से नए कार्यक्रम के अनुसार पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। पीआरओ डॉ प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि सभी छात्र-छात्राएं अपना परीक्षा कार्यक्रम मुंगेर विवि के अधिकारिक वेबसाइट पर देख सकेंगे। बैकलॉग के ऑनर्स विषयों की परीक्षा पूर्व में ही हो चुकी है। केवल सब्सिडियरी विषयों की परीक्षा होगी।

दाना तूफान का चौथे दिन भी रहा असर, धान की फसल को 20 फीसदी तक हुआ नुकसान

मुंगेर। जिले में चक्रवाती तूफान दाना का असर लगातार चौथे दिन रविवार को और अधिक प्रभावी देखने को मिला। अन्य दिनों की तुलना में शनिवार देर रात से रविवार दोपहर तक झमाझम 11 एमएम बारिश होती रही। एक अनुमान के अनुसार इस 4 दिनों की बारिश में जिले भर में लगभग 20 प्रतिशत धान की फसल को नुकसान हुआ है। जिससे इस बार उत्पादन पर असर पड़ने की संभावना है। बारिश के बाद तापमान में फिर से एक बार कमी देखने को मिली।

बिहार सरकार

समाहरणालय औरंगाबाद
जिला योजना कार्यालय
–: कोटेशन आमंत्रण सूचना :–
(अति अल्पकालीन)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद के माध्यम से आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अन्तर्गत आच्छादित प्रखंडों में Aspirational Block Fellow के लिए डिजिटल नोटपैड (टैबलेट) के क्रय किये जाने हेतु कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/फर्म निम्न वर्णित शर्तो को पूरा करते हुए अपना–अपना कोटेशन बन्द लिफाफा में कार्यालय अवधि में दिनांक 05.11.2024 के अप0 04:00 बजे तक जिला योजना कार्यालय, औरंगाबाद में समर्पित कर सकते है।

जिला योजना पदाधिकारी
औरंगाबाद

PR. No. 011394 (Planning) 2024-25

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार

समाहरणालय, औरंगाबाद
(जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय)
-: आवश्यक सूचना :-
मुस्लिम महिला परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं के सहायता स्वरोजगार योजना

मुख्यमंत्री मुस्लिम महिला परित्यक्ता/तलाकशुदा योजना अन्तर्गत बिहार सरकार द्वारा ऐसी मुस्लिम महिला जो परित्यक्ता/तलाकशुदा हो, एवं जिनकी उम्र 50 वर्ष से कम हो को एकमुश्त आर्थिक सहायता के रूप में 25,000/– (पच्चीस हजार) का अनुदान दिया जाता है, जो पूर्णतः अदेय है।

आवेदन की प्रक्रिया :–
1. जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद द्वारा जारी प्रपत्र।
2. आय प्रमाण पत्र (अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत)
3. निवास प्रमाण पत्र (अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत)
4. जनप्रतिनिधि द्वारा निर्गत परित्यक्ता/तलाकशुदा अनुशंसा पत्र।
5. आधार कार्ड की छायाप्रति।
6. आयु प्रमाण पत्र। (निर्वाचन पहचान पत्र आदि)
7. बैंक पासबुक की छायाप्रति।

उक्त अभिप्रमाणित दस्तावेज को जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद अथवा अपने संबंधित प्रखण्ड कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी,
औरंगाबाद

PR. No. 011397 (MWD) 2024-25

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

Govt. of Bihar

GOVERNMENT ENGINEERING COLLEGE, AURANGABAD
Arthua, Kasma, Rafiganj Aurangabad Bihar-824125
Website:- www.gecaurangabad.ac.in, Email. principal@gecaurangabad.ac.in

Ref. No. : GEC/Acc/Abad

Science, Technology & Technical Education Dept. Govt. of Bihar
Inviting Short-term e-Tender Notice
(Through e-procurement mode only https://eproc2.bihar.gov.in)

Tender Notice No-GEC/Abad/CONSULTANCY/03/2024

Name of Work: "Tender for supply of consultancy equipments for Civil Engineering."

Sl. No.	Scope of work	Estimated cost (In Rupees)	Cost of tender document (In Rupees)	Tender processing Fee (Non-Refundable) (Inclusive GST)	Earnest Money (In Rupees)
1	Tender for supply of consultancy equipments for Civil Engineering	NA	Rs. 5000.00 (Five Thousand only)	Rs. 590.00 (Five Hundred Ninety)	Rs. 60000.00 (Sixty Thousand Rupees only)

S. No.	Event Description	Timeline
1	Last date & time of downloading the RFP	Till15.11.2024 up to04:00 PM, on eproc2.bihar.gov.in
2	Pre-bid meeting	11.11.2024 at 11:00 AM
3	Submission(upload)of online bidding document.	Till 15.11.2024 up to 05:00 PM,on eproc2.bihar.gov.in
4	Submission of EMD	Till 15.11.2024 up to 05:00 PM,on eproc2.bihar.gov.in
5	Bid Opening Date	18.11.2024 at 11:00 AM on the eproc2.bihar.gov.in
6	Pre-bid meeting venue	Government Engineering College Aurangabad(Bihar) ,Arthua,Kasma,Rafiganj,Aurangabad,Bihar-824125
7	Contact person	Principal, Government Engineering College Aurangabad(Bihar) Mobileno : +91 8743074732 Email ID: principal@gecaurangabad.ac.in

Government Engineering College Aurangabad, reserves the right to Accept/Cancel/Reschedule tenders without assigning any reasons.

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

PR. No. 11391 (Sci. & Tech.) 2024-25

Principal
Government Engineering College
Aurangabad

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

उत्पाद न्यायालय,
वरीय उप समाहर्त्ता–सह–पीठासीन पदाधिकारी, औरंगाबाद
(मद्यनिषेध कोर्ट–7)
अति आवश्यक सूचना
प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा निम्नलिखित वादों में वाहन मालिकों/संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 के अन्तर्गत पुलिस विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधन) नियमावली 2022 के नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलेक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति/वाहन के भुगतान पर जप्त वाहन एवं नियम 12(ख) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलेक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भुगतान पर जप्त वाहन को छोड़ने का प्रावधान है।

उत्पाद अधिहरण वाद में सुनवाई की तिथि– **15.11.2024** को निर्धारित की गयी है।

अधिहरण हेतु वाहन/भूमि की सूची निम्न प्रकार है :–

क्रमांक	उत्पाद वाद सं0	वाहन मालिक का नाम एवं पता	थाना काण्ड सं0/दिनांक	जप्त वाहन की विवरणी	सुनवाई की तिथि
01.	78/2024	कृष्णा कुमार भारती, पिता–कर्मदेव, सा0–अकौनी पो0–हुसैनाबाद, जिला–पलामू	नवीनगर थाना काण्ड संख्या–197/24	JH03D-6379 Eng No- ..... Chasis no-MBLHA10BJEHJ73181 (Motorcycle)	15.11.2024
02.	79/2024	अनिल कुमार पाण्डेय, पिता–बालदेव यादव, सा0–सरसोत पो0–गोह, जिला–औरंगाबाद	टंडवा थाना काण्ड संख्या–39/24	BR26E-7807 Eng No-5318111971 Chasis no-000648463 (Tempu)	15.11.2024
03.	80/2024	बैजनंती कुमारी, पिता–जितेन्द्र कुमार, सा0–बेढ़ना, पो0–मलहारा, औरंगाबाद	टंडवा थाना काण्ड संख्या–33/24	BR26L-4285 Eng No-HA10ACHHCB4683 Chasis no-MBLHAR183HHC41804 (Motorcycle)	15.11.2024
04.	88/2024	रंजित प्रसाद, पिता–अवध प्रसाद साहू, सा0–प्लॉट नं0–94 कृष्णनगर, बदौद, जिला–सुरत, गुजरात	ढिबरा थाना काण्ड संख्या–37/24	GJ05SU-7241 Eng No-HA10AGJ5M27334 Chasis no-MBLHAR071J5M17861 (Motorcycle)	15.11.2024
05.	90/2024	सरिता कुमारी, पिता–श्रीकांत मेहता, सा0–एरकीकला, चौखड़ा, थाना–मदनपुर, जिला–औरंगाबाद	टंडवा थाना काण्ड संख्या–05/24	BR26N-5106 Eng No-HA10ACJHD66184 Chasis no-MBLHAR182JHD30852 (Motorcycle)	15.11.2024
06.	87/2024	मनोज शर्मा, पिता–यमुना मिस्त्री, सा0–गायत्री नगर, फुलवारी शरीफ, पटना	देव थाना काण्ड संख्या–145/24	BR01CU-1692 Eng No-HA11EJF9L46059 Chasis no-MBLHA11ATF9L29229 (Motorcycle)	15.11.2024
07.	89/2024	रामाश्रय ठाकुर, पिता–सुखदेव ठाकुर, सा0–ज्ञानशीला, प्रियदर्शी नगर, पटना	नवीनगर थाना काण्ड संख्या–121/24	BR01PC-8785 Eng No-DD24C17200 Chasis no-MA1PP2DDC22C66298 (Bolero)	15.11.2024
08	85/2024	निरज कुमार, पिता–सुरेश लाल, सा0–सिमरा, पो0–खडिहा, जिला–औरंगाबाद	टंडवा थाना काण्ड संख्या–12/24	BR26H-2810 Eng No-ZFSG920460 Chasis no-R4G2512066 (Tempu)	15.11.2024
09	84/2024	सहदेव चौहान, पिता–लक्ष्मण चौहान, सा0–सडीहा, पो0–जयहिंद तेन्दुआ, जिला–औरंगाबाद	नवीनगर थाना काण्ड संख्या–116/24	BR24F-6735 Eng No-JNGBRE43321 Chasis no-MDZDSJNZZRCE12029 (Motorcycle)	15.11.2024
10.	83/2024	राजा चौधरी, पिता–स्व0 मोहन चौधरी, ग्राम–केताकी, थाना–देव	देव थाना काण्ड संख्या–154/24	JH03W-9388 Eng No-HA10ACJHE62514 Chasis no-MBLHAR185JHE29519 (Motorcycle)	15.11.2024
		रंगीत कुमार		BR26B-0885 Eng No-06M22E27084 Chasis no-06M23F22420 (Motorcycle)	15.11.2024
		सीताराम यादव, पिता–नागेश्वर यादव, सा0–फुलवा, थाना–सलैया, जिला–गया		JH03E-0476 Eng No-HA10ED9GJ38630 Chasis no-MBLHA10EP9GJ04517 (Motorcycle)	15.11.2024
11	73/2024	विध्याकांत तिवारी, पिता–श्री जी तिवारी, सा0–सुभाष नगर, वार्ड नं0–11, मध्यप्रदेश	ढिबरा थाना काण्ड संख्या–06/23	MP18D-0556 Eng NoBF34J51371 Chasis no-32J89265 (Scorpio)	15.11.2024
12.	86/2024	राकेश कुमार भुईयां, पिता–सूर्यदेव भुईयां, सा0–तरछुआ, पो0–पिपरा, थाना–डुमरिया, जिला–गया	मदनपुर थाना काण्ड संख्या–126/24	BR02AV-4787 Eng No-HA10AGKHJ88874 Chasis no-MBLHAW092KHJ48088 (Motorcycle)	15.11.2024
13.	77/2024	उमाशंकर सिंह, पिता–सिफी सिंह सा0–मथोली, पो0–सिकरौल लख,	बड़ेम थाना काण्ड संख्या–19/24	BR24K-1294 Eng No-HA10ECBGE13885 Chasis no-MBLHA10EUBGE11784 (Motorcycle)	15.11.2024
14.	76/2024	बैजनाथ सोनी, पिता–रामवृक्ष प्रसाद सवारकर, सा0–बाकेबाजार, थाना–गया, जिला–गया	मदनपुर थाना काण्ड संख्या–210/24	BR02U-9877 Eng No-HA11EFD9F30269 Chasis no-MBLHA11EWDS9F23585 (Motorcycle)	15.11.2024
15.	92/2024	बैजनाथ सोनी, पिता–रामवृक्ष प्रसाद सवारकर, सा0–बाकेबाजार, थाना–गया, जिला–गया	मदनपुर थाना काण्ड संख्या–210/24	BR02U-9877 Eng No-HA11EFD9F30269 Chasis no-MBLHA11EWDS9F23585 (Motorcycle)	15.11.2024
16.	75/2024	अमरेश कुमार सिंह, पिता–रविन्द्र सिंह सा0–दधपा, पो0–देव, जिला–औरंगाबाद	देव थाना काण्ड संख्या–104/20	BR26A-7241 Eng No-06A08M63224 Chasis no-06A09C38146 (Motorcycle)	15.11.2024
17.	74/2024	शंकर कुमार मुण्डा, पिता–जगदेव मुण्डा, सा0–हाउस नं0–7 नियर आखाड़ा बंकेता, चुतुपलु, झारखंड	ढिबरा थाना काण्ड संख्या–14/24	JH02AD-1638 Eng No-GHE4C62335 Chasis no-MA1XA2GHKE2C63186 (Bolero)	15.11.2024
18.	71/2024	प्रिंस कुमार, पिता–विरजु यादव, सा0–पिपरावटदाग, जिला–पलामू, झारखंड	टंडवा थाना काण्ड संख्या–86/24	JH03L-2175 Eng No-HA10ERFHD94267 Chasis no-MBLHA10BFFHD85132 (Motorcycle)	15.11.2024
19.	82/2024	अवधेश यादव, पिता–सूर्यदेव यादव, सा0–अम्बा, थाना+पो0–हरिहरगंज, जिला–पलामू	टंडवा थाना काण्ड संख्या–33/24	JH03Z-4832 Eng No-PFYRKA22227 Chasis no-MD2A76AY6KRA2802 (Motorcycle)	15.11.2024
20.	91/2024	शिवजी सिंह, पिता–घुरा सिंह, सा0–सबियन टोला, पो0–राजपुर, बिहार	ढिबरा थाना काण्ड संख्या–40/24	BR24V-7027 Eng No-HA10EVGHD39540 Chasis no-MBLHA10BSGHD38423 (Motorcycle)	15.11.2024
21.	70/2024	अनारूद्ध राम, पिता–लल्लु राम, सा0–कामगापुर, उपरीकला	नवीनगर थाना काण्ड संख्या–173/24	JH03R-8319 Eng No-DUYPHM36059 Chasis no-MD2A18AY4HPM33922 (Motorcycle)	15.11.2024

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति, जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा आपके उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अधीक्षक मद्यनिषेध,
औरंगाबाद

PR. No. 11392 (Excise) 2024-25

वरीय उप समाहर्त्ता–सह–
पीठासीन पदाधिकारी, उत्पाद न्यायालय नं0 – 7,
औरंगाबाद

बिहार में शराब का व्यापार, बिक्री एवं सेवन अवैध है। इससे संबंधित शिकायत इस नंबर पर दर्ज करायें, आपकी जानकारी गुप्त रखी जाएगी।
टॉल फ्री नं– 15545 या 1800 345 6268

पुलिस को शराब माफिया का सुराग देने पर माफियाओं ने पीट कर गम्भीर रूप से किया था घायल

मारपीट में गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति कि इलाज के दौरान अस्पताल में मौत

निज संवाददाता | गोड्डा

बसंतराय थाना क्षेत्र अंतर्गत राहा पंचायत के गोरगम्मा गांव निवासी गिरधारी मंडल, उम्र 50 को गांव के ही मंशो मंडल, उम्र 30 वर्ष, किरण देवी, पति मंशो मंडल, गौरी मंडल, उम्र 40 वर्ष, सरिता देवी, पति गौरी मंडल ने बीते शुक्रवार को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। घायल व्यक्ति का इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान गिरधारी मंडल कि मौत शनिवार देर रात मायागंज अस्पताल में हो गई। मृतक गिरधारी मंडल मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे वह अपने पीछे पत्नी के साथ पांच बेटी और दो बेटा छोड़ गए। जिसमें चार बेटी का शादी हो चुकी है इधर मृतक की पत्नी सुलोचना देवी कि पति के मौत की खबर सुनकर हालात काफी गंभीर हो गई जिसके बाद सुलोचना देवी को बेहतर इलाज के लिए पुलिस की मदद से सदर अस्पताल गोड्डा भेजा गया। मायागंज अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम होने के बाद रविवार को गिरधारी मंडल का शव जब गोरगम्मा गांव पहुंचा तो चित्कार से पुरा गांव में मातम छा गया। मौके पर पहुंची पुलिस से गांव के ग्रामीणों ने शराब माफिया और देशी शराब बनाने वाले के उपर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि किसी भी हाल में गांव में शराब का उत्पादन नहीं चाहिए और न ही यहां से देशी शराब कारोबारी को बढ़ावा मिलना चाहिए। वहीं बीते शुक्रवार को पुलिस को देशी शराब बनाने वाले कारोबारी का सुराग देने पर मृतक गिरधारी मंडल और उनके परिजनों को गांव के शराब उत्पादन करने वाले कारोबारी मंशो मंडल, गौरी मंडल, किरण देवी और सरिता देवी ने मिलकर बल्ला और रौड से मार कर मृतक गिरधारी मंडल को गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। ग्रामीणों की सहायता से बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भागलपुर ले जाया गया जहां इलाज के दौरान गिरधारी मंडल कि मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मारपीट कि घटना की सूचना बसंतराय थाना प्रभारी को नहीं दिया गया था। जब गिरधारी मंडल कि मौत कि सुचना स्थानीय पुलिस को मिली तब पुलिस हरकत में आई और मृतक के पत्नी सुलोचना देवी के फर्द बयान पर आरोपियों के उपर प्राथमिकी दर्ज कि गई। थाना प्रभारी सत्य दीप ने कहा कि घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक की गिरफ्तारी कर ली गई है और आगे की कारवाई की जा रही है।

गोड्डा विस क्षेत्र की तीनों सीटों पर भाजपा की होगी अभूतपूर्व जीत : सांसद

निज संवाददाता | गोड्डा

भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि भाजपा द्वारा यह चुनाव आदिवासी अस्मिता, भ्रष्टाचार, घुसपैठी और बेरोजगारी जैसे मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ रही है जहां विपक्ष हवा का रुख देखकर घबरा गई है। उन्होंने विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में गोड्डा विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड सरकार द्वारा जनहित में चालू किए गए अन्य को विकास योजनाओं को बंद कर दिया गया और ऐन चुनाव के मौके पर मईया सम्मान योजना लागू कर राज्य की जनता को बरगलाने का कार्य किया गया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को बंद कर दिए जाने का उदाहरण देते हुए कहा कि मईया सम्मान योजना भी अगले तीन-चार माह बाद बंद होगी लेकिन भाजपा अपने वायदे पर अडिग है। उन्होंने कहा कि भाजपा जो करती है वह करती है। प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं, बुजुर्गों और बेरोजगारों के संबंध में जो घोषणाएं की गई है वह हर हाल में लागू होगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन में बिखराव की स्थिति है फलस्वरूप गोड्डा विधानसभा की तीनों सीट पर भाजपा की जीत सुनिश्चित है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा द्वारा सर्वश्रेष्ठ कार्यकताओं को टिकट आवंटित किया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी द्वारा सीता सोरेन के खिलाफ दिए गए बयान पर उन्होंने कहा कि सीता सोरेन स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की धर्मपत्नी है तथा शिबू सोरेन की पतोहु ऐसी स्थिति में इरफान अंसारी को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन पर चुनाव में निष्पक्षता नहीं बरते जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिला प्रशासन पार्टी प्रत्याशी के रूप में कार्य कर रहा है जो लोकतंत्र के लिए घातक है। प्रेस वार्ता वार्ता में गोड्डा विधायक अमित मंडल, सांसद प्रतिनिधि कृष्ण कन्हैया, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह, शिवेश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

ट्रकों से लोहे की सरिया और पाइप की चोरी का हुआ अवैध कारोबार शुरू

निज संवाददाता | हँसडीहा

थाना क्षेत्र के धावाटांड़ स्थिति दो लाईन होटलों में एक बार फिर ट्रकों से लोहे की सरिया और पाइप की चोरी का अवैध कारोबार शुरू हो गया। हँसडीहा दुमका मुख्य मार्ग स्थित होटलों में हो रहें इस अवैध कारोबार से स्थानीय प्रशासन पर सवाल उठने लगें है की कैसे बिना रोकटोक इस धंधे को फिर से स्थापित कर दिया गया। ज्ञात हो की पिछले वर्ष ही तत्कालीन हँसडीहा सर्कल इंस्पेक्टर संजय सुमन के नेतृत्व में यहाँ के दो होटलों पर पुलिस ने बड़ी मात्रा में लोहे की सरिया को बरामद कर होटल संचालक को जेल भेजा था। जिसके बाद से ही कारोबारी यहाँ से अपने कारोबार को समेत दूसरे क्षेत्र में ले गया था। लेकिन इस चुनावी मौसम के बीच फिर से इस अवैध कारोबार का शुरू होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। यहाँ रोजाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले ट्रकों से लोहे की चोरी खुलेआम हो रही है। मामलें को लेकर जब हँसडीहा थाना प्रभारी को फोन किया गया तो उन्होंने फोन उठाना मुनासीब नहीं समझा। लेकिन व्हाट्सप्प कॉल में उन्होंने कहा की उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं है। अब मुख्य मार्ग पर ऐसे अवैध कामों की अगर थाना प्रभारी को ही जानकारी नहीं है तो लोग प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाएंगे ही।

इस उपलब्धि में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सर जोश जोसेफ एवं दीपक थॉमस सर सीबी के० ई० एवं सौम्या झा की भूमिका सराहनीय रही। इन सबों के मार्गदर्शन में इनकी प्रतिभा प्रस्फुटित पल्लवित होकर फलित अवस्था में प्राप्त की। सुश्री उर्मिला मरांडी ने इन छात्राओं को अपना बहुमूल्य समय देकर इन्हें प्रोत्साहित किया।

बीजेपी प्रत्याशी के नामांकन दाखिला में समर्थकों की भारी भीड़

देवघर (नि.सं.)। देवघर, जसीडीह, रिखिया, घोरमारा, मोहनपुर भाजपा कार्यकर्ता ने दिनभर गाजे बाजे, ढोल नगाड़े के साथ अलग-अलग जगह से समर्थन करने में लगे विजयीघोष गूंज रहे थे। इस दौरान कमलकांत नरवाना स्टेडियम के पास हजारों कार्यकर्ताओं का हुजूम जुटा रहा। आज भाजपा प्रत्याशी नारायण दास ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली के दौरान जहां भारी भीड़ शहर के प्रमुख मार्गों पर रही। वहीं निर्वाचन कार्यालय के बाहर पुलिस मुस्तैद दिखाई दी। इस दौरान भाजपा के कई दिग्गज मंत्री और नेता सभा में मौजूद रहे।

स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने मम्मी पापा वोट दो कार्यक्रम के तहत लिखा अपने अभिभावकों को पत्र

निज संवाददाता | जरमुंडी

विधानसभा आम चुनाव में वोट को लेकर स्कूली बच्चों के अभिभावकों को जागरुक करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्लस टू राजकीय कन्या उच्च विद्यालय दुमका में 'मम्मी पापा वोट दो अभियान' के अंतर्गत छात्राओं के बीच पत्र लेखन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी दुमका भूतनाथ रजवार ने कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं से कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों के अभिभावकों को मतदान के लिए जागरूक और प्रेरित करना है। इस क्रम में उन्होंने छात्राओं द्वारा मम्मी पापा वोट दो अभियान के तहत लिखे गए पत्रों का अवलोकन भी किया और उसका महत्व भी समझाया। साथ ही यह भी कहा कि घर जाकर अपने अपने मम्मी पापा को यह पत्र देना है और उनके साथ फोटो लेकर स्वीप के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड भी करें ताकि दूसरे को भी इससे प्रेरणा मिल सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी दुमका उमेश कुमार मंडल एवं अंचलाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी दुमका सदर अमर कुमार के निदेश के आलोक में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में छठी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अपने अभिभावकों को पत्र लिखकर प्रेरित और जागरूक किया कि दुमका में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र की मजबूती में भागीदारी निभायें। शिक्षा विभाग के सहयोग से गर्ल्स स्कूल दुमका में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक सह स्वीप प्रखंड नोडल सुजाता कर्ण ने जानकारी देते हुए कहा कि स्वीप के तहत दुमका सदर के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, क्वीज, मतदान हेतु शपथ आदि गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं उसी कड़ी आज विद्यालय स्तर पर शिक्षा विभाग के सहयोग से ये विशेष कार्यक्रम आयोजित किया है स्कूली छात्र छात्राओं के अभिभावकों को भी मतदान के लिए उत्प्रेरित किया जा सके। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य सुनीता टुडू, दुमका सदर स्वीप प्रखंड नोडल सुजाता कर्ण, आंचल भारती एवं सुनीता सोरेन सहित संबंधित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने भाग लिया।

भाजपा छोड़ झामुमो में आयी झामुमो से जमा विधानसभा सीट से प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी ने किया नामांकन दाखिल

निज संवाददाता | दुमका

भाजपा छोड़ झामुमो में आयी डॉ लुईस मरांडी ने सोमवार को जामा विधानसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल किया। नामांकन करने पहुंची झामुमो प्रत्याशी के साथ झारखंड मुक्ति के कार्यकर्ताओं एवं डॉ लुईस मरांडी के समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। 11-जामा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी ने निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता को अपना नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन दाखिल कर बाहर आयी डॉ लुईस मरांडी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उन्होंने जामा विधानसभा सीट के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा की टिकट से नामांकन भरा है। जनता एक संगठन सभी लोगों का मुझे समर्थन मिला है। कहा कि हमारे साथ संगठन के लोग हैं हमारे प्रखंड अध्यक्ष शिवलाल जी एवं कालेश्वर सोरेन जी मौजूद हैं। डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि आज उमड़ता हुआ कार्यकर्ताओं का जो उत्साह दिखा निश्चित रूप से जामा अब मेरे लिए नया नहीं है। जनता ने मन से मुझे स्वीकार कर लिया है और हमलोग निश्चित रूप से जामा विधानसभा चुनाव जीतेंगे| पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इतने कम दिनो में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं जनता से जो हमारी बातचीत हुई, लोगों ने कहा कि जामा का विकास अभी तक नहीं हुआ| उन्होंने कहा कि शिक्षा, सड़क, कनेक्टिविटी, पेयजल, स्वस्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में जामा विधानसभा बहुत ही पिछड़ा हुआ है। हम जामा विधानसभा की तमाम जनता को आश्वस्त करते हैं कि जिस तरह से जिस तरह से पहले हमने अपने छोटे से कार्यकाल में निष्ठापूर्वक काम किया है उसी निष्ठा एवं जनता के प्रति आस्था रखते हुए जनता से बातचीत करते हुए एक-एक समस्या का समाधान करेंगे और रोजगार के लिए जो युवा भटक रहे हैं सारी समस्याओं का हमलोग समाधान करेंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा के संबंध में पत्रकारों के सवाल का जबाब देते हुए उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री के आने से थोड़ा सा भी प्रभाव नहीं पड़ेगा। कहा कि असम के मुख्यमंत्री यहां के लोगों के बीच आग लगाने के लिए आते हैं। इस क्षेत्र में लोग शांति, सौहार्द एवं प्रेम से रहने वाले लोग हैं वहीं पसंद भी करते हैं। असम के मुख्यमंत्री कुछ भी करके जाएं लेकिन झारखंड के लोग झारखंडी के अगुवाई में चलेंगे,झारखंडी के नेतृत्व में चलेंगे। इस अवसर पर झामुमो कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद, बसंत सोरेन जिंदाबाद व लुईस मरांडी जिंदाबाद के नारे लगाए।

निर्दलीय व झारखंड परिवर्तन पार्टी की प्रत्याशी ने किया नामांकन

निज संवाददाता | दुमका

शिकारीपाड़ा से तीन निर्दलीय एवं झारखंड परिवर्तन पार्टी के प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया, वहीं दुमका से दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। 10-दुमका अ.ज.जा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी सोना मुर्मू ने निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। 07-शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से झारखंड परिवर्तन पार्टी के प्रत्याशी सुशांतिछ हेंब्रम ने निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता को अपना नामांकन पत्र सौंपा। 07-शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी प्रेम कुमार हेम्ब्रम ने निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता को अपना नामांकन पत्र सौंपा। 07-शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी पीटर सोरेन ने निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता को अपना नामांकन पत्र सौंपा। 10-दुमका अ.ज.जा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी मसिचरण किस्कु ने निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा एवं 07-शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी जोसेफ बास्की ने निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता को अपना नामांकन पत्र सौंपा।

महागामा विस प्रत्याशी कमलचक निवासी की माता के श्राद्ध कर्म में हुई शामिल

गोड्डा (नि.सं.)। महागामा विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी व निर्वतमान विधायक सह मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह अपने संवेदनशील स्वभाव और क्षेत्र की जनता के प्रति गहरी आत्मीयता के लिए जानी जाती हैं। कमलचक निवासी पंकज यादव की माता के श्राद्ध कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति इस बात को और मजबूत करती है कि वे न केवल एक जनप्रतिनिधि हैं, बल्कि जनता के सुख-दुख में साथ निभाने वाली एक सच्ची साथी भी हैं।

9 एवं 10 नवंबर को जमशेदपुर में होगा हैंडबॉल प्रतियोगिता

खेल को लेकर जिला हैंडबॉल एसोसिएशन जिला खेल पदाधिकारी से मिलकर की चर्चा

निज संवाददाता | दुमका

जिला हैंडबॉल एसोसिएशन दुमका के सीनियर टीम का प्रतियोगिता 9 एवं 10 नवंबर को झारखंड राज्य के जमशेदपुर में आयोजित हो रही है जिसमें दुमका जिला के सीनियर टीम के सदस्य प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जमशेदपुर जाएगी इस आशय की जानकारी एवं अपेक्षित सहयोग के लिए दुमका जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के सदस्यों के द्वारा जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार से मुलाकात की, जिसमें हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की कुशलता, अभ्यास के विषय में विस्तृत चर्चा एवं जानकारी प्राप्त किये जिसपर जिला खेल पदाधिकारी श्री पोद्दार ने खिलाड़ियों के आवश्यकताओं एवं संसाधनों के विषय में जानकारी प्राप्त की जिसके लिए जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव अमित कुमार पाठक कोषाध्यक्ष डॉ मधुर कुमार सिंह एवं सक्रिय सदस्य -सह -योग प्रशिक्षक संतोष कुमार गोस्वामी ने आवश्यकताओं एवं समस्याओं से अवगत कराया जैसे खिलाड़ियों के लिए ड्रेस किट आदि एवं जिले में हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आदि की आवश्यकता के लिए सहयोग की मांग किया जिसपर जिला खेल पदाधिकारी ने यथासंभव सहयोग करने एवं कराने का आश्वासन दिया जिससे खेल भावना को प्रोत्साहित किया जा सके।

महागामा विस से अशोक भगत ने भाजपा से छठी बार किया नामांकन, अशोक भगत ने जनसभा को किया संबोधित

निज संवाददाता | गोड्डा

संथाल परगना के सबसे चर्चित विधानसभा सीटों में से एक महागामा में हमेशा से ही भाजपा और कांग्रेस के बीच महामुकाबला रहा है। इस चुनाव में भी दोनों पार्टियों के प्रत्याशी मैदान में हैं, जहां एक तरफ कांग्रेस से दीपिका पांडेय सिंह ने 24 को नामांकन किया था वहीं भाजपा ने एक फिर अशोक भगत को प्रत्याशी बनाया है। जिसके बाद सोमवार को अशोक भगत ने भी महागामा अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं नामांकन के दौरान हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम लोगों की भीड़ देखी गई। वहीं नामांकन के बाद उर्जानगर स्थित राजेन्द्र स्टेडियम में एक जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने वर्तमान सरकार पर जमकर निशाना साधा।

वहीं भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार भगत ने भी वर्तमान सरकार व स्थानीय विधायक पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान कई दिग्गज नेताओं को भी मंच पर देखा गया। वहीं इस जनसभा को संबोधित करते हुए बोरियो से पूर्व विधायक सह वतर्मान में भाजपा प्रत्याशी लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि ये सरकार झूठे वादे करते हैं।

मैंने उनसे सवाल किया तो मुझे पार्टी से निकाल दिया गया, अच्छा हुआ की मुझे पार्टी से निकाला गया,देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पार्टी के कार्यकर्ता बनने पर मुझे गर्व है।

वागीशा स्वास्ति ने राष्ट्रीय स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिता में लाई प्रथम स्थान

निज संवाददाता | हँसडीहा

संत फ्रांसिस स्कूल बी० देवघर की वागीशा स्वास्ति ने राष्ट्रीय स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर संत फ्रांसिस स्कूल एवं देवघर वासियों का मान बढ़ाया है। यह राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता मुंबई स्थित रॉयन इंटरनेशनल स्कूल गोरेगाँव में संपन्न हुई। जिसमें वागीशा,बिहार, झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही थी। इस प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों के छात्र छात्राएँ सम्मिलित हुए जिसमें अपनी वाकपटुता एवं कुशल सम्प्रेषण का प्रदर्शन करते हुए संत फ्रांसिस स्कूल की वागीशा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर संत फ्रांसिस स्कूल एवं देवघर वासियों को गौरवान्वित किया है। जिसका विषय 'एनिमल शूड हैव राइट्स लाइक ह्यूमेन्स' था। वागीशा पक्ष में अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की, उसने अपनी तर्कशक्ति का जो परिचय दिया वह निश्चित रूप से सराहनीय है.निर्णायक मंडली द्वारा इस बात की प्रशंसा की गई। इस प्रकार की उपलब्धि पहली बार संत फ्रांसिस की वागीशा के द्वारा प्राप्त किया गया। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्राचार्य फा० अब्राहम कोलाडियिल T.O.R एवं उपप्राचार्य फा० प्रसेन्नजीत टोप्पो T.O.R ने हार्दिक शुभकामना व्यक्त की एवं आगे भी छात्र छात्राओं को ऐसी प्रतिभा प्रदर्शन करने की सलाह दी। द्वादश कला की छात्रा श्रेया केशरी को नेशनल कियेटिव राइटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ।

पोड़ैयाहाट विस से जेएलकेएम प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

गोड्डा (नि.सं.)। पोड़ैयाहाट विधानसभा सीट से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रत्याशी प्रवीण कुमार महतो मंगलवार 29 अक्टूबर को नामांकन करने की भव्य तैयारी कर रहे हैं। वहीं जेएलकेएम प्रत्याशी प्रवीण कुमार महतो ने बताया कि वे मंगलवार 29 अक्टूबर को दिन के 11 बजे नामांकन करेंगे। इसके बाद गोड्डा कॉलेज चौक के सामने स्थित मैदान में विशाल नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। वहीं नामांकन के बाद जनसभा कार्यक्रम में जेएलकेएम के केंद्रीय पदाधिकारी, पार्टी के सक्रिय सदस्य, पोड़ैयाहाट विधानसभा के विभिन्न प्रखंडों, गांव, टोला, कस्बा, मोहल्ला से लोग शामिल होंगे। कहा कि पोड़ैयाहाट विधानसभा में जेएलकेएम का नामांकन रैली भव्य व ऐतिहासिक होगा।

कमजोर एक विद्यार्थी को छह हजार रुपए दिया जाएगा छात्रवृति

देवघर (नि.सं.)। स्व. सरयुगवती देवी पति स्व. महेन्द्र नारायण वर्मा छात्रवृति योजना ट्रस्ट द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एक विद्यार्थी को छह हजार रुपए का छात्रवृति देगी। यह छात्रवृति सार्वजनिक चित्रगुप्त समिति नंदन पहाड़ में प्रदान किया जाएगा। ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा (अवकाश प्राप्त महाप्रबंधक सह मुख्य सह मुख्य अभियंता कोल इंडिया) ने बताया कि वार्षिक आय 2.60 लाख रुपये से कम आय वाले चित्रांश परिवार के 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रवृति के लिए आवेदन करने योग्य माने जाएंगे। एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर अंकों के आधार पर विद्यार्थी का चयन किया जाएगा।

दुमका, जामा, शिकारीपाड़ा एवं जरमुंडी से भाजपा प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

निज संवाददाता | दुमका

नामांकन की अंतिम तिथि से एक दिन पहले सोमवार 28 अक्टूबर को भाजपा के दुमका, जामा, शिकारीपाड़ा एवं जरमुंडी के उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। शिकारीपाड़ा से परितोष सोरेन, दुमका से सुनिल सोरेन, जामा से सुरेश मुर्मू एवं जरमुंडी से देवेन्द्र कुंवर ने नामांकन का पर्चा भरा। 07-शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी पारितोष सोरेन ने निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता को अपना नामांकन पत्र सौंपा, 10-दुमका अ.ज.जा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी सुनील सोरेन ने निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा, 11-जामा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू ने निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता को अपना नामांकन पत्र सौंपा एवं 12-जरमुंडी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी देवेंद्र कुंवर ने निर्वाची पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा।

विद्यालयों में हुई स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान

निज संवाददाता | रानीश्वर

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दुमका के आदेश अनुसार सोमबार प्रखंड के सभी मध्य एवं उच्च विद्यालयों में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया हैं ।सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा के आदेश पर बर्ग 6- 12 बर्ग में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने मतदान के महत्वा को लेकर माता पिता को।पत्र लेखन कर मतदान शतप्रतिशत सुनिश्चित करने, रंगोली, पोस्टर बैनर लगाने को लेकर आयोजित कार्यशाला में शामिल हुआ। आयोजित कार्यशाला में बीएलओ, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, प्रधान अध्यापक, अध्यापक ने बड़चढ़ कर भाग लिया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

दिवाली को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने की जिले के होटल-रेस्टोरेंट में मिठाई और खाद्य पदार्थों की जांच शुरू

78 दुकानों से जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे गए खाद्य पदार्थों के 28 नमूने

निज संवाददाता | रांची

दिवाली को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जिले के होटल-रेस्टोरेंट में मिठाई और खाद्य पदार्थों की जांच शुरू कर दी है। कुल 78 दुकान और रेस्टोरेंट की जांच की गई। पनीर, खोवा, छेना, ड्राई फ्रूटस, तेल, मसाले जैसी सामग्रियों की जांच की गई। इस दौरान कुल 28 खाद्य पदार्थों का नमूना जांच के लिए लिया गया। सैंपल लेने के बाद उक्त सैंपलों को जांच के लिए राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला भेजा गया है। इधर, जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सुबीर रंजन ने बताया कि सैंपल जांच के क्रम में मुख्य रूप से मिठाइयों की जांच की जा रही है, क्योंकि दिवाली में मिठाई की बिक्री ज्यादा होती है। ऐसे में कई होटलों से काजू बर्फी समेत अन्य तरह की मिठाई के सैंपल लेकर लैब में जांच के लिए भेजे गए, ताकि पता लगाया जा सके कि उनमें कुछ मिलावट तो नहीं की गई है।

सुबीर रंजन के अनुसार, कई होटलों और दुकानों में पनीर व खोवा की जांच में बिल मांगे गए, दुकानदारों ने बिल भी दिखाए। बताते चलें कि 19 अक्टूबर के अंक में दैनिक भास्कर ने खाद्य पदार्थों की जांच नहीं होने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। लालपुर, कचहरी, अशोक नगर, सिंह मोड़, बिरसा चौक, कांके रोड, नागाबाबा खटाल के समीप, अपर बाजार। इनमें कावेरी, गोकुल, गणगौर, अदिति किचन, शगुन स्वीट्स, सरस्वती स्वीट्स समेत अन्य दुकानें शामिल हैं। जांच के दौरान जिले में दो दुकानों पर खराब पनीर मिले। उनसे बदबू आ रही थी। जिसके बाद खराब पनीर को नष्ट करा दिया गया। फूड सेफ्टी ऑफिसर के अनुसार, रातू रोड और सिंह मोड़ के लटमा रोड स्थित दो दुकानों से खराब पनीर मिले। जांच के बाद दुकानदारों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी तरह के खराब पदार्थों का इस्तेमाल नहीं करना है। जो भी सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, उसका पक्का बिल रखना अनिवार्य है।

जांच के दौरान दो जगह मिले खराब पनीर, किया नष्ट

फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने खाद्य पदार्थों की जांच तो शुरू कर दी है, सैंपलिंग के बाद लैब भेजकर जांच किया जा रहा है। लेकिन, अब भी जिले में ऑन-द-स्पॉट फूड टेस्टिंग नहीं हो पा रही है। क्योंकि, पूरे राज्य में 3 फूड टेस्टिंग वैन ही हैं। इस बारे में सुबीर रंजन ने बताया कि विभाग को पत्राचार कर वैन की मांग की गई है। दो दिनों में वैन मिलने की उम्मीद है। फूड वैन रहने पर तत्काल सैंपल की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा सकती है। अबतक सिर्फ 78 दुकानों की ही जांच की जा सकी है।

भूमि विवाद में हुई हत्या के अभियुक्त ने स्वीकार किया अपना अपराध

निज संवाददाता | पलामू

रविवार को पाटन थाना अन्तर्गत अगनवा सिरका जंगल में ग्रामीणों के द्वारा एक शव को देखा गया, बाद में शव की पहचान अवधेश सिंह उम्र करीब 65 वर्ष पिता स्व० रामेश्वरी सिंह ग्राम कोलहुआ थाना नावाजयपुर जिला पलामू के रूप में की गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोष्टमार्टम कराने के पश्चात मृतक के परिजनो को सौप दिया था। इस मामले में मृतक के पुत्र वीरेन्द्र सिंह के द्वारा प्राप्त लिखित आवेदन पर पाटन पुलिस ने काण्ड संख्या- 125/2024 दिनांक- 27.10.2024 धारा- 103(1)/238/3(5) बी0एन0एस0 05 प्रथमिकी अभियुक्तो के विरुद्ध दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया, अनुसंधान के क्रम में रविवार की सुबह काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त नन्ददेव सिंह उर्फ नन्दु सिंह उर्फ बघमरवा उम्र करीब 60 वर्ष पिता स्व० चीरकु सिंह ग्राम- किसैनी, थाना- पाटन, जिला- पलामू ने थाना आकर अपना अपराध स्वीकार किया और बताया की जमीनी विवाद तथा डैम में मछली चुनने को लेकर जारी विवाद के कारण यह घटना घटित हुआ हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर निकली साइकिल रैली

कोडरमा (नि. सं.)। गुमो स्थित मेरिडियन अकादमी के बच्चों ने जिला प्रशासन के निर्देशानुसार मतदाता जागरुकता अभियान 'स्वीप' के अंतर्गत साइकिल रैली निकाली गई। रैली में स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साइकिल रैली के द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों को मतदान के महत्व को समझाते हुए मतदान के लिए जागरूक किया। बच्चों ने घर-घर जा कर और रास्ते में चल रहे लोगों को मतदान के दिन मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करने की अपील की। तिलैया शहर के लोगों ने इस रैली का समर्थन किया। लोगों ने स्कूल के द्वारा किया गया राज्य और राष्ट्र के निर्माण कार्य के लिए प्रशंसा भी की। रैली का मुख्य उद्देश्य 'पहले मतदान फिर जलपान' था। रैली को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्राओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

निज संवाददाता | पलामू

पलामू जिले के नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड में स्विप कार्यक्रम के तहत कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्राओं ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता मार्च निकाला। छात्राओं ने बैनर पोस्टर हाथ मे लिए बैंड बजाते बाजार क्षेत्र के साथ साथ ढेला कोटखास तक घूम घूम कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। बच्चियों ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र में आपका एक एक बहुमूल्य है आप अपना वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत करते हुए एक मजबुत सरकार बना सकते है। इस अवसर पर अंचला अधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि वृद्ध, दिव्यांग,गर्भवती मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। यहां 85 प्लस वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र तक नहीं जा सकते हैं, उनके लिये बैलेट से मतदान की व्यवस्था तथा गर्भवती महिला एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र तक जाने के लिए ऑटो की व्यवस्था की जायेगी। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मतदान के प्रति जागरूक करते हुए ईभीएम व भीभीपेट,सीयू का विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर अंचला अधिकारी सह प्रभारी BDO सुनिल कुमार कर्मचारी महेन्द्र राम, अंचल अमीन शंकर सिंह एवं विद्यालय के शिक्षिकाएं सहित सैकड़ो छात्राएं मौजूद रहे।

देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ एक धराया

कोडरमा (झुमरी तिलैया) (नि.सं.) । एसपी को मिली गुप्त सूचना पर तिलैया पुलिस ने थाना क्षेत्र के मोरियावां कुरहा में एक मकान से देसी कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार है। गिरफ्तार युवक 22 वर्षीय लक्ष्मण कुमार(पिता स्व. अमृत यादव) मोरियावां कुरहा, थाना तिलैया निवासी है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि तिलैया थाना क्षेत्र के मोरियावां कुरहा के एक मकान में अवैध रूप से हथियार रखा गया है और कोई अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में है।

किराने की दुकान से अंग्रेजी शराब बरामद

निज संवाददाता | दुमका

पलामू जिले लेस्लीगंज थाना क्षेत्र ग्राम जूरू में पुलिस ने गुप्त सूचना के के आधार पे किराने की दुकान से अंग्रेजी शराब बरामद किया।हालांकि दुकानदार मुनि राम पिता बच्चू राम उम्र करीब 48 वर्ष जो पुलिस को चकमा देकर भाग निकला।जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदया को सूचना मिली थी कि ग्राम जूरू अंबेडकर चौक से थोड़ी दूरी पर एक राशन दुकान है जिसमें अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री होती है।जिसके बाद लेस्लीगंज पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए उक्त राशन दुकान में छापेमारी कर किंगफिशर कंपनी की बियर 10 और गॉड फादर कंपनी की बियर 30, बैड मंकी कंपनी की बियर 2,रॉयल स्टॉक कंपनी की 5 बोतल सहित कुल 57 केन और बोलत बरामद किया।इस संदर्भ लेस्लीगंज कांड संख्या 118/2024 धारा 274/275/292BNS-2023एवं47(a)Excise Act के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज किया है।छापेमारी दल में लेस्लीगंज थाना पुलिस शामिल रही।

मौलाना अब्दुल सकुर मोहदिस ए जलील की प्रथम उर्स पर की गई चादरपोशी

निज संवाददाता | हरिहरगंज

हरिहरगंज शहर के टंडवा रोड़ स्थित मजार पर मौलाना अब्दुल सकुर मोहदिस ए जलील की प्रथम पुण्य तिथि रविवार की रात्रि उर्स मेला का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के सैकड़ो मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहुंच कर उनके कब्र पर चादरपोशी किया। इस मौके पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष सह हरिहरगंज-हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी संजय कुमार सिंह अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। मौके पर श्री यादव ने कहा कि मौलाना अब्दुल सकुर मोहदिस ए जलील पहुंचे हुए व्यक्ति थे। वे अल्लाह के बंदे थे। उनकी पहला पुण्य तिथि मनाया जा रहा है। इस मौके पर अतहर हुसैन, इसरार आलम, टुडे आलम, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, भोला कुमार, अनिल यादव, छात्र नेता दीपक कुमार यादव सहित सैकड़ो मुस्लिम और हिंदू समुदाय के लोग शामिल थे।

डॉ नीरा यादव ने कोडरमा नगर के विभिन्न वार्डों में चलाया जनसंपर्क अभियान

कोडरमा (नि.सं.)। कोडरमा संवाददाता कोडरमा विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव ने सोमवार को कोडरमा नगर के विभिन्न वार्डों का दौरा कर समर्थकों संग जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान लोगों ने प्रत्याशी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में क्षेत्र की जनता से किए गए वादों के अनुरूप जनता की उम्मीदों और विश्वास पर खरा उतरते हुए क्षेत्र में विकास और सुशासन की बुनियाद को रखने का काम किया है। इन विकास कार्यों के कारण भाजपा के पक्ष में पूरे विधानसभा में सकारात्मक माहौल बना है। जनता का विश्वास, समर्थन और आशीर्वाद भाजपा के साथ है। विकास और सुशासन की बुनियाद पर जिले के सभी क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास कराना ही उनका एकमात्र लक्ष्य है। अभियान में मंडल अध्यक्ष अजय पांडेय, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश सिंह राजू भैया, भाजयुमो अध्यक्ष राजेश सिंह, प्रवीण चंद्रा, विनय कुमार बेलू, सुनील बड़गवे,विजय सिंह, सौरभ कुमार, रमेश भारती, बाबू सिंह, दिनेश सिंह, नवीन सिंह, उत्तर कुमार, प्रवीण पांडेय, राजू विश्वकर्म, पंकज सिंह,चंदन सिन्हा, मंटू श्रीवास्तव, केके निराला, विशाल साही, संतोष राम, सनोज गुप्ता, नरेंद्र सिंह, सूरज सिंह, सीताराम भगत, अरविंद मालाकार, अनु सिंह, विश्वनाथ सिंह, छोटू कुमार, नीतीश सिंह, सचिंद्र शर्मा, हर्ष राज, संतोष मालाकार, मंजीत सिंह, सहर्ष पांडेय, गणेश राम, बालेंदु कुमार, मेहुल कुमार, रवि मालाकार आदि मौजूद थे।

कबड्डी प्रतियोगिता में कोडरमा का बालक टीम बना विजेता

कोडरमा (नि.सं.)। कोडरमा कोडरमा संवाददाता बोकारो जिला अंतर्गत कसमार की पोंडा पंचायत के कमलापुर स्थित त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल परिसर में 25-27 अक्तूबर तक आयोजित 18वीं झारखंड राज्य स्तरीय जूनियर अंडर- 20 बालक और बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में बालक टीम विजेता बनी। जबकि बालिका टीम सह उप विजेता बनी है। इसमें पूरे राज्य से कुल 22 जिलों से 862 खिलाड़ी हिस्सा लेने पहुंचे थे। फाइनल मुकाबले में कोडरमा जिला कबड्डी टीम ने बोकारो कबड्डी टीम को 43-31 अंक से हराया। बालिका टीम सेमीफाइनल मैच में धनबाद के साथ खेली, जहां दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर की वजह से अंक बराबरी पर रही।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दीप सज्जा प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

निज संवाददाता | हरिहरगंज

हरिहरगंज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को दीप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 57 भैया बहनों ने भाग लिया। दीप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाध्यापक विजयेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। दीप सज्जा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एक से बढ़ कर एक दीप सज्जा कर अतिथियों का मन मोहा। इस प्रतियोगिता में दो ग्रुप बनाकर किया गया। ग्रुप ए शिशु मंदिर एवं ग्रुप बी में विद्या मंदिर रखा गया। ग्रुप ए शिशु मंदिर में क्रमशः चांदनी, सृष्टि, रागनी, अंश कुमार, पारुल कुमारी जबकि ग्रुप बी विद्या मंदिर में क्रमशः सदफ फातिमा, श्वेता कुमारी, नंदनी कुमारी को चुना गया।

प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। वही अन्य विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया। निर्णायक मंडली में खुशबू कुमारी, मोनिका कुमारी, काजल कुमारी, अंजू कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रिया कुमारी, श्वेता कुमारी, सोनम कुमारी, निलीमा मेहता, संजय कुमार सिंह, मोहन ठाकुर, हंसराज गुप्ता का अहम योगदान रहा।

श्रद्धालुओं की अटूट आस्था व श्रद्धा का केंद्र है काली मंदिर

निज संवाददाता | पाकुड़

प्रखंड मुख्यालय के दत्तापाड़ा में स्थित मां आनंदमयी काली मंदिर में विगत सौ वर्षों से अधिक समय से पहले से यहां काली पूजा होती चली आ रही है। लोगों का ऐसा विश्वास है कि मां आनंदमयी के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मन्नतें अवश्य पूरी होती हैं। शायद यही वजह है कि यह काली मंदिर श्रद्धालुओं के आस्था व विश्वास का केन्द्र बना हुआ है। श्रद्धालुओं के इसी विश्वास के कारण ही इस मंदिर में पूजा अर्चना करने वालों की हमेशा उपस्थिति देखी जाती है। सर्वप्रथम यहां राजाओं के शासनकाल के समय स्थानीय राजाओं के द्वारा ही मां काली की पूजा सम्पन्न कराई जाती थी। राज स्टेट खत्म होने के बाद पूजा अर्चना की जिम्मेवारी सार्वजनिक काली पूजा कमेटी के पास रही। सर्वप्रथम धनन्जय सिंह, रघुनाथ तिवारी, भूपेंद्रनाथ दत्त आदि द्वारा यहां की पूजा सम्पन्न कराई जाती रही। वर्ष 2004 से 2008 तक समर कुमार दत्त, सुनील कुमार दत्त, चन्दन दत्त, गौरांग कर्मकार, बेनू दास, ललित तिवारी आदि सदस्यों ने मां आनंदमयी काली की पूजा समारोह पूर्वक सम्पन्न कराने की जिम्मेवारी निभाई। मां आनंदमयी की भक्ति तथा उनके प्रति अटूट आस्था से प्रेरित होकर स्थानीय निवासी दुर्वादल सिंह ने वर्ष 2004 में मंदिर को भव्य रूप दिलाने का कार्य कराया था। वर्ष 2009 से मां आनन्दमयी काली की पूजा-अर्चना सम्पन्न कराने में अरुप दत्ता, नव कुमार घोष, राणा, छाकु, उज्ज्वल, विनोद राय, समर कुमार दत्ता, मिलन सहित अन्य सदस्यों का महती योगदान रहा। वर्ष 2024 में मां आनन्दमयी काली मंदिर में पूजा अर्चना सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए सार्वजनिक काली पूजा समिति द्वारा जोर-शोर से तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई हैं। काली पूजा के अवसर पर यहां रात्रि में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की काफी भीड़ जुटती है। वर्ष 2024 में मां आनंदमयी काली पूजा को सफल रूप से संचालित करने को लेकर नई पूजा कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें नवो कुमार घोष को अध्यक्ष, मनोज कुमार सिंह को उपाध्यक्ष, देवेंदु दत्ता को कोषाध्यक्ष तथा साधन घोष को सचिव बनाया गया है। सदस्यों में बापन दत्ता, देव दास, रितेश वर्मा, राजा घोष, मिलन घोष, साधन घोष, कृष्ण दत्ता, बास्की तिवारी, बेनु दास, समर कुमार दत्ता सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

बालू मजदूरों से रंगदारी मांगने के आरोप में देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता | साहिबगंज

साहिबगंज थाना क्षेत्र के जेटके पुल बाबूपुर से एक युवक को देसी कट्टा के साथ बरहेट थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह जानकारी बोरियो पुलिस इंस्पेक्टर नूनू देव राय ने रविवार को यहां पत्रकारों को दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि काले रंग की पल्सर बाइक पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में जेटके पुल बाबूपुर के पास बाइक खड़ाकर मोबाइल पर किसी से बात कर रहा है। इसकी सूचना एसडीपीओ को दी गई। इसके बाद थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो उक्त व्यक्ति बाइक पर बैठा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पुलिस ने जब उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना नाम अर्जुन सिंह उर्फ देवा व घर पुरानी साहिबगंज बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा व तीन जिंदा कारतूस मिला। पुलिस निरीक्षक ने बताया कि बीते एक अक्टूबर को नदी किनारे बालू उठाव कर रहे मजदूरों से इसने रंगदारी मांगी थी । बालू घाट पर दो राउंड गोली फायरिंग भी की थी। घटना को लेकर उस समय पुलिस ने जगह-जगह छापेमारी की थी। गिरफ्तार युवक पर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर न्यायिक हिरासत में साहिबगंज जेल भेज दिया गया है। पुलिस निरीक्षक के अनुसार, उक्त युवक का आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर साहिबगंज व गोड्डा जिला के अलावा बिहार के अलग-अलग थानों में करीब 10 केस दर्ज है। टीम में एसआई अशोक कुमार सिंह, आरक्षी सुधीर दास, सादिक अली, सिष्टचरण मंडल आदि थे ।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का होगा आयोजन

गढ़वा (नि.सं.)। झारखंड ऑफ्थाल्मिक ऑफिसर्स एसोसिएशन, झारखंड रांची के गढ़वा जिला इकाई और राधिका नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में 25वें विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर ऑटो रिक्शा चालकों के लिए विशेष नेत्र जांच और जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 30 अक्टूबर को आयोजित होगा। शिविर में सभी ऑटो चालकों की निःशुल्क नेत्र जांच की जाएगी। आंखों की जांच और उचित उपचार की सलाह भी दी जाएगी। उसके साथ ही जिन चालकों को चश्मे की आवश्यकता होगी उन्हें मौके पर ही निःशुल्क चश्मे भी दिए जाएंगे।

पुलिस और सीआरपीएफ का सघन सर्च अभियान

पलामू के जरदेवा पहाड़ के पास माओवादियों का हथियार बरामद

निज संवाददाता | पलामू

विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में 27 अक्टूबर को एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। सीआरपीएफ की 93वीं बटालियन और जिला बल के दल ने हुसैनाबाद थाना के महुदंड और आसपास के मतदान केंद्रों पर सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि नासो जमालपुर गांव के उत्तर दिशा में जरदेवा पहाड़ के पास माओवादी जोनल कमांडर नितेश यादव, संजय यादव उर्फ गोदराम और ठेगन मियां ने चुनाव को प्रभावित करने के इरादे से आम जनता में भय फैलाने के लिए हथियारों का भंडार जमीन में गाड़ रखा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सर्च अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान जंगल में जमीन के अंदर से एक दो नाली बंदूक और बारह बोर के दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस बरामदगी के बाद हुसैनाबाद थाना में मामला संख्या 225/24, दिनांक 27/10/2024 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। छापेमारी दल में सीआरपीएफ की 93वीं बटालियन के कंपनी कमांडर कुन्दन सिंह, चंदन सिंह चौहान, रविन्द्र कुमार शर्मा, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, अनंत कुमार सिंह, रमण यादव, महुदंड ओ.पी. प्रभारी कमलेश प्रताप सिन्हा एवं सैट-34 के जवान शामिल थे। इस छापेमारी से चुनाव में माओवादी हस्तक्षेप की कोशिशों पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

छापेमारी में गांजे की बड़ी खेप के साथ दो गिरफ्तार

निज संवाददाता | देवघर

कुंडा थाना क्षेत्र के बैद्यनाथपुर बंधा मोहल्ले में कुंडा पुलिस ने छापेमारी कर नशे के कारोबार को बेनकाब किया है। कुंडा थाना पुलिस को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर, रविवार को सुबह 11:00 बजे पुलिस ने अजय मोदी के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उसके घर से 8.148 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया। साथ ही गांजे के साथ पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार व्यक्तियों में एक नेपाल के काठमांडू जिले का निवासी शंभू साह कलवार और दूसरा कुंडा थाना के बैद्यनाथपुर बंधा मोहल्ला का निवासी अजय मोदी शामिल हैं। कुंडा थाना प्रभारी के अनुसार उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि अजय मोदी का घर नशीले पदार्थों के कारोबार का केंद्र बन गया है। सूचना की पुष्टि करने के बाद, उन्होंने मामले की जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह को दिये । इसके बाद एसडीपीओ ने एक छापेमारी टीम का गठन कर तुरंत कार्रवाई करते हुए उसके घर में छापेमारी की। आरोपी शंभू साह कलवार, बताया कि वह नेपाल के पोखरिया थाना अंतर्गत विश्रामपुर गांव का निवासी है। वह देवघर में कई महिनों से रह कर नशीले पदार्थ गांजा बेचने का काम करते हैं। पूछताछ के दौरान यह भी बताया कि वह कांवरिया का ड्रेस पहनकर बैद्यनाथ मंदिर के आसपास गांजा बेचने का काम करता था। सूत्रों के अनुसार आरोपी ने ने नेपाल से चोरी छिपे गांजा मंगवाकर देवघर में काफी लंबे समय से बेचने का काम करता था। थाना प्रभारी के अनुसार मामले की जांच पड़ताल करने के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना कांड संख्या 182/2024 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके बाद दोनों का स्वास्थ्य जांच कराने के बाद कोर्ट में पेशी कर न्यायाधीश के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

घटना स्थल से क्या-क्या हुआ बरामद

पुलिस के अनुसार छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के ठिकाने से तीन बैग में अलग-अलग वजन के कुल 8.148 किलोग्राम गांजा व दो मोबाइल व सिमकार्ड के अलावे कुछ डायरियां बरामद हुआ है। जिसकी जांच किया जा रहा है।

वाहन जांच के क्रम में 24 वाहन से वसूला 74 हजार रुपया

निज संवाददाता | पाकुड़

प्रतिनिधि विधानसभा आम चुनाव के आदर्श आचार संहिता के सभी नियमो का अनुपालन कराने को लेकर शनिवार शाम को पाकुड़-धुलियान पश्चिम बंगाल अंतरर्राज्यीय चेकपोस्ट चांदपुर के पास परिवहन विभाग एवं मुफ्फासिल पुलिस ने संयुक्त रूप से वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमे सभी दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहनों के जरुरी कागजात, सीट बेल्ट, डिक्की, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, ड्रंक एंड ड्राइव जैसे कई जरुरी चीजों की जांच की गई I जांच के क्रम मे सभी 24 वाहनो से 74 हजार 450 रूपये का ऑनलाइन ई-पॉश मशीन से चालान काटा गया। सभी वाहन चालको से अनुरोध किया गया कि वाहन चलाते समय मोटर वाहन अधिनियम के सभी धाराओं का अनुपालन करने के साथ आदेशानुसार आदर्श आचार अंहित का पालन अवश्य करें। नहीं तो कार्रवाई होंगी। जांच के क्रम में मुफ्फासिल थाना प्रभारी, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट मो. अजहद अंसारी उपस्थित थे।

पाडेरबथान चेकनाका पर दो वाहन से 4.80 लाख नगदी बरामद

निज संवाददाता | साहिबगंज

पाडेरबथान चेकनाका पर दो वाहन से 4.80 लाख नगदी बरामद बरहेट। पाकुड़-साहिबगंज जिला सीमा पर स्थित बरहेट के पाडेर बाथान चेकनाका पर दो अलग अलग वाहन से कुल 4 लाख 80 हजार रुपया नकद बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार बीते 26-27 अक्टूबर की रात 2:40 बजे चार चक्का ईचर वाहन (जेएच 10 एएम 6813) से योगेंद्र सिंह नामक व्यक्ति साहिबगंज से धनबाद 1.3 लाख लेकर जा रहा था। रुपए से संबंधित कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाने पर ड्यूटी पर तैनात एएसआई मो. जमील अपने टीम के साथ जांच के दौरान उक्त नगदी जब्त कर लिया। वहीं दूसरा मामला बरहरवा से गोड्डा जाने वाली अलबेला बस का है।

इस बस की जांच के दौरान सुबह करीब 7:05 बजे बस से जा रहे पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिला के घुसकारा के प्रेमचंद साह के बैग से 3.5 लाख रुपया नगदी बरामद किया गया है। बरामद की गई राशि को बरहेट थाना में जमा करा कर आगे की प्रक्रिया की जा रही है। मौके पर चेकनाका पर तैनात दंडाधिकारी प्रधान टुडू, प्रदीप कुमार, बरहेट थाना एएसआई जमील अख्तर मौजूद थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

विचार-मंथन

संपादकीय

कांग्रेस को अपनी कमजोर स्थिति से उबरना होगा

अगर लोकसभा चुनाव में बहुमत न हासिल कर पाने की वजह से एनडीए के अंदर बीजेपी नेतृत्व की पकड़ कुछ कमजोर हुई तो हरियाणा की हार इंडिया खेमे में कांग्रेस की साख पर भारी पड़ती दिख रही है। हरियाणा के चुनावी नतीजे आने के बाद न सिर्फ विपक्षी नेताओं की बयानबाजी के अंदाज बदल गए हैं बल्कि सीट बंटवारे में कांग्रेस की सौदेबाजी करने की क्षमता भी खत्म हो गई लगती है। इसका पहला बड़ा प्रभाव उत्तर प्रदेश में दिखा, जहां नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने एकतरफा ढंग से उम्मीदवार घोषित करने शुरू किए। कांग्रेस ने पहले परदे के पीछे बातचीत कर मामले को संभालने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। आखिरकार उसने त्याग की मुद्रा अख्तियार करते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान बचाने की इस लड़ाई में व्यापक हितों को देखते हुए वह अपना कोई प्रत्याशी खड़ा नहीं करेगी और सभी 9 सीटों पर समाजवादी पार्टी को जिताने का प्रयास करेगी। महाराष्ट्र विकास आघाड़ी के तीनों प्रमुख दलों में कांग्रेस खुद को सबसे बड़ी बता रही थी। इसका ठोस आधार भी था। लोकसभा चुनावों में पार्टी ने राज्य में विपक्षी दलों में सबसे ज्यादा 13 सीटें जीती थीं। स्वाभाविक ही वह बाकी दोनों दलों के मुकाबले ज्यादा सीटें मांग रही थी। शुरुआती खबरों में ऐसे संकेत भी मिले कि उसकी मांग को स्वीकार कर लिया जाएगा। लेकिन आखिरी दौर में शरद पवार की अगुआई में हुई बैठक में जो फॉर्म्युला मंजूर हुआ, उसके मुताबिक तीनों पार्टियों – कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (शरद)– ने 85-85 सीटों पर लड़ना तय किया। निश्चित रूप से यह कथित बराबरी कांग्रेस के खिलाफ है, लेकिन वह इसे मानने को मजबूर दिख रही है। सवाल यह है कि कांग्रेस का यह घटा हुआ कद इंडी. ब्लॉक के क्षेत्रीय दलों के लिए तात्कालिक तौर पर फायदेमंद भले हो, क्या यह दीर्घकालिक तौर पर गठबंधन के लिए लाभकारी होगा? ध्यान रहे, लोकसभा चुनावों में अगर विपक्ष बेहतर प्रदर्शन कर सका तो उसके पीछे दो दौर की भारत जोड़ो यात्रा के कारण विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी के बढ़े हुए कद का भी कम योगदान नहीं था।

धर्मनिरपेक्षता के पक्ष में

आजकल धर्मनिरपेक्षता को लेकर चलने वाली बहसें अक्सर जिस तरह का तीखा रूप ले लेती हैं, उसके मद्देनजर यह महत्वपूर्ण है कि पिछले दो दिनों में दो बार सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग फैसलों में इसकी अहमियत रेखांकित हुई। एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा करार दिया तो दूसरे मामले में इसकी संकीर्ण व्याख्या से उपजी गड़बड़ियां दुरुस्त कीं। सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि धर्मनिरपेक्षता के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जा सकती क्योंकि यह संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। मामले की गंभीरता का अहसास कराते हुए जस्टिस संजीव खन्ना ने याचिकाकर्ताओं से सीधा सवाल किया कि 'क्या आप नहीं चाहते कि भारत धर्मनिरपेक्ष रहे?' याचिकाकर्ताओं ने भी तब कहा कि उन्हें देश की धर्मनिरपेक्षता से आपत्ति नहीं, वे सिर्फ 42वें संशोधन को चुनौती दे रहे हैं।सर्वोच्च अदालत के फैसले से यह भी साफ हुआ कि संशोधन के द्वारा प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े जाने का मतलब यह नहीं है कि इससे पहले धर्मनिरपेक्षता संविधान का अहम हिस्सा नहीं थी। चाहे समानता के अधिकार की बात हो या संविधान में आए बंधुत्व शब्द की या फिर इसके पार्ट 3 में दिए गए अधिकारों की, ये सब इस बात का साफ संकेत हैं कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की मूल विशेषता है। अदालत ने यह भी कहा कि चाहे धर्मनिरपेक्षता हो या समाजवाद, इन्हें पश्चिम के संदर्भ में देखने की जरूरत नहीं। भारतीय परिवेश ने इन शब्दों, मूल्यों, संकल्पनाओं को काफी हद तक अपने अनुरूप ढाल लिया है। दूसरा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द किए जाने से जुड़ा था, जिसे मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने गलत करार दिया। हाईकोर्ट ने इस एक्ट को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ माना था। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की इस संकीर्ण व्याख्या के चलते प्रदेश के 13 हजार से ज्यादा मदरसों में पढ़ रहे 12 लाख से अधिक स्टूडेंट्स के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे।

ब्रेक के बाद चीन से पुनः दोस्ती के वैश्विक मायने को ऐसे समझिए

(कमलेश पांडे)

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी है कि भारत-चीन के सम्बन्धों का महत्व सिर्फ हमारे लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी अहम हैं। सीमा पर उभरे मुद्दों पर बनी सहमति का स्वागत है। सियासत की तरह वैश्विक कूटनीति में भी न तो कोई किसी का स्थायी दोस्त होता है और न ही चिरस्थायी दुश्मन, कुछेक अपवादों को छोड़कर। शायद यही सोचकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से एक बार फिर हाथ मिलाने की रस्म पूरी कर ली। वो भी मित्र देश रूस के उस कजान शहर में जहां ब्रिक्स देशों की समिट हुई। इससे हमारे प्राकृतिक मित्र और स्थायी शुभचिंतक देश रूस को सबसे ज्यादा खुशी हुई, क्योंकि इस स्थिति को पैदा करने का अहम सूत्रधार वही है। आज दुनिया जिस विकट स्थिति से गुजर रही है, उसके दृष्टिगत भी भारत-चीन का निकट आना अहम है, क्योंकि इससे दोनों देशों के बीच युद्ध की संभावनाएं निर्मूल साबित होंगे। इस बात में कोई दो राय नहीं कि भारत-चीन की दोस्ती के वैश्विक मायने अहम हैं।यह शांति, स्थिरता और विकास की गारंटी है। वैसे तमाम ऐतिहासिक सम्बन्धों, पंचशील सिद्धांतों और मोदी-चिनफिंग मित्रता के बावजूद कभी भारत चीन युद्ध 1962, तो कभी लद्दाख में गलवान घाटी हिंसक झड़प की जो नौबत आई, वैसी स्थिति निकट भविष्य में पैदा न हो, और यदि हो भी तो भारत अपनी ओर से पुख्ता प्रतिरक्षात्मक तैयारी रखे, इसी रणनीति के साथ भारत-चीन सम्बन्धों को आगे बढ़ाने में कोई हर्ज नहीं है। हां, उससे इस बात की गारंटी लेनी होगी कि सिर्फ भारत-चीन सीमा पर ही नहीं, बल्कि भारत के पड़ोसी देशों यथा पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका और मालदीव के अलावा ईरान में भी उसे भारतीय हितों के आगे नहीं जाना होगा, अन्यथा स्थायी मित्रता मुश्किल है! आज जिस तरह से रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध को पश्चिमी देशों द्वारा हवा दी जा रही है, भारत-कनाडा के तल्ख होते रिश्तों और भारत-अमेरिका और भारत-ब्रिटेन के दांवपेंच भरे

> *यह भूलकर या इस बात से बेखबर रहकर कि यह कहां से आ रहा है। उन्होंने ठीक ही कहा कि संवेदनशील भू-राजनीतिक परिदृश्य के कारण कुछ प्रतिबंध लागू रहने चाहिए। हम व्यापार चाहते हैं। हम निवेश चाहते हैं। लेकिन हमें कुछ सुरक्षा उपायों की जरूरत है, क्योंकि भारत ऐसे पड़ोस के बीच स्थित है जो बहुत ही संवेदनशील है।*

रिश्तों को नियंत्रित करने के लिए भी भारत-चीन के मधुर सम्बन्ध बेहद अहम साबित हो सकते हैं। इसके अलावा, बेकाबू हो रहे इस्लामिक देशों जैसे पाकिस्तान-बंगलादेश आदि को नियंत्रित करने के लिहाज से भी भारत-चीन एक दूसरे के काम आ सकते हैं। आज जिस तरीके से कहीं ईसाइयत तो कहीं इस्लाम हावी होते जा रहे हैं, उसके दृष्टिगत भी हिन्दू मिजाज वाला देश हिंदुस्तान और बौद्ध मिजाज वाला देश चीन परस्पर मिलकर बहुत कुछ उम्दा कर सकते हैं। शायद यही सोच दोनों देशों का नेतृत्व थोड़ा झुका और दोस्ती की बात आगे बढ़ाई जा सकी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी है कि भारत-चीन के सम्बन्धों का महत्व सिर्फ हमारे लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी अहम हैं। सीमा पर उभरे मुद्दों पर बनी सहमति का स्वागत है। शांति-स्थिरता रखना हमारी प्राथमिकता रहनी चाहिए।आपसी विश्वास, साझा सम्मान और पारस्परिक संवेदनशीलता सम्बन्धों का आधार बने रहना चाहिए। मुझे विश्वास है कि हम खुले मन से बातचीत करेंगे। वहीं, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग का यह कहना है कि भारत और चीन को सम्बन्ध स्थिर बनाए रखने के लिए एक दूसरे के साथ मिलकर काम करना चाहिए, जिससे दोनों देशों के विकास लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिल सके। इसके लिए हमें मतभेद दूर करने के लिए कम्युनिकेशन और साथ मजबूत करना चाहिए। दोनों ही प्राचीन सभ्यताएं और विकासशील देश हैं। इसलिए पारस्परिक हितों को आगे बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका सम्बन्धों की सही दिशा को बनाये रखना है। ऐसे में सम्बन्धों की सही दिशा क्या होगी, विचारणीय पहलू है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई एक मसलों पर आज भारत की दिशा कुछ और है और चीन की दिशा कुछ और, इसलिए खुले मन से ही इस पर पारस्परिक विचार किया जा सकता है। इस क्रम में सम्प्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का ध्यान रखना सर्वोपरि होना चाहिए। फिर व्यापार संतुलन को तरजीह दिया जाना चाहिए, जो अभी चीन के पक्ष में एकतरफा है। इसके अलावा, एक-दूसरे को घेरने की रणनीति के विचार को त्याग देना चाहिए। क्योंकि इससे पश्चिमी देशों को फायदा होगा और भारत-चीन को काफी क्षति! वहीं, चीन के साथ सम्बन्धों के विकास में भारत को हिंदूवादी नजरिया अपनाना होगा, क्योंकि यही वो दृष्टिकोण है जो पारस्परिक सभ्यता-संस्कृति के विकास से लेकर आर्थिक व्यवहार में समृद्धि की गारंटी दे सकते हैं। भारत भगवान बुद्ध की जन्मस्थली है, कर्मस्थली है, इसलिए पर्यटन विकास के द्वारा हमलोग दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों को पारस्परिक सूत्र में पिरो सकते हैं। वहीं, भारत-चीन सीमा पर स्थित हिमालय, जो नेपाल, भूटान से भी जुड़ा हुआ है, के विकास में अपार पर्यटकीय संभावनाएं छिपी हुआ हैं, जिसे आसेतु हिमालयी देशों के बीच उभारने की जरूरत है। इससे पूरी दुनिया भारत की ओर खिंचेगी। इससे होने वाली अकूत आय से भी भारत-चीन सीमा की निगरानी और रखरखाव में भी दिक्कत नहीं आएगी। सबकुछ पारदर्शी हो जाएगा। एक बात और, अरब देशों से भारत के सम्बन्ध हमेशा से अच्छे रहे हैं। लेकिन जब से मुस्लिम आक्रमणकारियों और आतंकवादियों ने भारत को धार्मिक नजरिए से रौंदना शुरू किया, तब से उसके साथ सम्बन्धों में हमें फूंक-फूंक कर चलना होता है। खासकर पाकिस्तान और बंगलादेश के अभ्युदय से भारतीय विदेशनीति की चुनौती बढ़ी है। पहले अमेरिका ने अरब मुल्कों से अच्छे सम्बन्ध बनाए। लेकिन इजरायल के मुद्दे पर जब विरोधाभास बढ़ा तो ईरान की मुखरता देख चीन और रूस ने अरब देशों में अपनी जड़ें गहरी जमा लीं। ऐसे में भारत को अपने राष्ट्रीय हितों के मुताबिक सतर्कता पूर्वक अरब देशों से सम्बन्ध विकसित करने होंगे, क्योंकि आज अमेरिकी गुट और रूसी गुट, दोनों से भारत के सम्बन्ध मधुर हैं। वहीं, सऊदी अरब और ईरान से भी अच्छी दोस्ती है, क्योंकि ये पाक परस्त नहीं हैं। इसे भी संतुलित रखने में चीनी मित्रता काम आ सकती है। खास बात यह है कि भारत-चीन में एलएसी विवाद पर सुलझते रिश्तों के बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि चीन पर निवेश प्रतिबंध लागू रहेंगे। क्योंकि भारत आंखें बंद करके किसी भी देश से निवेश नहीं ले सकता है। उन्होंने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर सावधानी बरतने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राष्ट्रीय हित की सुरक्षा सबसे जरूरी है।

आसान नहीं भारत-चीन के बीच रिश्ते सामान्य होने की डगर! बड़ी मुश्किलें हैं अभी इस राह में!

(हरेंद्र चौधरी)

ब्रिक्स में पांच साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच पांच साल बाद पहली बार द्विपक्षीय बातचीत हुई। इस बातचीत में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गतिरोध खत्म करने को लेकर बनी सहमति का स्वागत किया गया। इस बैठक में दोनों देशों में इस बात पर सहमति बनी कि द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती में ही दोनों का भला है। जहां भारत ने अपने बयान में पेट्रोलिंग अरेंजमेंट का जिक्र किया था, वहीं चीन ने इससे दूरी बनाई। जिसके बाद चीन की ईमानदारी को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी पहले ही संकेतों में ही बफर का सम्मान करने को लेकर चीन पर प्रश्नचिन्ह उठा चुके हैं। संदेह ये भी जताया जा रहा है कि कहीं जब स्पेशल रिप्रजेंटेटिव स्तर की बातचीत शुरू हो, तो चीन कहीं भारत के साथ अपने पुराने अड़ियल रवैये पर चलना न शुरू कर दे। सूत्रों का कहना है कि जब तक तीन 'डी' का सर्किल पूरा न हो जाए, तब तक संबंध सामान्य की आस रखना फिजूल है। ब्रिक्स में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बुधवार को हुई बैठक लगभग पांच वर्षों में हुई पहली द्विपक्षीय बैठक थी। पिछली बार यह बैठक ब्रासीलिया 2019 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। इस बैठक में दोनों नेताओं ने पिछले कई सप्ताहों से कूटनीतिक और सैन्य माध्यमों से चल रही निरंतर बातचीत से हुए समझौते का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा संबंधी मामलों पर पैदा हुए मतभेदों का हमारी सीमाओं पर शांति और सौहार्द पर कोई असर न हो। वहीं इस बैठक में सहमति बनी कि दोनों देशों के वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर हुए पेट्रोलिंग समझौते को लेकर जल्द से जल्द बातचीत आगे बढ़ाई जाए और इसके लिए विशेष प्रतिनिधि (स्पेशल रिप्रजेंटेटिव) स्तर की वार्ता फिर से शुरू की जाए। बता दें कि आखिरी बार स्पेशल रिप्रजेंटेटिव की की वार्ता मौजूदा एनएसए अजीत डोवाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी की बीच दिसंबर 2019 में हुई थी। अंतरराष्ट्रीय और रक्षा मामलों के जानकार और पूर्व सैन्य अधिकारी प्रवीण साहनी कहते हैं कि जैसा कि उन्हें जानकारी मिली है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच होने वाली बैठक का आधार तैयार करने के लिए, चीनी वार्ताकारों ने 29 अगस्त को बीजिंग में आयोजित डब्ल्यूएमसीसी की 31वीं बैठक में ही अपने भारतीय समकक्षों के सामने सैनिकों की वापसी, पेट्रोलिंग और चरागाह व्यवस्था शुरू करने की पेशकश पहले ही कर दी थी। वह कहते हैं कि इस प्रस्ताव को दो चरणों में लागू किया जाना है। पहले चरण में, दोनों देश देपसांग और डेमचोक (पूर्वी लद्दाख में दो शेष टकराव के पॉइंट) में एक-दूसरे के इलाके में दो किलोमीटर अंदर तक गश्त कर सकेंगे और और मवेशियों को चरने के लिए भेजेंगे। वहीं गश्त की जानकारी एक-दूसरे को पहले ही देनी होगी। दोनों देशों को गश्त करने वाले जवानों की संख्या, समय और पेट्रोलिंग की अवधि के बारे में सूचित करना होगा। पेट्रोलिंग की सूचना पहले मिलने से 'गलतफहमी से बचने' में मदद मिलेगी। वहीं, पहले चरण में, दोनों पक्ष अपनी सेनाओं को पीछे हटाना (डिसइंगेजमेंट) शुरू करेंगे और चार किलोमीटर का बफर जोन बनाएंगे। जहां दोनों पक्ष एक-दूसरे को सूचित किए बिना नियमित पेट्रोलिंग कर सकेंगे। साहनी के मुताबिक एक बार जब सेना पीछे हट जाएंगी, तो दोनों पक्ष 'सीमा क्षेत्रों' के प्रबंधन के लिए नए विश्वास-निर्माण उपायों पर काम शुरू करेंगे। क्योंकि वास्तविक नियंत्रण रेखा को बफर जोन में बदल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 सितंबर, 2020 को मॉस्को में विदेश मंत्रियों जयशंकर और वांग यी ने जिस संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर किए थे, उनमें भी दोनों पक्षों ने इस पर सहमति व्यक्त की थी। वहीं बस इसमें डिएस्कलेशन का कोई जिक्र नहीं था।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5536

		9	4	7			3	6
				8			2	9
	1		2				5	7
7	6							
		1				6		
							1	5
6	9				1		4	
8	2			5				
1	4			6	9	7		

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5535

6	5	7	4	2	3	1	8	9
8	1	4	9	5	6	2	7	3
3	9	2	1	8	7	4	5	6
5	4	6	8	7	2	3	9	1
7	8	1	3	9	4	6	2	5
2	3	9	5	6	1	7	4	8
4	2	5	6	1	8	9	3	7
9	6	3	7	4	5	8	1	2
1	7	8	2	3	9	5	6	4

आज का राशिफल

मेष

आज करियर के मामले में सफलता प्राप्त होगी और हर कार्य में मन के अनुकूल परिणाम मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपकी चिंताएं दूर होंगी और करियर में तरक्की के योग हैं। आपकी योजनाएं सफल होंगी। परिवार की सलामती के लिए कटिबद्ध रहते हैं। आज भी चिंता आपको परेशान कर सकती है।

वृष

आज दिन शुभ है और आपका भाग्य भरपूर साथ देगा। आपकी आर्थिक समस्याएं दूर होंगी और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। समस्याएं दूर होंगी। परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। किसी कारण से दूर की यात्रा हो सकती है और आपका काम धंधा भी काफी अच्छा चलेगा। छोटे-मोटे पार्ट टाइम काम के लिए समय निकालना आसान होगा।

मिथुन

आज दिन परेशानियों से भरा रहेगा। आपको अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी क्योंकि पिछले काफी दिनों से बड़ी लापरवाही होने की वजह से आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। इस वक्त आप किसी निवेश को लेकर जोखिम न लें।

तुला

आज आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके घर में किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है और इसमें कितना खर्च होगा, इसको लेकर भी बात हो सकती है। जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं को ही खरीदना चाहिए तो ही आपको लाभ होगा।

वृश्चिक

आज दिन बिना वजह की दौड़भाग करने में बीतेगा। लेकिन शाम के वक्त सफलता मिलने से आपको थकान का अनुभव नहीं होगा। आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें तो आपको लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपके धन में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी और आपकी योजनाएं सफल होने से आपके उत्साह में इजाफा होगा।

धनु

आज आपकी तरक्की को देखकर ऑफिस में सहयोगियों को आपसे जलन होगी। आपको इन बातों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। आपकी नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। आपको अपने जरूरी कार्य पूर्ण करने के लिए दोगुना मेहनत करने की जरूरत है। व्यर्थ की मान बढ़ाई से दूर रहें और अपने काम पर फोकस करें। अपने काम पर फोकस करें। इससे आपको लाभ होगा।

कर्क

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपको सम्मान की प्राप्ति होगी। ग्रह चाल भाग्य में वृद्धि होने से आपका दिन शुभ होगा। व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों में भी हास्य विनोद बढ़ेगा। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है। मामा पक्ष से सहयोग मिलेगा।

सिंह

आज उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ होगा। लाभ के सुअवसर आपको दिन भर प्राप्त होंगे। आयात निर्यात के व्यवसाय में आपको लाभ होगा। आध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा और मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है। समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा। आपके धन में वृद्धि होगी। कारोबार में योजनाएं सफल होंगी।

कन्या

आज करियर के मामले में लाभ और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। आपको प्रसन्नता होगी। आपके जीवन से विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु और ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी से रुपया उधार न लें वरना आपको वापस नहीं मिलेगा।

मकर

आज दिन शुभ नहीं है और आपको बिना किसी कारण के समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपके जीवन में कुछ परेशानियां तो आपके स्वभाव के कारण बढ़ जाती हैं। आप अपने अदूरदर्शी स्वभाव के कारण कुछ समस्याओं को न्यौता दे देते हैं। विरोधियों को अपने साहस और बुद्धिमानी से पराजित कर सकते हैं।

कुंभ

आज लाभ होगा और करियर के मामले में भरपूर सफलता प्राप्त होगी। आपको अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा और कारोबार में आपकी तरक्की होने से मन काफी प्रसन्न रहेगा। तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें तो आपके लिए अच्छा होगा। नवीन योजनाओं में सफलता प्राप्त होगी। दोस्तों से आर्थिक सहयोग मिलेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण हो जाएंगे। पुराने झगड़े और झंझटों से छुटकारा मिलेगा।

मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और जो लोग आपके साथ जान पहचान बढ़ाने के इच्छुक हैं उनसे आपको लाभ होगा। पुरानी योजनाओं में आपको लाभ होगा। रुका धन मिलने से आपका मन खुश रहेगा और रोजमर्रा के काम में कोताही बरतने से आपको नुकसान हो सकता है। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास बढ़ेगा और आपके कार्य सफल होंगे।

वर्ग पहेली 5536

1	2	3	■	4	5	6	7
8			■	9			
10		■	■	11		■	
■	■	12	13			■	
■	14				■	15	■
16				■	17		
■		■	■	18			■
■	19				■	20	

संकेत: बाएं से दाएं

1. 3 जून 1918 को मध्यप्रदेश में यहां गांधीजी की अध्यक्षता में हिंदी साहित्य सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें पारि प्रस्ताव द्वारा हिंदी राजभाषा मानी गई (3)
4. ये यूनानी दर्शनिक जो प्लेटो के गुरू थे (4)
8. पत्रे की चौड़ाई में विभाग, स्तंभ (3)
9. दंत पंक्तियों वाली लोहे की चौकोर कंघी, अरहर के डंठलों की झाड़ू (4)
10. मनोयोग से काम में लगा हुआ (2)
11. जो रिश्ते में पिता का पिता हो (2)
12. सहयोग, मदद, इमदाद (4)
14. एक भूमिगत तना जो औषधि और मसाले में प्रयक्त होता है (4)
16. भूलना, भुला देना (4)
17. कुल, सारा, समाप्त (3)
18. यह इंद्र का सारथि था कहते हे राम रावण के युद्ध में यही श्रीराम का सारथि था (3)
19. यह जंबू द्वीप के अरबखंड में स्थित एक देश जो 1971 में स्वतंत्र हुआ (4)
20. विश्व की एक मात्र फिल्म जो एक पात्रीय थी (2)

ऊपर से नीचे

1. मना या वर्जित करने का भाव (3)
2. धन-संपत्ति, रूपया-पैसा (3)
3. तरंग, लहर-पेंग एक विलायती मदिरा (2)
4. सुखदेने वाला, सुखदाता (5)
5. टेक्स देने वाला, करदायक (4)
6. पथ, मार्ग, रास्ता (2)
7. करी से काट-छांट करना (4)
12. सर्वोच्च स्थान (3)
13. पराजित होना, शिकस्त खाना (3)
14. घर-गृहस्थी का सामान आदि (4)
15. इस देश का पूर्व में सोमाली लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में जाना जाता था (2)
17. वह वाद्य जिसमें तार लगे हो, वहीं (2)
18. प्रतिष्ठा, इज्जत, नापने की क्रिया (2)

वर्ग पहेली 5535 का हल

श्र	मे	व	ज	य	ते	■	गु
मि	ल	न	■	म	ह	सू	ल
क	न	■	ग	ज	रा	■	फा
■	बै	रा	ग	■	न	सी	म
म	ठ	■	न	बी	■	प	■
■	ना	का	म	■	■	■	गा
क	■	म	णि	र	ब	म	■
वि	य	ना	■	क्स	■	घा	ट

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

बदसलूकी रोकने को यहां पुलिसकर्मियों को लगाए जाएंगे बॉडी कैमरे, होगी रिकॉर्डिंग

भुवनेश्वर, एजेंसी। भुवनेश्वर-कटक में अब पुलिस थानों के रिसेप्शन पर काम करने वाले कर्मचारियों को बॉडी कमैरे पहनने होंगे। जानकारी के मुताबिक पुलिसकर्मियों, अन्य कर्मचारियों और वहां आने वाले लोगों के व्यवहार पर नजर रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। भरतपुर पुलिस स्टेशन पर सेना के अधिकारी के साथ बदसलूकी और खंडगिरि थाने में महिला पुलिसकर्मी के साथ दुर्व्यवहार की घटना के बाद पुलिस कमिश्नर ने यह आदेश दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि भुवनेश्वर के कई थानों में रविवार से ही इन नियमों को लागू कर दिया गया है। कमिश्नर ऑफ पुलिस एस देवदत्ता ने पारदर्शिता और विश्वसनीयता को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया है। इससे पुलिसकर्मियों और थाने में आने वाले लोगों के व्यवहार पर नजर रखी जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर बताया कि पुलिसकर्मियों का व्यवहार भी नम्र होना चाहिए। इसके अलावा सारे काम कानून के दायरे में होने चाहिए। इसके लिए लगातार निगरानी करना जरूरी है। पोस्ट में कहा गया, बॉडी कैमरे कंट्रोल रूम में रियल टाइम अलर्ट देंगे। इससे पुलिस की प्रतिक्रिया भी तेज होगी। कम से कम एक महीने के लिए ऑडियो और वीडियो को सुरक्षित रखा जाएगा। पहले से मौजूद बॉडी कैमरे को भी हाइटेक करने का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि कई बार ऐसे घटनाएं सामने आ चुकी हैं जब थाने आने वाले लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। इसके बाद कई बार शिकायतकर्ता ने ही पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी की। पुलिस थानों के लिए जारी किए गए ये कैमरे बातचीत को भी रिकॉर्ड करते रहेंगे। पिछले महीने भरतपुर थाने में रोडरेज को लेकर एक आर्मी ऑफिसर अपनी मंगेतर के साथ थाने पहुंचे थे जहां उन्हें क्रूरता का सामना करना पड़ा था। महिला की आपबीती हैरान करने वाली थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि हाथपैर बांधकर उनकी पिटाई गई है। इसके अलावा अधिकारी से पैंट उतारने की बात कही गई थी। आर्मी ऑफिसर सिख रेजिमेंट में हैं। उन्होंने बताया, रात में रेस्तरां बंद करके घर जाते वक्त कुछ लोगों ने बदसलूकी की। जब इसकी शिकायत को लेकर वह थाने पहुंची तो वहीं सिविल ड्रेस में मौजूद लेडी कॉन्स्टेबल ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। इसके बाद मंगेतर (सेना के अधिकारी)कोल लॉकअप में डाल दिया गया और दोनों की बुरी तरह पिटाई की गई।

एकनाथ शिंदे सीएम हैं और महायुति को उम्मीदवार घोषित करने की जरूरत नहीं : फडणवीस

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का कहना है कि अगर जनता उन्हें सीएम के तौर पर देखती है, तो यह समस्या नहीं समाधान है। साथ ही उन्होंने महाविकास अघाड़ी पर अब तक मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित नहीं करने पर भी तंज कसा। महाराष्ट्र में उम्मीदवारों की घोषणा का दौर जारी है। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को मतगणना की जाएगी। समाचार एजेंसी एएनआई ने एनडीटीवी मराठी इलेक्शन कॉन्क्लेव के हवाले से लिखा, हल्के फुल्के अंदाज में मैं यह कहना चाहता हूं कि जब आपने मेरा परिचय दिया तो कहा कि देवेंद्र जी लोग आपको सीएम समझते हैं यह लोगों की समस्या है। मैं इसे समाधान मानता हूं, समस्या नहीं। इसका मतलब यह नहीं है कि मैं सीएम बनने वाला हूं। सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि इसे परेशानी की तरह मत लीजिए। उन्होंने यह भी कहा कि एकनाथ शिंदे सीएम हैं और महायुति को उम्मीदवार घोषित करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री कौन बनेगा यह चुनाव के बाद घोषित किया जाएगा। हम तीन बड़ी पार्टियां हैं, सीएम एकनाथ शिंदे शिवसेना प्रमुख हैं, अजित पवार एनसीपी चीफ हैं और हमारा संसदीय बोर्ड तय करेगा कि महाराष्ट्र का सीएम कौन होगा। उन्होंने आगे कहा, लेकिन हम चिंतित नहीं हैं, क्योंकि हमारे पास हमारा सीएम एकनाथ शिंदे हैं।

महाराष्ट्र की माहिम सीट पर तीन सेनाओं के बीच भिड़ंत, कितनी चुनौती दे पाएंगे राज ठाकरे के बेटे

मुंबई, एजेंसी।
महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर माहिम सीट पर मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है। मध्य मुंबई के इस विधानसभा क्षेत्र में तीन सेनाओं के बीच भिड़ंत होने वाली है। राज्य में सत्तारूढ़ महायुति के घटक दल शिवसेना, विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के उम्मीदवारों के बीच त्रिकोणीय फाइट होगी। मनसे ने माहिम विधानसभा सीट से पार्टी प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे को मैदान में उतारा है। वह पहली बार चुनाव लड़ेंगे। माहिम मुंबई की 36 विधानसभा सीट में से एक है।

राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने माहिम से मौजूदा विधायक सदा सर्वणकर को उम्मीदवार बनाया है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) महेश सावंत को मैदान में उतारा है। मालूम हो कि राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष

उद्धव ठाकरे चचेरे भाई हैं। शिवसेना जून 2022 में दो गुटो में बंट गई थी, क्योंकि शिंदे के नेतृत्व में कुछ विधायकों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर दी थी।

अमित, ठाकरे परिवार से चुनाव लड़ने वाले तीसरे व्यक्ति होंगे। उनके पिता मनसे के प्रमुख राज ठाकरे ने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे और अमित के चचेरे भाई आदित्य ठाकरे ने 2019 के विधानसभा चुनावों में वर्ली सीट से जीत हासिल की थी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने के बाद उद्धव ठाकरे खुद 2020 में विधान परिषद के लिए चुने गए। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना का मुख्यालय भी माहिम विधानसभा क्षेत्र में स्थित है।

इस बीच, मनसे को महायुति गठबंधन में शामिल करने की कोशिशें भी जारी हैं। मुंबई शहर के भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार और प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले सहित दूसरे नेताओं का इसे लेकर बयान आया। उन्होंने कहा कि वे चाहेंगे कि सत्तारूढ़ गठबंधन अमित ठाकरे को समर्थन दे। हालांकि, अभी इस पर अंतिम फैसला लेना बाकी है। शेलार ने कहा, राज ठाकरे ने हिंदुत्व पर अपना रुख बरकरार रखा है। अगर वे हमारा समर्थन करते हैं तो हमें अपना रिश्ता बनाए रखना चाहिए। अमित ठाकरे को महायुति के तौर पर समर्थन देना चाहिए। सीनियर नेताओं से इस पर बात करेंगे। अगर, अमित ठाकरे को भाजपा का समर्थन मिलता है और महायुति उम्मीदवार अपना नाम वापस लेते हैं तो माहिम की कहानी बदल सकती है। राज ठाकरे के बेटे इस सीट पर जीत के प्रबल दावेदार बन जाएंगे। हालांकि, इसकी संभावना कम नजर आ रही है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि भाजपा नेताओं ने महज चुनावी बयानबाजी की है। वहीं, माहिम से मौजूदा विधायक सदा सर्वणकर ने शनिवार को कहा था कि वह सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

राजस्थान और हरियाणा में वायरल वीडियो ने छेड़ा चालान वॉर, दोनों एक-दूसरे की बसों की फाड़ रहे रसीदें

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा और राजस्थान यातायात पुलिस के बीच चालान युद्ध छिड़ता नजर आ रहा है। इसकी वजह कुछ दिन पहले वायरल हुआ एक वीडियो माना जा रहा है, जिसमें एक महिला कॉन्स्टेबल को कंडक्टर के साथ 50 रुपये के टिकट को लेकर बहस करते देखा गया था। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। दोनों ही पक्ष दर्जनों वाहनों का चालान बना चुके हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वीडियो वायरल होने के बाद हरियाणा यातायात पुलिस ने राजस्थान स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बसों को रोकना और चालान बनाना शुरू कर दिया था। दो दिन के दौरान पुलिस ने चालान के दौरान तस्वीरें भी खीचीं। इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में आरएसआरटीसी के एक कंडक्टर ने कहा, वे मुख्य रूप से नॉन-एसी बसों के चालान बना रहे हैं।

अखबार के अनुसार, आरएसआरटीसी के जीएम मनोज कुमार बंसल ने कहा कि लेन बदलने, ड्राइवर के वर्दी नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने जैसे कारणों के चलते हरियाणा यातायात पुलिस की तरफ से करीब 40 आरएसआरटीसी बसों का चालान बनाया गया है। उन्होंने कहा, कुछ चालान 500-1000 के हैं, वहीं कुछ 5000 जितनी रकम के भी हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया, उन्होंने दो दिनों में 39 आरएसआरटीसी बसों को चालान दिए हैं और राजस्थान ने आज सिर्फ दो घंटे ऐसा किया।

अखबार से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि राजस्थान पुलिस ने हरियाणा रोडवेज की 8 बसों को जब्त किया है और 100 से ज्यादा का चालान बनाया है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि राजस्थान की 90 और हरियाणा की 26 बसों का चालान बना है।

राजस्थान के अधिकारी ने आरोप लगाए, उनकी कार्रवाई वीडियो वायरल होने के जवाब में की गई थी।

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की मदद करने वाले अफसरों पर एक्शन की तैयारी, हो सकते हैं तबादले

चंडीगढ़, एजेंसी। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की मदद करने वाले अफसर अब नायब सैनी सरकार के निशाने पर आ गए हैं दिवाली के बाद हरियाणा में बड़े स्तर पर अधिकारियों के तबादले हो सकते हैं। इसकी शुरुआत जिलों के एसपी और डीसी से होगी

सीएम नायब सैनी ऐसे अधिकारियों की सूची तैयार करवा रहे हैं, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की मदद की थी। हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों ने चुनाव में गड़बड़ी की कोशिश की थी। जिसकी सूचना सरकार को मिली। गड़बड़ी करने वालों में कई जिलों के एसपी, डीसी, एडीएम और डीएसपी रैंक तक के अधिकारी हैं।दीपावली के बाद इस अधिकारियों को बदला जाएगा। ट्रांसफर की लिस्ट तैयार हो रही है। सरकार के पास विधायकों व जिलाध्यक्षों ने सरकार को ऐसे अफसरों की रिपोर्ट सौंपी है। इस रिपोर्ट के आधार पर ही अब तबादले की सूची तैयार की जा रही है। ऐसा करके सरकार अफसशाही पर लगाम कसना चाहती है। मुख्यमंत्री नायब सैनी हरियाणा में वोटिंग के बाद से ही कहते रहे कि कई अधिकारियों ने चुनाव के दौरान ईमानदारी से काम नहीं किया।

एफएनजी एक्सप्रेसवे के लिए सर्वे का काम पूरा, तीन मार्ग चिन्हित; एक रूट पर होगा काम

फरीदाबाद , एजेंसी।
एनसीआर के शहर फरीदाबाद से नोएडा और गाजियाबाद तक सफर करने वालों के लिए राहत की खबर है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से फरीदाबाद-नोएडा-गाजियाबाद एक्सप्रेसवे की परियोजना के सर्वे का काम पूरा कर लिया गया है। इस एक्सप्रेसवे की नई डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में तीन अलांइमेंट (मार्ग) तैयार किए गए हैं। पीडब्ल्यूडी मुख्यालय द्वारा मंजूरी देने के बाद एक पर काम शुरू किया जाएगा।

पीडब्ल्यूडी की ओर से दिवाली बाद डीपीआर मुख्यालय को भेजी जाएगी। परियोजना के सिरे चढ़ने से दिल्ली के रास्ते गाजियाबाद-नोएडा और फरीदाबाद के बीच आवाजाही करने वाले एक लाख लोगों को जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा। शहर से रोजाना करीब एक लाख लोग नौकरी व

अन्य कामों के चलते नोएडा-गाजियाबाद के लिए आवाजाही करते हैं। नोएडा-फरीदाबाद के बीच यमुना नदी पड़ती है। लोगों को नोएडा जाने के लिए सड़क मार्ग से दिल्ली कालिंदीकुंज होकर नोएडा जाना पड़ता है। आगरा नहर के साथ बनी इस सड़क पर अक्सर जाम होने कारण वाहन चालकों को परेशानी होती है। वहीं दिल्ली की तरफ से नोएडा जाने पर घंटों ट्रैफिक में फंसना पड़ता है। मेट्रो से जाने पर कम से कम एक घंटे का समय लगता है। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर करीब छह माह पहले लोक निर्माण विभाग की ओर से एक्सप्रेसवे की डीपीआर बनाने के लिए नोएडा की एमएसवी कंपनी को कंसल्टेंट एजेंसी नियुक्त किया गया था। एजेंसी ने डीपीआर तैयार कर लोक निर्माण विभाग को सौंप दी है, जिसमें तीन अलाइनमेंट चिन्हित किए गए हैं। वर्ष 1998 में एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के क्षेत्रीय प्लान में और फरीदाबाद नगर निगम के सुझाव पर वर्ष 2011 के मास्टर प्लान में एफएनजी को शामिल किया गया था। सर्वे के बाद इस योजना को रद्द कर दिया गया। वर्ष 2015 में इसे फिर शुरू करने की योजना तैयार की गई। लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हो सका। एफएनजी परियोजना को प्रदेश सरकार ने अपने फ्लैगशिप प्रोजेक्ट में शामिल किया है। प्रोजेक्ट में हो रही अनावश्यक देरी को लेकर दो वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में तेज होगा जमीन अधिग्रहण, मास्टर प्लान में जुड़े 55 नए गांव

ग्रेटर नोएडा एजेंसी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने किसानों के लीजबैक मामलों का झंझट खत्म करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मास्टर प्लान 2041 को मंजूरी मिलने के बाद गांवों में आबादी का सीमांकन (पेरीफेरी) के बाहर ही भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। फिलहाल 15 गांवों का सर्वे शुरू कराया गया है। सर्वे के बाद किसानों से बातचीत कर आबादी का सीमांकन और जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। यमुना प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि यमुना सिटी में करीब 368 लीजबैक और 88 मामले शिफ्टिंग के लंबित पड़े हैं। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में लीजबैक के 2,288 मामले और करीब 250 शिफ्टिंग के लंबित हैं। इसी तरह नोएडा में काफी किसान इससे प्रभावित हैं। किसानों की शिकायत रहती है कि भूमि अधिग्रहण के दौरान उनकी आबादी की जमीन को भी अधिग्रहित कर लिया गया, जबकि आबादी की जमीन को अधिग्रहण में शामिल करने का नियम नहीं है। इसके लिए किसान तीनों प्राधिकरण में चक्कर लगाते हैं, वहीं बड़ी परियोजनाओं के विकास में भी यह बाधा बनती है। इन सभी समस्याओं को सुलझाने के लिए प्राधिकरण ने पेरीफेरी के बाहर अधिग्रहण की योजना बना ली है। लीजबैक और शिफ्टिंग प्रकरण को सुलझाने के लिए सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह की अध्यक्षता में तीन सदस्य कमेटी का गठन किया जा चुका है। लीजबैक व शिफ्टिंग के लिए डीएम प्रतिनिधि के रूप में एसडीएम से अनुमति लेनी होती है। एसडीएम फाइल पर हस्ताक्षर करने से बचते हैं, जिससे समस्या का निस्तारण नहीं हो पाता है। किसानों को समस्या दूर करने के लिए एसडीएम से अनुमति न लेना पड़े। मास्टर प्लान 2041 को बीते दिनों ही शासन से मंजूरी मिली है। मास्टर प्लान में बुलंदशहर के 55 नए गांवों को शामिल किया गया है, जिसके बाद कुल गांव 226 हो गए हैं।

भतीजे की काट भतीजा, बारामती में अजित पवार के खिलाफ शरद पवार बदल पाएंगे नतीजा?

बारामती, एजेंसी।
महाराष्ट्र में कई सीटों पर रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। इनमें भी सबसे ज्यादा चर्चित सीट बारामती विधानसभा है। यहां से अजित पवार फिर से मुकाबले में हैं, जो 1991 से लगातार यहां से जीत हासिल कर रहे हैं। इस बार हालात उलट हैं। उन्होंने बीते साल ही चाचा शरद पवार को गच्चा देते हुए एनडीए गठबंधन का दामन थाम लिया था। वह 40 विधायक लेकर आए थे और फिर एनसीपी ही उनकी हो गई। अब शरद पवार के पास जो खेमा है, उसकी पहचान एनसीपी-शरदचंद्र पवार के तौर पर है। इस तरह परिवार से लेकर पार्टी तक के समीकरण बदल गए हैं और बारामती विधानसभा सीट पर इसका सबसे ज्यादा असर दिख रहा है।

अब तक अजित पवार एकजुट एनसीपी से विधायक चुने जाते रहे हैं। इस बार वह अपनी अलग पार्टी से कैंडिडेट हैं और चाचा शरद पवार ने भी उनके खिलाफ भतीजा कार्ड ही चल दिया है। एनसीपी-एसपी ने बारामती से अजित पवार के मुकाबले युगेंद्र पवार को उतार दिया है। युगेंद्र पवार रिश्ते में शरद पवार के पोते लगे और वह अजित पवार के बड़े भाई श्रीनिवास के बेटे हैं। इस तरह जैसे अजित पवार ने चाचा शरद पवार से अलग रुख अपनाया था। उसी तरह शरद पवार ने अजित के ही भतीजे को मुकाबले में खड़ा कर दिया है। अब सवाल यही है कि क्या भतीजों की जंग में नतीजा बदलेगा।

इस बीच अजित पवार ने अपने बेटे पार्थ को ही चुनाव प्रचार में उतार दिया है। पार्थ ने बारामती में प्रचार पर निकलने के दौरान कहा है कि यहां 30 सालों से विकास हो रहा है और यह सारे काम अजित दादा ने ही किए हैं। 90 के दशक के बाद से ही बारामती के लोग लगातार देख रहे हैं कि कैसे विकास तेजी से हो रहे हैं। इस दौरान जब उनसे लोकसभा चुनाव की जंग को लेकर कहा कि तो उन्होंने कहा कि तब इमोशनल इशू बन गया था। इस बार ऐसा नहीं हो पाएगा। अब लोग व्यवहारिक तरीके से सोच रहे हैं।

दरअसल लोकसभा चुनाव में भी बारामती में तीखी जंग हुई थी। यहां अजित पवार ने पत्नी सुनेत्र को उतार दिया था, जबकि शरद पवार खेमे से उनकी बेटी सुप्रिया सुले उतरी थीं। अंत में नतीजा आया तो सुनेत्र को हार झेलनी पड़ी। इसके बाद अजित पवार ने यह भी कहा था कि लोग परिवार से अलग होने वालों को साथ नहीं देते हैं। उन्होंने कहा था कि बहन के मुकाबले चुनाव में पत्नी उतारना गलती थी। इस पर शरद पवार खेमे ने तंज कसते हुए कहा था कि अजित पवार को यह बात हार के बाद ही समझ आई है।

कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के चलते मानस सिन्हा नाराज चल रहे थे

कांग्रेस को झारखंड में बड़ा झटका, कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा भाजपा में हुए शामिल

रांची, एजेंसी।
झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा ने पार्टी से इस्तीफा देकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। मानस पिछले 27 सालों से कांग्रेस में थे। दरअसल, कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के चलते मानस सिन्हा नाराज चल रहे थे। उन्हें झारखंड भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र रे ने पार्टी के राज्य मुख्यालय में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की उपस्थिति में भगवा दल में शामिल किया।

पीएम मोदी को बताया प्रेरणा

भाजपा में शामिल होने के बाद मानस सिन्हा ने कहा कि मैंने कांग्रेस पार्टी के लिए पिछले 27 सालों से अपना खून-पसीना बहाया है। लेकिन अब मुझे विश्वास हो गया है कि कार्यकर्ताओं का वहां कोई सम्मान नहीं है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर आज भाजपा में शामिल हो रहा हूं। मैं बिना किसी शर्त के भाजपा में आया हूं।

इस मौके पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि वह भी 22 सालों तक कांग्रेस के साथ थे, उन्हें पता है कि पार्टी में कैसी स्थिति है। सीएम हिमंता ने मानस सिन्हा के भाजपा में शामिल होने के बाद कहा कि अब हम राज्य में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।

मानस सिन्हा ने लेटर में लिखा कि मैंने अपने जीवन के 27 साल कांग्रेस को दिए। पार्टी ने जो भी काम दिया उसे मैंने पूरी ईमानदारी के साथ किया। मैंने पार्टी को वह काम करके भी दिखाया। लेकिन मेरे द्वारा किए गए कार्यों का पार्टी में कोई महत्व नहीं नजर आया। चौथी बार पार्टी ने मेरा अपमान किया

है। मेरी सहनशक्ति इसे लेकर अब खत्म हो चुकी है। अब तक मैं कांग्रेस पार्टी के बारे में सोचता था लेकिन इस बार मैंने अपने बारे में सोचा। इसलिए मैं पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे रहा हूं।

दरअसल, मानस सिन्हा गढ़वा जिले के भवनाथपुर से टिकट चाहते थे। हालांकि इंडिया गठबंधन के तहत यह सीट झामुमो के हिस्से आई है। इस सीट पर कांग्रेस की मजबूत पकड़ मानी जाती है। यहां से कांग्रेस सात बार चुनाव जीत चुकी है। हालांकि इस सीट का प्रतिनिधित्व तीन बार के विधायक भानु प्रताप शाही कर रहे हैं जो 2019 से भाजपा के साथ हैं। शाही का भवनाथपुर में पूर्व कांग्रेस विधायक अनंत प्रताप देव से सीधा मुकाबला है, जो अब झामुमो के साथ हैं।

कैमरे के सामने ही भिड़ गए शरद पवार की पार्टी के नेता, मैनिफेस्टो को लेकर जमकर हाथापाई

मुंबई , एजेंसी।
महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी पार्टियों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। वहीं पार्टियां अपना-अपना घोषणापत्र भी जारी कर रही हैं। एनसीपी (एसपी) के घोषणा पत्र को लेकर पार्टी के दो बड़े नेता कैमरे के सामने ही भिड़ गए। हालात इतने बिगड़े कि दोनों में हाथापाई होने लगी। तभी वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया। जानकारी के मुताबिक मुंब्रा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने जितेंद्र आव्हाड़ पहुंचे थे। तभी वहां पार्टी के राज्य में अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष यूनुस शेख के साथ बहस हो गई और मामला इतना बढ़ा कि हाथापाई की नौबत आई गई। घोषणापत्र पर चर्चा के दौरान ही दोनों नेता भिड़ गए। जानकारों का कहना है कि आव्हाड को इस विधानसभा में काफी विरोध झेलना पड़ रहा है। वहीं घटना के बाद यूनुस शेख ने कहा कि उनकी नाराजगी पार्टी में अल्पसंख्यक मोर्चे के अध्यक्ष शमीम के खिलाफ है। यूनुस शेख ने कहा, हमारी प्रेस कॉन्फ्रेंस हो चुकी थी और मैंने अपनी बात बोल दी थी। नाराजगी जो थी वह पवार साहब से नहीं थी। हमारे अध्यक्ष शमीम खान से थी। उनसे मेरी नाराजगी रहेगी। चुनाव की वजह से हम शांत हैं, हम काम करेंगे। लेकिन शमीम खान के साथ अब शुरुआत हुई है। शमीम खान ने उलटे सीधे काम किए और हमें दबाने की कोशिश की।हम उनके साथ काम करेंगे लेकिन पवार तुमसे बैर नहीं, शमीम तेरी खैर नहीं। उन्होंने कहा, शमीम खान किसी को आगे बढ़ने नहीं देता है। उनका कहना है कि मेरे अंडर में आओ फिर पवार साहब के ब पास जाओ।

वनडे और टी20 टीम के कोच पद से दिया इस्तीफा

गैरी क्रर्स्टन ने छोड़ा पाकिस्तान का साथ

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सफेद गेंद के मुख्य कोच गैरी क्रर्स्टन ने अपने पद से इस्तीफे की घोषणा की है। पाकिस्तान के व्हाइट बॉल कोच के तौर पर उनका करार 2 साल का था, जो मात्र 6 महीने में ही खत्म हो गया। बताया जा रहा है कि इस्तीफे की वजह बोर्ड के साथ उनकी अनबन है। रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर गैरी क्रर्स्टन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए टीम के चयन और टीम की घोषणा को लेकर असहमत थे। यह मतभेद तब और बढ़ गया जब कथित तौर पर पीसीबी ने गैरी कर्स्टन के टीम के बारे में सुझावों पर ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण उन्होंने मुख्य कोच पद से हटने का फैसला किया। सूत्रों ने बताया, पीसीबी ने यही तरीका तब अपनाया था जब उसकी नई चयन समिति ने टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी और कप्तान शान मसूद को टीम चयन में शामिल होने से मना कर दिया था। चयन समिति का रवैया जेसन गिलेस्पी को अच्छा नहीं लगा था। दूसरी ओर गैरी कर्स्टन ने एक अलग रास्ता अपनाया है और अपने इस्तीफे की घोषणा की है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को अप्रैल 2024 में दो साल के अनुबंध पर पाकिस्तान का व्हाइट-बॉल कोच नियुक्त किया गया था। हालांकि, टी20 विश्व कप अभियान में पाकिस्तान टीम के खराब प्रदर्शन ने उनकी नियुक्ति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। सूत्रों का कहना है कि कर्स्टन की जगह कुछ समय के लिए पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अकीब जावेद को कोच बनाया जा सकता है। गैरी कर्स्टन ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम के साथ नहीं होंगे और उम्मीद है कि वे कई फ्रेंचाइजी के साथ दुनिया भर में अपनी कोचिंग ड्यूटी पर लौट आएंगे।



पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नए वनडे और टी20 कोच बने जेसन गिलेस्पी

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए जेसन गिलेस्पी को मुख्य कोच नियुक्त किया है। गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसे बोर्ड ने सोमवार को आधिकारिक रूप से स्वीकार कर लिया और आगामी दौरे के लिए सीमित ओवरों की देखरेख जेसन गिलेस्पी कौ सौंपी। पीसीबी ने एक्स पर पोस्ट किया, गैरी कर्स्टन ने अपना इस्तीफा दे दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पाकिस्तान क्रिकेट टीम को कोचिंग देंगे। कर्स्टन ने केवल छह महीने के कार्यकाल के बाद ही इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कर्स्टन और पीसीबी के बीच मतभेद थे।

ये मतभेद खासकर टीम चयन और ऑस्ट्रेलिया-जिंबाब्वे के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए टीम का चयन करने को लेकर थे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी वर्तमान में पाकिस्तान की रेड-बॉल टीम के मुख्य कोच के रूप में काम कर रहे हैं। वह अब वनडे और टी20 टीमों का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। मेलबर्न में 4 नवंबर से शुरू होने वाले आगामी दौरे में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच उनका पहला असाइनमैंट होगा। आईपीएल में गुजरात टाइटंस के साथ अपने सफल प्रदर्शन के बाद अप्रैल 2024 में पाकिस्तान के मुख्य कोच के रूप में कर्स्टन का कार्यकाल शुरू हुआ था।

सार समाचार

भारतीय तेज गेंदबाज शमी ने क्रिकेट फैंस और बीसीसीआई से मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने प्रशंसकों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से माफी मांगी है क्योंकि बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उनकी वापसी में जल्दबाजी नहीं करने का फैसला किया है क्योंकि वह अभी तक मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाए हैं।

शमी ने सर्जरी करवाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना 'रिहैबिलिटेशन पूरा किया। लेकिन उनके घुटनों में सूजन के कारण उनकी वापसी की योजना में रूकावट आई। हालांकि शमी ने हाल में घोषणा की थी कि उन्हें कोई दर्द नहीं है। शमी ने इंस्टाग्राम पर अपनी ट्रेनिंग का एक वीडियो पोस्ट किया और कहा कि वह जल्द ही वापसी करेंगे।

इस 34 वर्षीय गेंदबाज ने कहा, 'मैं प्रयास कर रहा हूं और दिन-प्रतिदिन अपनी गेंदबाजी फिटनेस में सुधार कर रहा हूं। मैच के लिए तैयार होने और घरेलू लाल गेंद क्रिकेट खेलने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा। सभी क्रिकेट प्रशंसकों और बीसीसीआई से भी माफी मांगता हूं। लेकिन बहुत जल्द मैं लाल गेंद क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हूं, आप सभी को प्यार।

शमी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने को तैयार है। उम्मीद है कि वह नवंबर के पहले सप्ताह में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल के अगले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलेंगे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए नहीं चुना गया।

पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की कमान संभालेगा नया कप्तान

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम में अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में नया कप्तान होगा, क्योंकि कई मुख्य खिलाड़ी भारत के साथ होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी में जुटे हैं। सीरीज के शेड्यूल में टकराव के कारण ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट ने टी20 टीम के लिए नए नेतृत्व का चुनाव किया है। मिशेल मार्श की गैरमौजूदगी में जोश इंग्लिस, एडम जम्पा, या मैट शॉर्ट में से किसी को कप्तान बनाया जा सकता है।



इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट खिलाड़ियों, जैसे कि मार्श, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और ट्रेविस हेड के न होने से टीम के नए खिलाड़ियों के पास नेतृत्व संभालने का मौका है।

ब्रिस्बेन, सिडनी और होबार्ट में होने वाले मैचों के लिए चुनी गई 13 खिलाड़ियों की टीम में कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो पहली बार ऑस्ट्रेलिया टीम का नेतृत्व करने की कोशिश करेंगे। हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड को अस्थाई कप्तान की नियुक्ति को मंजूरी देनी होगी। टीम के कोच आंद्रे बोरोवेक होंगे, जिन्होंने पिछले साल भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में भी इसी तरह की टीम का नेतृत्व किया था। मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और उनके सहायक कोच माइकल डी वेनुटो और डैन वेटोरी पाकिस्तान के खिलाफ वनडे और फिर टेस्ट मैचों पर ध्यान देंगे। चयन प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, यह खासतौर पर उत्साहजनक है कि जेवियर, स्पेंसर और नाथन राष्ट्रीय टीम में लौटे हैं। टी20 सीरीज में तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट, स्पेंसर जॉनसन और नाथन एलिस भी शामिल होंगे, जो चोट के कारण यूके दौरे में नहीं खेल पाए थे।

अरमान भाटिया और हर्ष मेहता ने पुरुष युगल खिताब जीता, रोमैन-मिचेल को 2-0 से दी मात

नई दिल्ली, एजेंसी। आरके खन्ना टेनिस स्टेडियम में आयोजित पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स के प्रो(ओपन) पुरुष युगल के फाइनल मुकाबले में भारत की अरमान भाटिया और हर्ष मेहता की जोड़ी ने अमेरिका के रोमैन स्ट्रेजा और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल हरग्रेव्स की जोड़ी को 11-3, 11-2 के अंतर से सीधे गेम में 2-0 के अंतर से मात देकर खिताब अपने नाम कर लिया। भारत के अरमान भाटिया तीन वर्ग के फाइनल में पहुंचे थे और वो तीनों में खिताबी जीत हासिल करने में सफल रहे। अरमान भाटिया इंडिया मास्टर्स 2024 के असली स्टार बनकर उभरे। उन्होंने पुरुष एकल और मिक्स्ड डबल्स खिताब भी अपने नाम किए।

भारतीय जोड़ी ने 11-3 से जीता पहले गेम

भारत के अरमान भाटिया और हर्ष मेहता की जोड़ी ने पुरुषों के युगल मुकाबले में अमेरिका के रोमैन स्ट्रेजा और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल हरग्रेव्स की जोड़ी के खिलाफ पहले गेम में शानदार शुरुआत की। दोनों ने पहले गेम में जल्दी ही 5-2 की बढ़त बना ली। धीरे-धीरे ये बढ़त 10-2 की हो गई और अंत में थोड़ी मशक्कत के बाद 11-3 से पहला गेम अपने नाम करके मैच में 1-0 की बढ़त बना ली।

दूसरे गेम में 11-2 से जीती बाजी

दूसरे गेम में भी अरमान हर्ष की जोड़ी ने शानदार शुरुआत की और 3-0 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने जल्दी ही स्कोर को 6-1 तक पहुंचा दिया। कुछ देर यही स्कोर बना रहा। लेकिन इसके बाद दोनों टीमों ने 1-1 अंक हासिल किए और स्कोर 7-2 हो गया। इसके बाद जल्दी ही भारतीय जोड़ी ने 11-2 से गेम और खिताब दोनों अपने नाम कर लिया।

इमर्जिंग एशिया कप

अफगानिस्तान टीम ने पहला टूर्नामेंट जीता

- इमर्जिंग एशिया कप में श्रीलंका को हराया, किसी भी फॉर्मेट या ऐज ग्रुप में पहला खिताब

नईदिल्ली, एजेंसी। अफगानिस्तान-ए ने पहली बार इमर्जिंग एशिया कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने रविवार को अल अमीरात स्टेडियम में खेले गए फाइनल में श्रीलंका-ए को 7 विकेट से हराया। अफगानिस्तान क्रिकेट की यह ऐतिहासिक जीत है। टीम का क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट या ऐज ग्रुप टूर्नामेंट में यह पहला खिताब है। अफगानिस्तान-ए की टीम ने साल 2017 और 2019 में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। इस बार वह पहली बार फाइनल में पहुंचे और खिताब भी जीत लिया।

मैच में श्रीलंका के कप्तान नुवानिदु फर्नांडो ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले खेलते हुए श्रीलंका ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 133 रन बनाए और अफगानिस्तान की टीम को जीत के लिए 134 रन का टारगेट दिया। जवाब में अफगानिस्तान ने 18.1 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। अफगानिस्तान के लिए सेदिकुल्लाह अटल ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने इस टूर्नामेंट के सभी 5 मैचों में अर्धशतक लगाए।

काबुल के एक चौराहे में देर रात तक सेलिब्रेशन चलता रहा। सेदिकुल्लाह की नॉटआउट हाफ सेंचुरी अफगानिस्तान के लिए सेदिकुल्लाह अटल नाबाद 55 रन बनाए। करीम जनत ने 33 रन की पारी खेली। मोहम्मद इशाक ने नाबाद 16 रन बनाए। सहान अराचिगे, दुशान हेमंथा और ईशान मलिंगा को 1-1 विकेट मिला।

सहान ने नाबाद 64 रन बनाए श्रीलंका-ए की शुरुआत काफी खराब रही और इस टीम के 4 विकेट सिर्फ 15 रन के स्कोर पर गिर गए। यहां से सहान अराचिगे ने टीम के लिए अहम पारी खेली। उन्होंने अर्धशतक लगाया। वे 47 बॉल पर 64 रन बनाए। पवन रत्नायके ने 20 रन का योगदान दिया। निमेश विमुक्ति ने भी 23 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान-ए के लिए बिलाल सामी ने 3 जबकि अल्लाह गजनफर ने 2 सफलता हासिल की।

अजिंक्य रहाणे का क्रिकेट करियर खत्म करने के लिए कौन है जिम्मेदार

टर्बनेटर भज्जी ने कही दिल की बात

नईदिल्ली, एजेंसी। न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले 2 मैचों में भारतीय टीम को हार मिली और टीम ने सीरीज भी गंवा दी। इस टेस्ट सीरीज में भारतीय बल्लेबाजी की कमजोरी सामने आई। बेंगलुरु में तेज गेंदबाजों वाली पिच पर टीम महज 46 रन पर ढेर हो गई और पुणे की टर्नर पिच पर भारतीय बल्लेबाजों के पास मिचेल सैंटनर का कोई जवाब नहीं था। भारतीय टीम घर में पिछले 12 साल से अजेय थी, लेकिन ये सिलसिला भी टूट गया।

भारत ने इन 12 साल में जो जीत मिली थी वो स्पिनर्स के दम पर ही मिली, लेकिन कीवी टीम के खिलाफ हमारे बल्लेबाज भी स्पिनर के खिलाफ संघर्ष करते दिखे। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में खराब प्रदर्शन के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने खराब टर्न तैयार करने के लिए मैनेजमेंट पर निशाना साधा और कहा कि भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसे विकेटों पर खेलकर अपना आत्मविश्वास खो दिया है। हरभजन ने अजिंक्य रहाणे का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत की पिचों के कारण उनका करियर प्रभावित हुआ। टर्बनेटर भज्जी ने पीटीआई से बात करते हुए कहा कि अगर आप पिछले दशक के ट्रेंड को देखें को हम पिछले एक दशक से ज्यादातर टर्निंग पिचों पर खेल रहे हैं।

पेरिस ओलंपिक में निराशा के बाद आसान नहीं होगी टॉप में एंट्री, सरकार करेगी खिलाड़ियों की छटनी

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय खिलाड़ियों को पेरिस ओलंपिक में वह सफलता हासिल नहीं हुई जिसकी उनसे उम्मीद की गई थी। कई दावेदार मेडल हासिल नहीं कर सके। इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सरकार ने अपनी स्कीम में भी बदलाव का फैसला किया है। खिलाड़ियों की हर डिमांड को नहीं माना जाएगा। इसके लिए बनाए गए नियम सख्त किए जाएंगे। भारतीय सरकार की (टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम) के तहत खिलाड़ियों को आर्थिक तौर पर पूरा सहयोग मिलता है।

रिपोर्ट के मुताबिक पेरिस ओलंपिक के बाद अब खिलाड़ियों के लिए इस लिस्ट का हिस्सा बनना आसान नहीं होगा। इस स्कीम में शामिल होने के लिए तय किए गए मानकों का स्तर बढ़ाया जाएगा। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बैठक में इस बारे में चर्चा की गई और फैसला लिया गया कि अब स्कीम में शामिल खिलाड़ियों की संख्या कम की जाएगी। टोक्यो ओलंपिक और पेरिस ओलंपिक के बीच टॉप्स के तहत 72 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह पैसा ट्रेनिंग प्लान, जूते, सनग्लास, स्पीड कैमरा, कपड़े, खाना और फूड सप्लीमेंट पर खर्च किया गया था। भारतीय खिलाड़ी पेरिस से सिर्फ छह मेडल लेकर लौटे जिसमें एक सिल्वर और पांच ब्रॉन्ज शामिल थे जबकि उम्मीद की जा रही थी कि इस बार संख्या दहाई का आंकड़ा छू लेगी।

आधी हो जाएगी खिलाड़ियों की संख्या

इस समय 300 ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें इस स्कीम के कारण मदद मिलती है। एमओसी अब इस संख्या को आधा करने वाला है।

फंडिंग की कमी को लेकर बात नहीं हुई। खिलाड़ियों को अब इस स्कीम में सिर्फ तब हिस्सा बनाया जाएगा जब वह मेडल के लिए चैलेंज दे पाएंगे। हालांकि कमेटी में शामिल कई पूर्व खिलाड़ी इससे सहमत नहीं है। उनका मानना है कि ऐसा होने पर कई खिलाड़ी बाहर हो जाएंगे। 2028 ओलंपिक साइकिल के लिए जिन खिलाड़ियों को स्कीम में शामिल किया जाएगा उनकी मेडल के लिए जवाबदेही भी होगी। इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक कई खिलाड़ियों ने अब तक अपने पुराने बिल नहीं दिए हैं जिसके कारण अब तक 10 करोड़ रुपए सेटल नहीं हो पाए हैं।

रिटायर हो चुके खिलाड़ियों ने भी अपनी एक्सपेंस शीट नहीं दी है। सूत्र ने कहा, 'कई एथलीट्स ने रिटायर होने के बाद भी एक्सपेंस शीट नहीं दी है। हमें उनकी नियत पर शक नहीं है लेकिन जो पैसा दिया गया है उसे लेकर अकाउंट सेटल होना भी जरूरी है।'

एशियन गेम्स के लिए अलग स्कीम

कुछ समय पहले यह चर्चा भी की गई थी कि एशियन गेम्स के लिए अलग से पोडियम स्कीम तैयार की जाए। इसमें वह खिलाड़ी होंगे जो कि एशियन गेम्स में तो मेडल के दावेदार होंगे लेकिन ओलंपिक के लिए दावेदार नहीं है। पेरिस ओलंपिक के बाद अब एक बार फिर से इस स्कीम पर चर्चा शुरू हो गई है।

अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप:

चिराग चिकारा ने जीता स्वर्ण, भारतीय पहलवानों ने नौ पदक के साथ समाप्त किया अभियान

नई दिल्ली, एजेंसी। चिराग पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं और उन्होंने किर्गिस्तान के अब्दिमलिक काराचोव को करीबी फाइनल मुकाबले में 4-3 के अंतर से हराया। चिराग पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के बाद दूसरे भारतीय पुरुष पहलवान हैं जिन्होंने अंडर-23 चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।

पहलवान चिराग चिकारा ने अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। चिराग तीसरे भारतीय जो इस टूर्नामेंट के चैंपियन बनकर उभरे हैं। भारत ने इस तरह कुल नौ पदकों के साथ इस आयु वर्ग के टूर्नामेंट में अपना अभियान समाप्त किया।

चिराग पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं और उन्होंने किर्गिस्तान के अब्दिमलिक काराचोव को करीबी फाइनल मुकाबले में 4-3 के अंतर से हराया। चिराग पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के बाद दूसरे भारतीय पुरुष पहलवान हैं जिन्होंने अंडर-23 चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।

सहरावत ने 2022 में इस प्रतियोगिता के इसी वजन वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि रीतिका हुडा पिछले साल 76 किग्रा वर्ग में जीत दर्ज करके टूर्नामेंट में

स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। रवि कुमार दहिया ने 2018 में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। चिराग ने फाइनल में पहुंचने से पहले प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में गौकोटो ओजावा को 6-1 से, अंतिम आठ चरण में इयुनुस इवबातीरोव को 12-2 से और सेमीफाइनल में एलन ओरलबेक को 8-0 से हराया। पुरुषों की फ्रीस्टाइल श्रेणी में भारत के पदकों में दो कांस्य पदक भी शामिल हैं। इससे वह 82 अंक लेकर टीम तालिका में ईरान (158), जापान (102) और अजरबैजान (100) से पीछे चौथे स्थान पर है। भारत ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल में दो और कांस्य पदक जीते, जिससे इस वर्ग में देश के पदकों की संख्या चार हो गई।

विक्की ने पुरुषों की 97 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता और यूक्रेन के यूरोपीय जूनियर चैंपियन इवान प्राइमाचेंको को 7-2 से हराकर कांस्य पदक जीता। विक्की ने पहले दौर में जॉर्जिया के मेरब सुलेमानिश्विली को और क्वार्टरफाइनल में मोल्दोवा के राडू लेफ्टर को हराया था लेकिन सेमीफाइनल में वह ईरान के महदी हाजीलोइयन मोराफा से हार गए थे। पुरुषों की 70 किग्रा फ्रीस्टाइल में सुजीत कलकल ने 0-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ताजिकिस्तान के मुस्तफो अखमेदोव को 13-4 से हराकर कांस्य पदक जीता। सुजीत ने पहले दौर में जॉर्जी एंटोनोव ज़िज़गोव को 10-0 से, प्री-क्वार्टर में तुग्सजर्गल एर्डेनेबैट को 7-4 से और क्वार्टर फाइनल में नारेक पोहोसियन को 6-1 से हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में वह मैगोमेद बसिहर खानिएव से 4-8 से हार गए थे।

न्यूज बाइट्स

केवाईपी में नशा मुक्ति पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में कौशल विकास केंद्र हसपुरा ब्लॉक कैम्पस में नशा मुक्ति पर क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन हसपुरा प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी, कौशल शर्मा, अमृता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शम्भू शरण सत्यार्थी ने किया। इस अवसर पर नशामुक्ति पर हाथो से पोस्टर बनाया गया। जिसमें प्रथम निशु कुमारी, द्वितीय अनु कुमारी, तृतीय शबीना प्रवीण को पुरस्कृत किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने कहा कि नशा का प्रचलन आज युवाओं में बढ़ते जा रहा है, इसे रोकने के लिए समाज के लोगों को आगे आना चाहिए।

हार्ट अटैक से माली थाना के दारोगा की मौत

औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। औरंगाबाद के माली थाना में पदस्थापित एक एसआई की सोमवार को मौत हो गई। मौत का कारण हृदयाघात माना जा रहा है। मृतक एसआई की पहचान सीवान जिले के धरौंढ़ा थाना क्षेत्र के मछोती गांव निवासी विनोद यादव के रूप में की गई है। माली थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सुबह 7.30 बजे वे थाना में टहल रहे थे। बाद में जानकारी मिली कि उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई। उन्हें इलाज के लिए जवानों के साथ औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी के साथ साथ दो बेटे और दो बेटियों को छोड़ गए है। उन्होंने दोनों बेटियों की शादी कर रखी थी जबकि दोनों बेटे अभी पढ़ाई कर रहे हैं।

पुलिस ने चुनाव को लेकर की बड़ी कार्रवाई

पुलिस ने देशी थारनेट और कट्टा के साथ युवक को किया गिरफ्तार

निज संवाददात | हसपुरा (औरंगाबाद)

सोमवार को उपहारा थाना की पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए हमीदनगर के बनरा टोला से एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस युवक के पास से एक देसी थ्रनेट, एक कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। गिरफ्तार युवक की पहचान 26 वर्षीय राम दयाल पासी के रूप में हुई है, जो स्थानीय बनरा टोले का निवासी है।

इस गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए दाउदनगर के एसडीपीओ कुमार ऋषि राज ने बताया कि उन्हें उपहारा थानाध्यक्ष के माध्यम से गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि राम दयाल अपने घर में अवैध हथियार छिपाए हुए है। इस सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने अपने दल-बल के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। छापेमारी के दौरान युवक के घर से बरामद किए गए हथियारों ने पुलिस को चौंका दिया और यह साबित कर दिया कि क्षेत्र में अवैध हथियारों की मौजूदगी एक गंभीर समस्या है।

एसडीपीओ ने आगे बताया कि यह कार्रवाई खासतौर पर आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव, बिहार विधानसभा उप चुनाव और पैक्स चुनाव को ध्यान में रखते हुए की गई है। इन चुनावों में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अवैध हथियारों के खिलाफ यह अभियान बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की छापेमारी की कार्रवाई जिले में लगातार जारी रहेगी ताकि अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण पाया जा सके।

कुमार ऋषि राज ने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस के साथ साझा करें। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग क्षेत्र की सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता मानता है और किसी भी प्रकार के आपराधिक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस घटना ने स्थानीय समुदाय में एक बार फिर से अवैध हथियारों के खतरों और उनके संभावित दुष्प्रभावों पर चर्चा शुरू कर दी है। पुलिस की इस सक्रियता से स्थानीय लोग सुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

चाची के हत्यारे को उम्रकैद

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सोमवार को व्यवहार न्यायालय में एडीजे-3 सुनील कुमार सिंह ने एक महत्वपूर्ण मामले में निर्णय सुनाते हुए देव थाना कांड संख्या -87/22, एस टी आर -90/24 के एकमात्र आरोपी गया कुमार नरची देव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सरकारी वकील एपीपी इंद्रदेव यादव ने बताया कि अभियुक्त को 25 अक्टूबर 2024 को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी ठहराया गया था। सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान, न्यायाधीश ने अभियुक्त के खिलाफ भादंवि धारा 302 के तहत आजीवन कारावास, 25,000 रुपए का जुर्माना और यदि जुर्माना न देने की स्थिति में एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भी तय किया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि इस मामले की प्राथमिकी 12 अप्रैल 2022 को विजेंद्र कुमार नरची देव ने दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया था कि जमीनी बंटवारे के विवाद के चलते अभियुक्त ने लोहे की रॉड से अपनी चाची, सोनवॉ देवी पर हमला किया। इस हमले में सोनवॉ देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं, जिनका इलाज के दौरान निधन हो गया। अभियुक्त गया कुमार को घटना के समय परिवार के अन्य सदस्यों ने भी देखा था और तब से वह न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले ने स्थानीय समुदाय में हलचल मचा दी है, और न्यायालय के निर्णय को उचित ठहराया जा रहा है। न्यायालय द्वारा इस सजा से न केवल पीड़ित परिवार को न्याय मिला है, बल्कि यह भी साबित होता है कि समाज में ऐसे अपराधों के प्रति सख्त संदेश दिया जा रहा है।

अम्बा थाना प्रभारी को शोकोज

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सोमवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के एडीजे तीन सुनील कुमार सिंह ने अम्बा थाना कांड संख्या -08/14, एस टी आर -103/24 में सुनवाई करते हुए थाना प्रभारी अम्बा को शोकोज किया है और कहा कि विगत तिथि को मूल आरोप पत्र, मूल केस डायरी का कार्बन कॉपी की मांग की गई थी मगर आज तक न्यायालय में उपस्थित नहीं किया जा सका है जो न्यायालय आदेश का अवमानना है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि यह वाद भादंवि धारा 302 से सम्बंधित है , मूल आरोप पत्र और केस डायरी के कार्बन कॉपी आने के उपरांत गवाही सम्भव है थानाध्यक्ष अम्बा को यह आदेश दिया गया है कि 11/11/24 को संदेह न्यायालय में उपस्थित होकर आदेश के अनुपालन न होने के स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

जिले में सुरक्षा के लिए बैंकों की चेकिंग अभियान जारी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सुरक्षा की दृष्टिकोण से जिला प्रशासन ने औरंगाबाद जिले में एक व्यापक बैंक चेकिंग अभियान शुरू किया है। यह अभियान जिले भर में चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और संभावित खतरों का पूर्वानुमान लगाना है। इस अभियान के तहत प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न बैंकों का दौरा किया। उन्होंने बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता की जाँच की, यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी कैमरे सही तरीके से कार्य कर रहे हैं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिकॉर्डिंग कर रहे हैं। इसके अलावा, बैंक लॉकरों की भी सावधानीपूर्वक जाँच की गई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी लॉकर सुरक्षित हैं और कोई भी अनधिकृत पहुंच नहीं हो रही है। अभियान के दौरान बैंकों के प्रबंधन के साथ सामंजस्य स्थापित किया गया, जिससे सुरक्षा के मुद्दों पर खुलकर चर्चा की जा सके। अधिकारियों ने बैंकों को सुरक्षा उपायों में सुधार करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और उन्हें जानकारी दी कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की आवश्यकता है। इस चेकिंग अभियान को स्थानीय निवासियों ने सराहा है, क्योंकि इससे उन्हें अपने धन की सुरक्षा के प्रति एक बेहतर आश्वासन मिलता है। जिला प्रशासन का यह प्रयास न केवल बैंकिंग क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने का है, बल्कि यह समाज में विश्वास बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान का उद्देश्य आगामी त्यौहारी मौसम में बैंकिंग गतिविधियों को सुचारु बनाना और सुरक्षा सुनिश्चित करना है, ताकि नागरिक बिना किसी चिंता के अपने वित्तीय लेनदेन कर सकें। जिला प्रशासन का यह ठोस कदम एक सुरक्षित और सुरक्षित बैंकिंग वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

जिला जज ने किया बाल सुधार केंद्र का निरीक्षण

औरंगाबाद (एसवीवी सं.)। औरंगाबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार ने सोमवार को बभंडीह स्थित बाल सुधार केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम भी मौजूद रहें। जिला जज ने वृहत निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा, स्वच्छता, रसोई कक्ष एवं बच्चों को उपलब्ध कराये जाने वाले आहार का भी निरीक्षण किया। साथ ही वहां रह रहे बच्चों से भी बातचीत की। वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में उनके अनुभवों की जानकारी ली। उन्हें हो रहे कठिनाईयों के बारे में बच्चों से पूछताछ की। निरीक्षण में पाई गई खामियों को ठीक करने के लिए जिला जज ने प्रशासन को निर्देश दिया। कहा कि बच्चे जिस उद्देश्य से बाल सुधार केंद्र में रखे गए है, उसका उद्देश्य सफल होना चाहिए।

एसपी ने सुनाईं समस्याएं, त्वरित समाधान का दिया आश्वासन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-1) द्वारा औरंगाबाद पुलिस कार्यालय में एक सफल जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को सुनना और उन्हें प्रभावी ढंग से हल करना था। जनता दरबार में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया। पुलिस उपाधीक्षक ने सभी आवेदकों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके मुद्दों को गंभीरता से लिया। इस अवसर पर, उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक आवेदक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उक्त आवेदकों के आवेदन की समीक्षा करते हुए, पुलिस उपाधीक्षक ने संबंधित थानों को त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी था कि पुलिस विभाग और नागरिकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित किया जा सके।

धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
विश्वास और भरोसे का प्रतीक
गया ज्वेलर्स
पुरानी जी.टी. रोड, औरंगाबाद
नियर एस.बी.आई. एटीएम
औरंगाबाद जिले के समस्त आम आवाम को धनतेरस, दीपावली और महापर्व छठ की बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं


आपके विश्वास पर हम हमेशा खरे उतरे है और उतरेंगे. आप सभी अपना आशीर्वाद बनाये रखें
91.6 एवं 750 हॉलमार्क सोने चांदी एवं हीरे के फैन्सी जेवरों के विक्रेता
प्रो. - पंकज कुमार वर्मा

धनतेरस एवं दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
जैन ऑर्नामेंट्स
BIS - 916
गोपाली चौक, आरा-802301 (बिहार)

डायमंड, हॉलमार्क गोल्ड एवं चांदी के आभूषणों के विक्रेता
प्रो. निखिल कुमार जैन

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
OM Hero
AUTHORISED REPRESENTATIVE OF DEALER
LARA HERO
जी.टी. रोड, मदनपुर (औरंगाबाद)

प्रो. विवेक कुमार (बाबु)

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
श्री शुरा ऑटोमोबाइल्स
एन.एच.-2, पिपरडीह मोड़ (औरंगाबाद)

प्रो. बबलु कुमार सिंह
अधिकृत विक्रेता : पावर ट्रैक ट्रैक्टर्स
मो. 9153986691, 9661455566

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
सुनन्दा नर्सिंग होम एण्ड यूरोलॉजी सेंटर
चन्देल मार्केट (बैंक ऑफ बड़ौदा), एम.जी. रोड, औरंगाबाद (बिहार)
डा. आशुतोष कु. पाठक
MBBS, M.S. (जेनरल सर्जरी) PMCH, Patna, Mch (यूरोलॉजी) IGIMS Consultant Urologist Kidney Transplant Surgeon किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन एवं मूत्र रोड विशेषज्ञ, लैप्रोस्कोपिक सर्जन, Reg. No. 41089
डा. रूचि कु. पाठक
MBBS (Hons), M.S. (स्त्री रोग, बांझपन, प्रसूति रोग विशेषज्ञ) सफदरगंज अस्पताल, नई दिल्ली, पूर्व सीनियर रेजिडेन्ट AIIMS, नई दिल्ली (लैप्रोस्कोपिक एडवांस) Reg. No. 41086

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
रामनाथ प्रसाद ज्वेलर्स
ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद
916 एवं 750 हॉलमार्क फैन्सी ज्वेरों के निर्माता एवं विक्रेता
प्रो. संजीव कुमार

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
सिंघानिया ज्वेलर्स
डालटेनगंज रोड, बस स्टैण्ड रामाबांध, औरंगाबाद

हमारे यहां ग्रह रत्न भी मिलता है।
हमारे यहां सोने चांदी के हॉल मार्क आभूषण 750 एवं 91.6 उचित मूल्य पर उपलब्ध है।
प्रो. दिलीप सिंह
मो. 6201455003
9007490092

धनतेरस एवं दीपावली के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
मोती साव शिव पूजन प्रसाद ज्वेलर्स
ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद (बिहार)
सोने-चांदी के फैन्सी आभूषण एवं ग्रह रत्न के विक्रेता
मंगल मणि ज्वेलर्स
मोती साव शिव पूजन प्रसाद ज्वेलर्स के बगल में ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद
केवल हॉलमार्क सोने हीरे के आभूषणों के विक्रेता
रूप अलंकार ज्वेलर्स
सदर अस्पताल के सामने, औरंगाबाद
सोने-चांदी के फैन्सी आभूषण एवं ग्रह रत्न के विक्रेता

धनतेरस एवं दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
गणपति ज्वेलर्स
V-Mart के सामने, बाल बिहार गली, न्यू एरिया, औरंगाबाद
ग्राहक की संतुष्टि ही हमारा पहला उद्देश्य

हॉलमार्क ज्वेलरी निर्माता एवं विक्रेता
प्रो. राकेश कुमार
8083824210
मो. 9304570428

बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, बिहार, पटना
आवश्यक सूचना
टूल किट योजना
नियोजनालयों में निबंधित युवाओं को स्वरोजगार हेतु निदेशालय नियोजन के अंतर्गत नियोजनालयों द्वारा नि:शुल्क टूल किट उपलब्ध कराया जाता है।
योग्यता:
1. कम से कम छह माह पूर्व का नियोजनालय में निबंधन।
2. स्वरोजगार हेतु संबंधित ट्रेड यथा Electrician/Fitter/Mobile repair/Plumber/Beautician/ Home appliances repair/Sewing Machine Operator इत्यादि में मान्यता प्राप्त संस्थान से कम से कम 3 माह का प्रशिक्षण प्राप्त।
3. बिहार राज्य के मूल निवासी।
4. उम्र सीमा-18-35 वर्ष।
5. वार्षिक पारिवारिक आय अधिकतम ₹ 1,80,000/- से कम हो।
6. लाभुकों के चयन में दिव्यांगजन, Transgender, अनुसूचित जाति/जनजाति, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं महिला वर्ग को प्राथमिकता दी जाएगी।

PR No.- 011369 (LRD)D. 2024-25
अधिक जानकारी हेतु अपने संबंधित नियोजनालय से संपर्क करें।